नई दिल्ली

नई दिल्ली, शुक्रवार 1 नवंबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 23, अंक : 225
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00 *


**मौसम**

अधि. 34.1
न्यून. 16.3


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मैच आज

## चीन ने दिखाई बौखलाहट तो भारत ने किया पलटवार

# कश्मीर और लद्दाख बने पड़ोसी जन्नत में नया राज हुआ शुरू

**जी सी मुर्मू ने जम्मू कश्मीर तथा आर के माथुर ने लद्दाख के उपराज्यपाल पद की ली शपथ**

एजेंसी ⏭ श्रीनगर/लेह

जम्मू-कश्मीर राज्य के विभाजन के तौर बृहस्पतिवार को दो केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख अस्तित्व में आ गये। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर राज्य से जुड़े कई विशेषाधिकार और कानून इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गये। दोनों केन्द्रशासित प्रदेशों में नवनियुक्त उपराज्यपालों ने अपना कार्यभार संभाल लिया। इस बीच चीन ने बेवजह दखल देते हुए जम्मू-कश्मीर राज्य के दो केन्द्रशासित प्रदेशों में विभाजन को अवैध और निरर्थक बताया, इस पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख देश के अभिन्न हिस्से हैं और पुनर्गठन हमारा आंतरिक मामला है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जम्मू-कश्मीर में लगे राष्ट्रपति शासन को समाप्त कर दिया है। राज्य को विभाजित कर गठित किए गए दो नए केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख का नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया। उधर, चीन ने अपनी बौखलाहट जाहिर करते हुए भारत के इस फैसले को अवैध करार दिया है। भारत ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए चीन को आंतरिक मामलों से दूर रहने की नसीहत दी।

दो नए केंद्र शासित प्रदेशों के पहले उपराज्यपाल के तौर पर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराते हुए जी सी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को जम्मू कश्मीर तथा आर के माथुर ने लद्दाख के उपराज्यपाल पद की शपथ ली। देश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में तब्दील कर दिया गया। इस तरह, केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की संख्या बढ़ कर नौ हो गई और राज्यों की संख्या घटकर 28 रह गई है। यह कदम पांच अगस्त को केंद्र सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप उठाया गया है। केंद्र ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द करने और राज्यों को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने की घोषणा की।



### अनुच्छेद 370 को खत्म करने की प्रेरणा पटेल से मिली: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अनुच्छेद 370 ने जम्मू कश्मीर को सिर्फ अलगाववाद और आतंकवाद दिये और देश के एकीकरण का स्वप्न देखने वाले पटेल से ही इस अनुच्छेद को समाप्त करने की प्रेरणा मिली।



### कश्मीर में मोदी ने आतंक के दरवाजे बंद किए: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के मुख्य रास्ते थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों को समाप्त कर उस प्रवेशद्वार को बंद कर दिया है।

### चीन बोला- कश्मीर का विभाजन अवैध भारत ने कहा- हस्तक्षेप मंजूर नहीं



जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म करने को लेकर चीन की हताशा बृहस्पतिवार को खुलकर सामने आ गई। चीन ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले को अवैध करार देते हुए इसे निरर्थक बता दिया। चीन के बयान पर भारत ने कड़ा और तीखा पलटवार करते हुए साफ कहा कि हमें अपने मामलों में कोई भी दखल मंजूर नहीं। गुरुवार को चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का चीन के कुछ इलाके को अपने प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में शामिल करने का निर्णय चीन की संप्रभुता को चुनौती है। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि चीन भारत के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप न करे, उल्टा उसने भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है। रवीश कुमार ने कहा कि चीन के सामने भारत की स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर फैसला लेना भारत का आंतरिक मामला है। चीन ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बड़े हिस्से पर कब्जा कर रखा है। 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते के तहत पीओके के हिस्से को भी नियंत्रण में ले रखा है।

**महाराष्ट्र: सियासी जोड़-तोड़ शुरू**


## शरद पवार से मिले राउत गवर्नर कोश्यारी से शिवसेना प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात

एजेंसी ⏭ मुंबई



महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर जारी राजनीति चरम पर है। अब शिवसेना नेता संजय राउत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) चीफ शरद पवार से मुलाकात की है। हालांकि, संजय राउत ने कहा है कि वह शरद पवार को दीवाली की बधाई देने आए थे। राउत ने यह भी कहा कि उन्होंने शरद पवार से महाराष्ट्र की राजनीति पर चर्चा की। वहीं, शिवसेना ने अभी तक सीएम पद की मांग को लेकर कोई नरमी नहीं दिखाई है। गुरवार को पार्टी के विधायक दल की मीटिंग में एकनाथ शिंदे को नेता चुना गया। इस मीटिंग के बाद आदित्य ठाकरे समेत शिवसेना के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात भी की। हालांकि, इस मुलाकात के बाद आदित्य ठाकरे ने सरकार गठन के बारे में सिर्फ इतना ही कहा कि इसका फैसला उद्धव ठाकरे लेंगे।


### फड़णवीस ने शुरू की निर्दलीय विधायकों को साधने की कवायद



*मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को पार्टी के कई विधायकों और निर्दलीय विधायकों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांतदादा पाटिल, बीवीए के क्षितिज ठाकुर (नालासोपारा) जिनके विधानसभा में 3 विधायक हैं, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी के श्यामसुंदर शिंदे (लोहा), जनसूर्य शक्ति के विनय कोरे, निर्दलीय विधायक रवि राणा (बडनेरा), संजय शिंदे (करमाला), गीता जैन (मीरा भायंदर), महेश बाल्दी (उरण), किशोर जोरगेवार (चंद्रपुर), विनोद अग्रवाल (गोंदिया), राजेंद्र राउत (बरसी), प्रकाश अन्ना अघडे (इचलकरंजी) उपस्थित थे। सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर पानी के मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें बेमौसम बारिश और फसलों की क्षति के बाद राज्य सरकार की ओर से किसानों की सहायता के लिए उठाए गए कदम शामिल हैं।*

**खबर संक्षेप**

### चिदंबरम की सेहत की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन हो: हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक से गुरवार को ही एक मेडिकल बोर्ड का गठन करके पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी चिदंबरम के स्वास्थ्य पर जानकारी देने के लिए कहा है। चिदंबरम आंतों से जुड़ी बीमारी 'क्रोहन' से पीड़ित हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि चिदंबरम के स्वास्थ्य की जानकारी देने वाले मेडिकल बोर्ड में हैदराबाद के गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट नागेश्वर रेड्डी को शामिल किया जाए।

### सिख विरोधी दंगा मामला: एसआईटी ने कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में जस्टिस ढींगरा की अगुवाई वाली एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस दंगे से ही संबंधित 186 मामले सबूतों के अभाव की वजह से बंद कर दिए गए थे, जिसके बाद पीड़ित सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। कोर्ट ने बंद पड़े केस दोबारा खोलने के लिए एसआईटी बनाई थी, जिसकी अगुवाई पूर्व जस्टिस ढींगरा कर रहे हैं। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी है। इस मामले की सुनवाई 19 नवंबर को होगी।

**नजरिया**



**इजराइली स्पाईवेयर के जरिए भारत सहित 20 देशों में चुराया गया डेटा**

# व्हॉट्सएप जासूसी कांड पर मचा बवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सामाजिक कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, वकीलों, पत्रकारों, सीनियर अधिकारियों, नेताओं और राजनयिकों की व्हाट्सऐप के जरिए जासूसी का मामला सामने आने के बाद से बवाल मचा हुआ है। व्हाट्सऐप ने इजरायली सर्विलांस फर्म एनएसओ ग्रुप पर जासूसी करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि एनएसओ ग्रुप ने भारत समेत 20 देशों के करीब 1400 राजनयिकों, नेताओं, पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और सीनियर सरकारी अधिकारियों की जासूसी की। एनएसओ ग्रुप ने जासूसी के लिए पेगासस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया। व्हाट्सऐप ने बताया कि जिन लोगों की जासूसी की गई, उनको अलर्ट किया गया था। हालांकि व्हाट्सऐप ने अभी तक उन लोगों के नामों का खुलासा नहीं किया है, जिनको निशाना बनाया गया है।

### केंद्र सरकार ने 4 नवंबर तक मांगी रिपोर्ट



*भीमा कोरेगांव मामले में गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ताओं के वकील निहाल सिंह राठौड़ ने भी जासूसी को लेकर व्हाट्सऐप द्वारा संपर्क करने और अलर्ट करने की पुष्टि की है। इसके अलावा एडवोकेट सुरेंद्र गडलिंग के मोबाइल फोन की जासूसी की भी बात सामने आ रही है। दावा यह भी किया जा रहा है कि भीमा कोरेगांव मामले में गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ताओं के फोन भी की जासूसी की गई।*

**जासूसी से सरकार को जोड़ना छवि खराब करने की कोशिश: गृह मंत्रालय**

देश के लाखों डेबिट और क्रेडिट कार्ड होल्डर्स का डेटा लीक होने का खुलासा हुआ है। उधर गृह मंत्रालय ने इस मामले में बयान जारी करते हुए कहा है कि जासूसी मामले में सरकार की भूमिका की खबरें गलत और भ्रामक है। गृह मंत्रालय ने कहा कि जासूसी से सरकार को जोड़ना सरकार की छवि ख़राब करने की कोशिश है।

#### पेगासस के जरिए हुई जासूसी



व्हॉट्सएप ने कहा है कि इजराइली स्पाईवेयर 'पेगासस' के जरिये कुछ अज्ञात इकाइयां वैश्विक स्तर पर जासूसी कर रही हैं। व्हॉट्सएप ने कहा है कि वह एनएसओ ग्रुप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। यह इजराइली कंपनी है जो निगरानी करने का काम करती है। व्हॉट्सएप ने कहा कि उसने करीब 1,400 प्रयोगकर्ताओं को विशेष व्हॉट्सएप संदेश के जरिये इसकी जानकारी दी है। कंपनी को लगता है कि ये व्यक्ति इस मालवेयर से प्रभावित हुए हैं।

#### सुरक्षा के लिए चिंतित है सरकार



केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने इजराइली स्पाईवेयर से मदद से पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि भारतीय सरकार व्हाट्सएप के जरिए नागरिकों की निजता के उल्लंघन को लेकर चिंतित है। हमने इसको लेकर व्हाट्सएप से जवाब मांगा है कि वे किस तरह की सुरक्षा देते हैं। भारत सरकार नागरिकों की निजता की रक्षा के लिए समर्पित है।

#### सरकार की जवाबदेही तय करे कोर्ट



कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा और उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया कि वह इस मामले पर तत्काल स्वत: संज्ञान ले एवं सरकार की जवाबदेही तय करे।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह भी दावा किया कि 'अपने ही नागरिकों के साथ अपराधियों की तरह व्यवहार करने वाली यह सरकार' इस देश का नेतृत्व करने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। सुरजेवाला ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि मोदी सरकार जासूसी करते पकड़ी गई है।

### पाकिस्तान: बर्निंग ट्रेन में 74 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गुरुवार सुबह कराची–रावलपिंडी तेजगाम एक्सप्रेस में आग लगने से 74 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 जख्मी हैं। ट्रेन कराची से रावलपिंडी जा रही थी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बोगी में कोई यात्री गैस चूल्हे का उपयोग कर रहा था, तभी सिलेंडर फट गया। कई यात्रियों की हालात गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

## अयोध्या मामला को हम हिंदू-मुस्लिम के नजरिए से नहीं देखते: बोबड़े

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- **अयोध्या भूमि विवाद मामले की सुनवाई करने वाली संविधान पीठ में शामिल है अगले चीफ जस्टिस**

देश के अगले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे ने एक प्राइवेट न्यूज चैनल से कहा कि हम अयोध्या मामले को हिंदू बनाम मुस्लिम के नजरिए से नहीं देखते। अयोध्या मामले को लेकर हम पर किसी प्रकार का दबाव नहीं है। यह मामला 1949 से लटका है। इस मसले को हम आस्था के हिसाब से भी नहीं देख रहे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि इस मामले के फैसले पर सामाजिक प्रभाव के बारे में नहीं सोच रहे, यह हमारी चिंता का विषय नहीं है। बता दें कि जस्टिस बोबडे उन पांच जजों की पीठ का हिस्सा थे जिसने रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले की रोजाना सुनवाई की।

**जनता और निगम की भलाई के लिए की कार्रवाई : आयुक्त**

# उत्तरी निगम: भ्रष्ट अभियंताओं को नौकरी से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने अपने 38 अभियांताओं को गुरूवार को नौकरी से बाहर निकाल दिया। इनमें से 38 अभियंता निगम के भवन विभाग और एक अन्य अधिकारी शिक्षा विभाग से हैं। उत्तरी दिल्ली नगर निगम की आयुक्त वर्षा जोशी के लिखित आदेश के बाद जबरन सेवानिवृत किये गये इन सभी अधिकारियों को कथित तौर पर भ्रष्टाचार में लिप्त बताया जा रहा है। गुरूवार को सिविक सेंटर में हुई स्थायी समिति की बैठक में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने इस मामले पर चर्चा करते हुए कहा कि हम भी चाहते हैं कि निगम में भ्रष्टचार करने वाले अधिकारी बाहर हो और ऐसी कार्रवाई के पक्ष में हैं लेकिन किसी के साथ जल्दबाजी में गलत नहीं होना चाहिए, कार्रवाई निष्पक्ष होनी चाहिए। वहीं, आयुक्त वर्षा जोशी ने कहा कि जनता और निगम की भलाई के लिए कार्रवाई की गई है। इसमें शामिल अधिकारियों पर पहले से ही भ्रष्टाचार में संलिप्त होने के बड़े व छोटे मामले हैं जिसे लेकर हमने कोई जल्दबाजी नहीं की है और सब कुछ नियमानुसार किया है।



बता दे कि यह कार्रवाई उपराज्यपाल अनिल बैजल के लिखित पत्र के बाद हुई है जिसमें उपराज्यपाल ने जुलाई माह में निगम आयुक्त को पत्र लिखा था कि काम नहीं करने वाले और भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों व कर्मियों को नियमानुसार बाहर का रास्ता दिखाएं। बता दें कि समिति बैठक शुरू होने से पहले ही अभियंताओं के समूह ने स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश कार्यायल पहुंचकर उनसे संपर्क किया लेकिन जब वहां से संतोषजनक जबाव नहीं आया तो उन्होंने उत्तरी निगम के महापौर कार्यालय का रूख किया लेकिन वहां महापौर अवतार सिंह नहीं आये थे। कुछ इंतजार के बाद कांग्रेस दल के नेता मुकेश गोयल से संपर्क साधा लेकिन हर जगह चक्कर काटने के बाद सिर्फ आश्वासन ही मिला।

### इन पर हुई कार्रवाई

एक के दीक्षित (एसई, सिविल), राजेश खन्ना (एसई, सिविल),सुबोध डोडराय (एसई, सिविल), के के धीरान (ईई, सिविल), विजेंद्र दहिया (ईई, सिविल), जे डी अख्तर (ईई, सिविल), पन्ना लाल (ईई, सिविल), एस के चौहान (ईई, सिविल), आर के सरोहा (ईई, सिविल), वीर सैन चौहान (एई, सिविल), अरविंद मलिक (एई, सिविल), अंकुर त्यागी (एई, सिविल), कपूर चंद (एई, सिविल), आर के सक्सेना (एई, सिविल), दीपक देतवाल (एई, सिविल), अशोक कुमार (एई, सिविल), जेड ए खान (एई, सिविल), चंदू प्रकाश शर्मा (एई, सिविल), अजय चौधरी (एई, सिविल), विमल भंडारी (एई, सिविल), मुर्तजा शूजा नक्वी (एई, सिविल), जय प्रकाश सिंह (एई, सिविल), शराफत अली (एई, सिविल), ओंकर सिंह राणा (एई, सिविल), डी एस चहल (एई, सिविल), विनोद कुमार गुप्ता (एई, सिविल), आदित्य नशियर (एई, सिविल), अनिल अग्रवाल (एई, सिविल), सुनील मोहन गुप्ता (एई, सिविल), सुरज प्रकाश सागता (एई, सिविल), प्रमोद वशिष्ठ (एई, सिविल), देवेंद्र सिंह (एई, सिविल), अजय कुमार गुप्ता (एई, सिविल), गौतम चंद (एई, सिविल), अवनीश गुप्ता (एई, सिविल), शिव राम मीणा (जेई, सिविल), वी एस रॉय (जेई, सिविल), विमल कुमार गुप्ता (जेई, सिविल), अशोक कुमार शर्मा डीडीई (शिक्षा)।

**आईसीजे ने पाकिस्तान को लगाई फटकार**

## जाधव मामले में वियना संधि का किया उल्लंघन

एजेंसी ⏭ संयुक्त राष्ट्र



- **भारत के लिए एक बड़ी जीत के रूप में सुनाया गया फैसला**

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के अध्यक्ष न्यायाधीश अब्दुलकावी यूसुफ ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया कि भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव के मामले में पाकिस्तान ने वियना संधि के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन किया। और इस मामले में उचित उपाय किए जाने बाकी थे। भारत के लिए एक बड़ी जीत के रूप में आईसीजे ने फैसला सुनाया था कि पाकिस्तान को जाधव को दी गई मौत की सजा की समीक्षा करनी चाहिए, जो भारतीय नौसेना के एक सेवानिवृत्त अधिकारी थे और जिन्हें पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने जासूसी और आतंकवाद के आरोपों में मौत की सजा सुनाई थी। भारत की दलील थी कि उसके नागरिक को दूतावास तक पहुंच नहीं मुहैया कराई गई, जो 1963 की वियना संधि का उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप



### चालान काटने की बात पर बाइक में लगाई आग

**नई दिल्ली।** साकेत इलाके में गुरुवार को नो पार्किंग जोन में खड़ी एक बाइक को ट्रैफिक पुलिस द्वारा उठाना एक युवक को बर्दास्त नहीं हुआ और उसने गुस्से में आकर अपनी बाइक में आग लगा दी। घटना के वक्त युवक शराब के नशे में था। पुलिस उसे हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की बात कह रही है। दक्षिण जिले के डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर के अनुसार युवक का नाम मुकेश है। वह सत्यानंद कॉलोनी सतबड़ी का रहने वाला है। खोका मार्केट मंदिर मार्ग पर खड़ी उसकी बाइक को ट्रैफिक पुलिस उठाकर पुष्प विहार ले गई थी। यह पता चलने पर मुकेश ट्रैफिक स्टाफ के पास पहुंचा। उससे बाइक के कागजात मांगे गये तो वह दिखाने में असमर्थ रहा। इस वजह से उसका चालान करने की बात कही गई, इस बात से तैश में आकर मुकेश ट्रैफिक स्टाफ से उलझ गया। बाद में उसने मौका देखकर अपनी बाइक को आग लगा दी। यह देख ट्रैफिक स्टाफ ने पीसीआर और दमकल विभाग को मामले की जानकारी दी। मुकेश को वहीं काबू कर लिया गया था। वह नशे की हालत में था।



### गर्भवती महिला को ले जा रही एंबुलेंस पलटी

**नई दिल्ली।** साकेत थाना अंतर्गत एमबी रोड पर गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे एक तेज रफ्तार एंबुलेंस पलट गई। इस हादसे में एंबुलेंस में सवार एक गर्भवती महिला और बुजुर्ग महिला जख्मी हो गई। घायल महिलाओं को इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने हादसे के संबंध में चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया सुबह एक एंबुलेंस मांडी गांव से गर्भवती महिला को लेकर हॉस्पिटल जा रही थी। एंबुलेंस में एक बुजुर्ग महिला भी थी। महरौली-बदरपुर रोड पर खानपुर टी प्वाइंट के पास तेज रफ्तार एंबुलेंस के चालक ने नियंत्रण खो दिया। एंबुलेंस कई वाहन को टक्कर मारते हुए पलट गई। 6 बजकर 35 मिनट पर पुलिस को इस दुर्घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच जख्मी दोनों महिलाओं को एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। इस हादसे के कारण काफी देर तक इलाके में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। घायल बुजुर्ग महिला का नाम भानेश्वरी (65) है। वह मांडी गांव की रहने वाली है।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने किया दिल्ली पुलिस मुख्यालय का उद्घाटन

# पुलिस जनता की संवेदनाओं को समझकर कार्य करें: शाह



■ संसद मार्ग पुलिस थाने के पीछे वाईएमसीए के सामने जयसिंह रोड पर स्थित है नवनिर्मित दिल्ली पुलिस मुख्यालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जयसिंह रोड पर बने दिल्ली पुलिस के नवनिर्मित मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री जी किशन रेड्डी, उपराज्यपाल अनिल बैजल व दिल्ली पुलिस के तमाम सीनियर अफसर भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि भवन के निर्माण से लक्ष्यों की सिद्धि नहीं होती बल्कि भवन के अंदर भावनाओं का निरूपण जरूरी है। दिन रात ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत है साथ ही पुलिस भी जनता की संवेदनाओं को समझकर कार्य करें, तभी सकारात्मक छवि का निर्माण हो सकेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पुलिस की छवि बदलने के लिए सरकार के द्वारा कई कार्य किए जा रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री के



नेतृत्व में पुलिस स्मारक का निर्माण किया गया जिसके माध्यम से पुलिस द्वारा किए गए चुनौती पूर्ण कार्यों तथा कई प्रेरणादायक घटनाओं को जनता के सामने रखा जा सकेगा। शाह ने कहा कि दिल्ली आने वाले पर्यटकों को पुलिस स्मारक जरुर देखना चाहिये ताकि उन्हें पता चल सकें कि आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में पुलिस की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। आज 70 साल बाद दिल्ली पुलिस खुद के घर में पहुंची है। इसके बाद कानून व्यवस्था और अधिक दुरूस्त होने की उम्मीद है। शाह ने कहा कि पुलिस हेडक्वार्टर के उद्घाटन के लिए सरदार पटेल की जयंती से उपयुक्त दूसरा दिन नहीं हो सकता। पटेल एक ऐसे व्यक्तित्व थे जो अपने भाषणों से नहीं बल्कि अपने कार्यों से जाने गए। सरदार पटेल ने आजाद भारत की प्रशासनिक नींव रखने का काम भी किया।

### शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी

इस मौके पर उन्होंने शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी। उद्घाटन समारोह में दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने कहा कि आठ एकड़ में फैले इस भवन का निर्माण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के मॉडल पर बनाया गया है। भविष्य में इस मुख्यालय में हैलीपेड का निर्माण भी किया जाएगा। भवन पूरी तरह से इको फ्रेंडली है। वर्षा जलसंचयन के साथ-साथ कई अन्य सुविधाओं से लैस है। उन्होंने यह भी कहा है कि जिस वक्त इस भवन का शिलान्यास किया गया था। उस वक्त आज के दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल शहरी विकास विभाग के सचिव थे और आज अतिथि के तौर पर मौजूद हैं। यह दिल्ली पुलिस के लिए यह गर्व की बात है। आयुक्त ने कहा कि मुख्यालय में जल्दी ही कामकाज शुरू कर दिए जाएंगे।

# युवक की गोलियों से भूनकर हत्या

## प्रॉपर्टी विवाद: पुलिस दो युवकों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ज्योति नगर इलाके में बुधवार रात एक युवक की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम अनुज कुमार (27) बताया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जीटीबी अस्पताल में करवा परिजनों को सौंप दिया है। शुरुआती जांच में पता चला कि युवक को कॉल कर पिकनिक पार्क में बुलाया गया था। युवक को करीब सात गोलियां मारी गई। परिजनों ने बयान पर पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से गांव कुम्मेड़ा, बागपत का रहने वाला



अनुज परिवार के साथ सी-304/305 गली नंबर-10, गंगा विहार में रहता था। परिवार में पिता अशोक कुमार, मां विनेश देवी के अलावा दो भाई व एक बहन है। अनुज कीर्ति नगर में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। पिता दूध की डेयरी चलाते हैं। बुधवार शाम के समय अनुज घर पर मौजूद था। इस बीच पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक ने उसे कॉल कर बातचीत के लिए बाहर बुलाया। अनुज कुछ में आने की बात कर घर से निकल गया। रात करीब 10 बजे अशोक के मोबाइल पर किसी ने कॉल कर सूचना दी कि बेटे को गोली मार दी गई है। अनुज के दो गोली हाथ, एक सीने और तीन कमर पर मारी गई थी। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर कॉल कर अनुज को बुलाने वाले युवक व एक अन्य युवक को हिरासत में लेकर छानबीन कर रही है। अशोक कुमार ने पुलिस को बताया है कि उनका प्रॉपर्टी को लेकर खानदान के कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। इसके चलते उनके कई मुकदमे भी चल रहे हैं।

## नशे के बंटवारे में किया दोस्त का मर्डर, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को दिवाली की रात हुसैन (42) नामक शख्स की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। आरोप में मो. मुमताज (28) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हुसैन का दोस्त है। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि दोनों मिलकर नशीले पदार्थों का सेवन करते थे। नशे के बंटवारे में ही उनका झगड़ा हुआ और उसने दोस्त की गला रेतकर हत्या कर दी थी। बाद में पहचान छिपाने के मकसद से उसने मृतक का चेहरा भी पत्थरों से कुचल दिया था। आउटर-नॉर्थ जिले के डीसीपी गौरव शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस को ए-ब्लॉक, जेजे कॉलोनी बवाना के एक पार्क से युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। युवक का गला रेतने के अलावा उसके चेहरे को पत्थरों से कुचला गया था। शव के पास दो पत्थर खून से सने मिले थे। बाद में मृतक की शिनाख्त हुसैन के रूप में हुई। हुसैन नशे का आदी था और मां के साथ जेजे कॉलोनी बवाना में रहता था। उसकी नशे की आदतों की वजह से उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक मुमताज के साथ मिलकर नशे का सेवन करता था। मुमताज को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया। उसने बताया कि हुसैन ने खुद नशे की ज्यादा डोज ले ली थी, जिसके झगड़े में उसकी हत्या की गई।

# कई मामलों में वांटेड कार जैकर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले की एंटी स्नैचिंग सेल ने तीन मामलों में वांटेड चल रहे एक कार जैकर को गिरफ्तार किया है। विकास उर्फ सोनू बल्हारा हरियाणा के रोहतक का रहने वाला है। इसे द्वारका सेक्टर-8 के मेंहदी वाले पार्क के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी मित्रांऊ के आनंद ठेकेदार ग्रुप का मेंबर रहा है। कुछ समय पहले वह नवीन खाती गैंग में शामिल हो गया था। डीसीपी अन्टो अल्फोंस के अनुसार एक सूचना के बाद सेक्टर-8 में ट्रैप लगाया गया था। इंस्पेक्टर महेश त्यागी, सब इंस्पेक्टर विवेक मंडोला और सहायक सब इंस्पेक्टर रंधावा की टीम ने जैसे ही बदमाश को पकड़ने की कोशिश की तो उसने पिस्टल निकालकर पुलिसकर्मियों पर तान दी। लेकिन अलर्ट पुलिसकर्मियों ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी बीए सेकेंड



ईयर की पढ़ाई के बाद गलत संगत में पड़ गया था। 2008 में वह गुरुग्राम में हत्या की कोशिश के केस में गिरफ्तार भी हो चुका है। इसके बाद 2011 के छावला के एक मामले में गिरफ्तार हुआ और लगभग डेढ़ साल जेल में रहा। 2017 में इसने फिर छावला में लूटपाट के दौरान गोली चलाई थी। इसी साल जुलाई में इसने अपने साथियों के साथ मिलकर द्वारका सेक्टर-9 में जनक होटल के पास कार लूटी थी।

# जूलर्स से पौने दो करोड़ का सोना लेकर कारीगर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

करोलबाग इलाके के 20 साल पुराने दो कारीगर दो जूलर्स का पांच किलो सोना लेकर फरार हो गये। सोने की कीमत करीब पौने दो करोड़ बताई गई है। दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले है। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित दंपति रीता लूथरा और तिलक राज लूथरा परिवार के साथ सेक्टर-8, रोहिणी में रहते हैं। दोनों रोहिणी में ज्वेलरी शॉप चलाते हैं। करोलबाग के रैगरपुरा में ज्वेलरी बनाने वाले कारीगरों हिसाबुद्दीन शेख, लुत्फर रहमान शेख, रिंकू शेख और सादिक शेख से पिछले 20 साल से अधिक समय से जेवरात बनवा रहे थे। दोनों उन्हें सोना दे देते थे, जिसके बाद डिजाइन के हिसाब से चारों जेवरात बनाकर उन्हें दे देते थे। दीपावली से पूर्व दंपति ने उन्हें 1.80 करोड़ रुपये कीमत का पांच किलो सोना दिया था। गहनों की डिलीवरी 27 अक्टूबर को होनी थी। लेकिन आरोपी इससे पहले ही फरार हो गये। इसी तरह रोहिणी निवासी



जूलर अर्पित गुप्ता ने भी हिसाबुद्दीन और लुत्फर को लाखों का सोना दिया था। दोनों पीड़ितों ने आरोपियों को कॉल करने का प्रयास किया तो उनके नंबर बंद आए। रीता तिलक आरोपियों के रैगरपुरा स्थित दोनों कारखानों में पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। पीड़ितों ने उनके रिश्तेदारों से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनके भी नंबर बंद आए। यहां तक कि रिश्तेदार भी अपने-अपने घरों से गायब मिले। काफी तलाश करने के बाद दंपति ने बुधवार को मामले की सूचना करोलबाग पुलिस को दी। पुलिस ने दंपति और अर्पित गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की एक टीम को पश्चिम बंगाल रवाना भी कर दिया गया है।

### डिजिटल लॉक खोलकर 20 लाख का माल उड़ाया

**नई दिल्ली।** दरियागंज में कारोबारी द्वारा किये गये घर की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी चोरों के सामने फेल हो गये। चोर मेन गेट पर लगा डिजिटल लॉक खोल करीब 20 लाख रुपये के जेवरात व कुछ कैश उड़ा ले गये। शिकायत पर चांदनी महल पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस आशंका जता रही है कि वारदात में कारोबारी के किसी जानकार का हाथ हो सकता है। पुलिस के मुताबिक मो. फैजान परिवार के साथ कूचा चलान, दरियागंज में रहते हैं। भागीरथ पैलेस में उनकी दुकान है। मंगलवार शाम को वह पत्नी के साथ खरीदारी करने लाजपत नगर मार्केट गए थे। माता-पिता भी किसी काम से घर बंद कर बाहर चले गए। कुछ देर बाद फैजान के पिता घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घर के मेन गेट पर लगा डिजीटल लॉक खुला हुआ था। फैजान के पिता को लगा कि शायद वह दरवाजा बंद करना भूल गए होंगे। घर आने के बाद वह टीवी देखने में व्यस्त हो गए। देर शाम को फैजान घर पहुंचे तो पता चला कि एक कमरे का सामान बिखरा हुआ है। अलमारी में रखे 20 लाख कीमत के सोने के जेवरात व 17 हजार कैश गायब मिलें।

## निर्भया गैंगरेप मामला: सात में लगानी होगी याचिका

# दोषियों के पास अब सिर्फ राष्ट्रपति के पास दया याचिका दायर करने का विकल्प

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तिहाड़ जेल अधिकारियों ने निर्भया गैंगरेप मामले के दोषियों से कहा है कि उन्होंने सभी कानूनी उपायों का इस्तेमाल कर लिया है और फांसी की सजा के खिलाफ उनके पास अब सिर्फ राष्ट्रपति के पास दया याचिका देने का विकल्प बचा हुआ है। मामले के चार दोषियों को 29 अक्टूबर को जारी एक नोटिस में जेल अधीक्षक ने उन्हें सूचना दी है कि दया याचिका दायर करने के लिये उनके पास नोटिस पाने की तारीख से सात दिनों तक का ही वक्त है। नोटिस में कहा गया है कि यह सूचित किया जाता है कि यदि आपने अब तक दया याचिका दायर नहीं की है और यदि आप अपने मामले में फांसी की सजा के खिलाफ राष्ट्रपति के पास दया याचिका दायर करना चाहते हैं, तो आप यह नोटिस पाने के सात दिनों के अंदर ऐसा कर सकते हैं। इसमें नाकाम रहने पर यह माना जाएगा कि आप अपने मामले में दया याचिका नहीं दायर



करना चाहते हैं और जेल प्रशासन कानून के मुताबिक आगे की आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू करेगा। तिहाड़ जेल के महानिदेशक संदीप गोयल ने कहा कि उन्हें नोटिस जारी किया गया है और यदि वे दया याचिका दायर नहीं करते हैं तो निचली अदालत को सूचित किया जाए तथा वह आगे की कार्रवाई पर फैसला करेगी। मामले के तीन दोषी तिहाड़ में कैद हैं और एक को मंडोली जेल में रखा गया है। सूत्रों ने बताया कि यदि दया याचिका दायर नहीं की जाती है तो जेल अधिकारी अदालत का रुख करेंगे, जो मौत की सजा का वारंट जारी करेगी।

### क्या था मामला

बता दें कि 23 वर्षीय छात्रा से 16 दिसंबर की रात दिल्ली की एक चलती बस में छह लोगों ने गैंगरेप किया था और उसे सड़क पर फेंकने से पहले बुरी तरह से घायल कर दिया था। सिंगापुर के एक अस्पताल में 29 दिसंबर 2012 को पीड़िता की मौत हो गई थी। इस घटना के खिलाफ देश भर में रोष छा गया था। राम सिंह नाम के एक आरोपी ने जेल में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली, जबकि एक किशोर को बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराया गया तथा उसे एक बाल सुधार गृह में अधिकतम तीन साल की कैद की सजा दी गई। सुप्रीम कोट ने पिछले साल नौ जुलाई को मामले के तीन दोषियों - मुकेश (31), पवन गुप्ता (24) और विनय शर्मा (25) की याचिकाएं खारिज कर दी थीं। उन्होंने 2017 के उस फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था जिसके तहत दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में निचली अदालत में उन्हें सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। वहीं, मौत की सजा का सामना कर रहे चौथे दोषी अक्षय कुमार सिंह (33) ने शीर्ष न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर नहीं की थी।




## खबर संक्षेप



### पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 35 वीं पुण्य तिथि पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शहादत दिवस मनाया। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में एक सादा श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा सहित अन्य नेताओं ने स्व. गांधी की तस्वीर पर फूलमालाएं चढ़ाई। चोपड़ा के अलावा पूर्व सांसद रमेश कुमार, उदित राज, पूर्व मंत्री प्रो. किरण वालिया, पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान, कैलाश जैन, मो उस्मान, ए.आर. जोशी, हरि किशन जिंदल,राजेश चौहान, अभिजीत सिंह गुलाटी व कई पार्षद, जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने भी इंदिरा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए चोपड़ा ने कहा कि भारत का विश्व में नई पहचान दिलवाने वाली इंदिरा गांधी आज भी हमें राह दिखा रही है। वह भारत की पहली आयरन लेड़ी थी जिन्होंने दुश्मनों को नाकों चने चबवा दिए थे।

### चोपड़ा ने ली कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में अलग अलग ब्लॉक कमेटियों की बैठकें ली जिसमें उन्होंने जीत का मंत्र फूंका। इस मौके पर चोपड़ा के अलावा कैंपेन कमेटी के चेयरमैन कीर्ति आजाद, पूर्व विधायक डॉ.नरेंद्रनाथ, कुंवर करन सिंह व जयवीर नगर सहिति अन्य नेता मौजूद थे। दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी लोकसभा के ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए चोपड़ा ने अगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि कोई भी अध्यक्ष या कार्यकर्ता यह ना समझे की मेरी जिम्मेदारी नहीं है इसलिए मैं क्यों करू। सबसे पहले हमें सार्वजनिक रूप से मिलकर अपनी जिम्मेदारी समझनी पड़ेगी। चुनाव कोई भी हो चाहे निगम ,विधानसभा या लोकसभा उसमें जीत तभी मिलती है जब हम मिलकर लड़ते है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने आम आदमी पार्टी और भाजपा दो चुनौतियां है।

### सेल की टीम को मिला स्पेशल ऑपरेशन मेडल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाह, एसीपी अत्तर सिंह, इंस्पेक्टर शिव कुमार, एएसआई राजेश और हेडकांस्टेबल आदेश कुमार को साल 2019 का स्पेशल ऑपरेशन मेडल दिया गया है। गृह मंत्रालय की तरफ से हर राज्य की पुलिस को किसी विशेष ऑपरेशन करने के लिए दिया जो वाला यह अवार्ड सेल को 20 जनवरी 2019 को जैश के दो आतंकियों को दिल्ली और जम्मू कश्मीर से हैंड ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार करने पर दिया गया है। सेल के अलावा यह मेडल उड़ीसा और आईटीबीपी के अफसरों और जवानों को भी दिया गया है।

## राजधानी में जहरीली धुंध का कहर जारी, लोगों को सांस लेने में हो रही परेशानी

# दिल्ली-एनसीआर में रात को बंद रहेगा निर्माण

### लगातार तीसरे दिन स्थिति बदतर

हरिभूमि न्यूज/एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी पर गुरुवार की सुबह भी जहरीली धुंध की चादर छायी रही तथा इसकी वायु गुणवत्ता लगातार तीसरे दिन बदतर रही। इससे दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। सुबह 8 बजे, शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 408 था, जो बुधवार की रात 8 बजे 415 दर्ज किया गया था। एक्यूआई का 415 की तुलना में 408 होना बेहतर है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शहर में कुल वायु गुणवत्ता सूचकांक कल दिन में 410 से 420 के बीच रहा था। दिल्ली में स्थित 37 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 22 ने गुरुवार की सुबह दिल्ली का एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया। आनंद विहार राष्ट्रीय राजधानी का सर्वाधिक प्रदूषित इलाका रहा जहां एक्यूआई 466 दर्ज किया गया। इसके बाद 453 एक्यूआई के साथ वजीरपुर दूसरे नंबर पर रहा। एक्यूआई जब 0-50 होता है तो इसे 'अच्छी' श्रेणी का माना जाता है। 51-100 को 'संतोषजनक', 101-200 को 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'अत्यंत खराब', 401-500 को 'गंभीर' और 500 से ऊपर एक्यूआई को 'बेहद गंभीर और आपात' श्रेणी का माना जाता है।



### पाबंदी की समय-सीमा सुबह 10 बजे तक की

वहीं पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण ने दिल्ली तथा गुड़गांव, गाजियाबाद एवं नोएडा समेत आसपास के क्षेत्रों में रात में भवन निर्माण कार्य पर प्रतिबंध की सीमा शनिवार तक बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर काम कर रही समिति ने गुरुवार को कहा कि पाबंदी की समय-सीमा को सुबह 10 बजे तक के लिए बढ़ा दिया गया है, जो पहले सुबह छह बजे तक थी। फरीदाबाद, गुड़गांव, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, सोनीपत और बहादुरगढ़ में कोयला आधारित उद्योगों पर शनिवार तक कामकाज पर रोक रहेगी। इनमें कोयला आधारित विद्युत संयंत्र शामिल नहीं हैं। दिल्ली में पाइपलाइन आधारित प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल नहीं करने वाले उद्योग भी इस अवधि में बंद रहेंगे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अगुवाई वाले प्रदूषण रोधी कार्यबल की सिफारिश पर ये निर्देश जारी किये गये। समिति ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण के हालात की समीक्षा की। पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) ने गुरुवार को पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने के मामलों पर कड़ाई से रोकथाम को कहा था।

### पराली जलाने से प्रदूषण 35 प्रतिशत बढ़ा

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र 'सफर' के अनुसार दिल्ली में पराली जलाने से प्रदूषण 35 प्रतिशत बढ़ा है जो इस मौसम में सर्वाधिक है। पराली जलाना बुधवार को शहर में छाई धुंध की चादर के लिए 'पूरी तरह' जिम्मेदार हो सकता है। सफर ने कहा कि मंगलवार को अत्यंत शांत सतही हवाओं ने समस्या को और बढ़ा दिया। केंद्र ने गुरुवार को हवा की गति में वृद्धि से वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार होने की संभावना जताई है क्योंकि इससे प्रदूषक कणों को तेजी से उड़ा ले जाने में मदद मिलेगी। सरकारी एजेंसियों ने दिल्ली की इस हालत का प्रमुख कारण पड़ोसी हरियाणा और पंजाब में किसानों द्वारा पराली जलाए जाने को बताया है। दिल्ली में गुरुवार को प्रदूषण में पराली जलाने की भागीदारी 27 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान है। मंगलवार को यह 25 प्रतिशत थी। दिल्ली सरकार ने दीपावली के बाद प्रदूषण के आंकड़ों को देखते हुए शहर के पांच स्थानों की पहचान 'अत्यंत प्रदूषित' क्षेत्रों के रूप में की है और नगर निगमों तथा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति से इन स्थानों पर कार्रवाई तेज करने को कहा है। ये 'अत्यंत प्रदूषित' क्षेत्र वजीरपुर, आनंद विहार, अशोक विहार, विवेक विहार और बवाना हैं।

### मुख्य सचिव देव ने लिया स्थिति का जायजा

मुख्य सचिव विजय कुमार देव ने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से प्रदूषण रोकथाम नियमों के उल्लंघन पर 'कतई बर्दाश्त नहीं' करने की नीति अपनाने को कहा। दिल्ली में घातक प्रदूषण स्तर के चलते डॉक्टरों ने मास्क पहनकर चलने, सुबह और देर शाम सैर करने से बचने सहित कई सावधनियां बरतने का परामर्श दिया है क्योंकि इस समय प्रदूषक कणों का स्तर सर्वाधिक होता है।

### जरूरत पड़ने पर स्कूलों को बंद करने का फैसला किया जाएगा: सिसोदिया

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि जरूरत पड़ने पर स्कूलों को बंद करने का फैसला किया जाएगा। नवंबर 2017 में हवा की गुणवत्ता खराब होने की वजह से स्कूलों को सरकार ने कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया था।


### मुख्यमंत्री केजरीवाल आज करेंगे मास्क बांटने की शुरूआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़े प्रदूषण से रोक थाम के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार से दिल्ली के स्कूलों में मास्क बांटने की शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया भी उपस्थित रहेंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री ने इस बात के साफ संकेत दिए हैं कि प्रदूषण स्थिति और खराब हुई तो स्कूल को भी बंद कर दिया जाएगा। उधर निर्माण भवन पर लोग लगा दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शुक्रवार को सुबह सवा आठ बजे सिविल लाइंस के प्रतिभा विकास विद्यालय से मास्क बांटने की शुरूआत करेंगे। सूत्रों के अनुसार गुरुवार को 21 लाख के करीब मास्क आ चुके हैं। एक पैकेट में दो मास्क होगा। एन 95 मास्क दिया जा रहा है। कुल 50 लाख मास्क आ रहे हैं। जिसे स्कूली बच्चें के साथ-साथ दिल्ली के घर-घर पहुंचाया जाएगा।



### सीएम को दिल्ली का धुंआ हरियाणा-पंजाब का क्यों नजर आता है: तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का धुंआ हरियाणा और पंजाब का क्यों नजर आता है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा है कि दिल्ली में आपातकाल की स्थिति बनी हुई है, लगातार अस्पतालों में प्रदूषण से पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है और दिल्ली के मुख्यमंत्री इसके लिये जिम्मेदार हैं।



### हरियाणा और पंजाब भवन के सामने आप का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** पड़ोसी राज्य हरियाणा और पंजाब में लगातार पराली जलाने की घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी और राज्य सरकार द्वारा कोई कठोर कदम न उठाने के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को हरियाणा और पंजाब भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में पार्टी के दर्जनों विधायकों, पार्षदों, दिल्ली प्रदेश इकाई के सभी संगठन पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकतार्ओं ने भाग लिया। धरने में राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता के अलावा विधायक हाजी इशराक खान, विशेष रवि, राखी बिडलान, नितिन त्यागी, प्रवीण कुमार, चौधरी फतेह सिंह, गिरीश सोनी, कैप्टन सुरेंद्र आदि उपस्थित थे। इसके अलावा कुलदीप समेत कई पार्षद उपस्थित थे। धरने पर बैठे आप विधायक प्रार्थना कर रहे थे कि रघुपति राघव राजाराम खट्टर, योगी और कैप्टन को सद्बुद्धि दे भगवान। वहीं धरने पर लोग तख्ती लिए बैठे थे जिन पर लिखा था कि भाजपा-कांग्रेस वालों दिल्ली वालों की जिंदगी से खिलवाड़ करना बंद करो। धरने को संबोधित करते हुए दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में कुछ दिन पहले तक स्थिति सामान्य थी। उन्होंने कहा कि जहां पूरे देश में लगातार सभी राज्यों में प्रदूषण बढ़ने की सूचनाएं मिल रही थी, वहीं दिल्ली में उसके विपरीत दिल्ली की आप सरकार द्वारा उठाए गए सकारात्मक कदमों से 25 प्रतिशत प्रदूषण कम होने की खबर सामने आई। परंतु जैसे ही पड़ोसी राज्य हरियाणा पंजाब में पराली जलाने की शुरूआत हुई, दिल्ली में प्रदूषण का स्तर चरम पर पहुंचने लगा।

### आज उपवास पर बैटेंगे विजय गोयल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विजय गोयल आज शुक्रवार से राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर अपने निवास 10 अशोक रोड पर उपवास पर बैठेंगे। गोयल ने गुरुवार को दिल्ली सरकार पर हमला करते हुए कहा कि ' प्रदूषण की जिम्मेदार केजरीवाल सरकार ऑड-ईवन है बेकार'।



### फ्री सफर: डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिला यात्रियों की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं के लिए दिल्ली परिवहन निगम और क्लस्टर सेवा की बसों में मुफ्त सफर देने के बाद लगातार महिला यात्रियों की संख्या बसों में बढ़ रही है। पिछले तीन दिनों में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और क्लस्टर की बसों में पिंक टिकट के साथ सफर करने वाली महिलाओं की संख्या 15 से 20 फीसदी तक बढ़ी हैं। बसों में सफर करने वाली महिला यात्रियों का कहना है कि इस योजना के बाद से उन्हें रोजाना 50 से 100 रुपये का फायदा हो रहा है। हालांकि सफर के लिए समय ज्यादा लग रहा है। डीटीसी के अनुसार 31 अक्टूबर को जारी आकड़े के अनुसार 37 फीसदी महिलाओं ने पिंक टिकट के साथ बसों में सफर किया। इस दिन 6 लाख 97 हजार 695 लोगों ने डीटीसी बसों में सफर किया। इसमें महिलाओं की संख्या 2 लाख 57 हजार 936 रही। एक दिन पहले यह आकड़ा 34 फीसदी था। वहीं क्लस्टर बसों से संबंधित जारी आकड़ों के अनुसार 31 फीसदी महिलाओं ने क्लस्टर बसों में सफर किया। क्लस्टर बसों में कुल 3 लाख 47 हजार 562 यात्रियों ने सफर किया। इसमें 1 लाख 9 हजार 372 महिला यात्री ने सफर किया।

### सीएम बुजुर्गों, विद्यार्थियों व दिव्यांगों को फ्री यात्रा क्यों नहीं दे रहे हैं : गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सवाल करते हुए पूछा कि आम आदमी पार्टी अपने वादे के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों तथा दिव्यांगों को डीटीसी बसों में रियायती पास उपलब्ध कराने से अब क्यों पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 2020 में सत्ता में आने पर सबसे पहले इन कमजोर श्रेणियों को निशुल्क बस यात्रा का लाभ देगी। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि वे सभी काम इकट्ठे नहीं कर सकते। पहले वे महिलाओं को निशुल्क यात्रा योजना के प्रभाव का अध्ययन करेंगे उसके बाद वरिष्ठ नागरिकों और विद्यार्थियों के बारे में कोई निर्णय लेंगे। वे दिव्यांगजनों को बिल्कुल भूल गये। गुप्ता ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि आप ने 2015 में विधानसभा के चुनावी घोषणा पत्र में दिल्ली के नागरिकों से यह भावनात्मक वादा किया था। 70 सूत्री घोषणापत्र की एक्शन प्लान में यह वायदा 53 नंबर पर अंकित है। लेकिन सरकार ने इन श्रेणियों के नागरिकों को अपने अधिकार से वंचित रखा । दिल्ली सरकार इस वादे को पूरा करने के लिए बाध्य है।

# छठ पूजा के लिए 1108 घाट बनाए: केजरीवाल

## राजस्व मंत्री गहलोत ने घाटों का दौरा कर तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में इस बार छठ पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। दिल्ली सरकार ने इसके लिए व्यापक कदम उठाए हैं। इस बार छठ पूजा के लिए 72 से बढ़ाकर 1108 घाटों को तैयार किया गया है। जिनमें सभी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। इसकी जानकारी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दी है। वहीं दिल्ली के राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने गुरुवार को छठ पूजा उत्सव की तैयारियों की समीक्षा के लिए दिल्ली के कई घाटों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट क कहा कि सभी श्रद्धालुओं को छठ पर्व मनाने के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े इसीलिए हमने 72 से बढ़ा कर इस साल 1108 घाट बनाए हैं। सभी घाटों पर दिल्ली सरकार शानदार इंतजाम कर रही हैं। वहीं राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने कई घाटों का निरीक्षण कर विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि भक्त पूजा का



आनंद लें और उन्हें कोई असुविधा न हो। मंत्री ने बताया कि हर घाट पर बिजली कनेक्शन, पानी, मोबाइल शौचालय, टेंट, लाउड स्पीकर, प्राथमिक चिकित्सा किट आदि सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ हीमंत्री ने सभी अधिकारियों को सप्ताहांत में व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए उपलब्ध रहने और सतर्क रहने का निर्देश दिया है। छठ पर्व में यमुना के पानी का स्तर कम नहीं रहेगा। इसके लिए हरियाणा से गुरुवार को ही पानी आना शुरू हो गया है। पहले अर्घ्य तक यमुना नदी में पर्याप्त पानी आ जाएगा और व्रती यमुना के पानी में व्रत रख पायेगी। वहीं हरियाणा से पानी आने से यमुना नदी का पानी भी साफ हो जाएगा। दिल्ली के मुख्य रूप से हाथी घाट, भलस्वा लेक, नरेला विजय ग्राउंड, जगतपुर घाट, सोनिया विहार में लाखों की तादात में छठ पर्व मनाने लोग पहुंचते हैं। वहीं अगर क्षेत्र की बात की जाए तो पश्चिमी दिल्ली में सबसे ज्यादा लोग छठ पर्व मनाने वाले रहते हैं। इसके बाद नार्थ दिल्ली, नार्थ वेस्ट और यमुनापार के मयूर विहार, गीता कालोनी, मंडावली व यमुना के किनारे के इलाके आते हैं।

### धरने के बाद ग्रेटर कैलाश में छठ घाट बनना शुरू

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन करने के बाद दिल्ली के ग्रेटर कैलाश विधानसभा इलाके में स्थित जे-3 ब्लॉक के पार्क में छठ घाट का बनाने का काम देर शाम शुरू हो गया था। इस बात की जानकारी धरने पर बैठे राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार की शाम ट्वीट कर दी है।

### भावनाओं कां भड़का रही दिल्ली सरकार: तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार छठ पूजा के दौरान भी घृणा और नफरत का माहौल पैदा कर शांति व्यवस्था बिगाड़ना चाहती है और लोगों की भावनाओं को भड़काने के लिए ओछी हरकतें कर रही है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने विभिन्न छठ घाटों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेने के बाद दिल्ली सरकार पर उक्त आरोप लगाये। बता दें कि की बुधवार शाम को कालकाजी में छठ घाट को लेकर भाजपा और आप के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई थी।

### शौचालय और डिस्पेंसरी की सुविधा उपलब्ध होगी

**नई दिल्ली।** छठ पूजा की तैयारियों के लिए राष्ट्रीय राजधानी के घाटों को साफ किया जा रहा है। दिल्ली के तीनों नगर निगम श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल डिस्पेंसरी और शौचालयों की व्यवस्था करने में लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय छठ उत्सव गुरुवार को शुरू हो गया और इसके अंतिम दो दिनों में श्रद्धालु अनुष्ठान करेंगे और सुबह तथा शाम में नदी या अन्य जल निकायों में डुबकी लगाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। उत्तर दिल्ली के मेयर अवतार सिंह पहले ही अधिकारियों को छठ घाटों में उचित सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दे चुके हैं जिसमें बेरिकेडिंग और साफ-सफाई शामिल है। उत्तर दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) के तहत 150 छठ घाट आते हैं, जिसमें कुदसिया बाग घाट और वजीराबाद घाट शामिल हैं। दक्षिण दिल्ली और पूर्वी दिल्ली नगर निगम के तहत आने वाले यमुना घाटों पर नगर निकाय श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। दक्षिण दिल्ली में कालिंदी कुंज जबकि पूर्वी दिल्ली में आईटीओ के पास हाथी घाट और गीता कॉलोनी घाट आता है।

## वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंती पर शाह ने दिखाई हरी झंडी

# 'रन फॉर यूनिटी' में ली एकता की शपथ





एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंती के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को 'एकता दौड़' (रन फॉर यूनिटी) को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। 'एकता दौड़' मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से शुरू हुई। इस दौड़ में खेल से जुड़ी शख्सियतों, खेल प्रेमियों और केन्द्रीय पुलिस बल के जवानों सहित बड़ी संख्या में आम लोगों ने हिस्सा लिया। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी इस दौड़ में हिस्सा लेने वाले लोगों ने सफेद रंग की टी शर्ट पहनी हुई थी और उनके हाथों में पटेल की तस्वीर थी। ये लोग दौड़ में शामिल होने के लिए नेशनल स्टेडियम और इंडिया गेट पर इकट्ठा थे। इस आयोजन में गृह मंत्री के साथ मंच पर केन्द्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, हरदीप सिंह पुरी, आर के सिंह, किरेन रिजिजू, जी किशन रेड्डी, दिल्ली के उप राज्यपाल अनिल बैजल तथा गृह सचिव अजय के भल्ला मौजूद थे। दौड़ में हिस्सा लेने वालों को गृह मंत्री ने एकता की शपथ भी दिलाई। इससे पहले शाह पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि मोदी सरकार 2014 से पटेल की जयंती को 'एकता दिवस' या राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रही है। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर, 1875 को गुजरात के नडियाद में हुआ था। 560 से अधिक रियासतों के भारत संघ में विलय का श्रेय देश के पहले गृह मंत्री पटेल को जाता है। पटेल की जयंती पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# खलीफा भगत स्वरूप ने ताउम्र कुश्ती, गौ संरक्षण व सामाजिक कार्यों में अतुलनीय योगदान दिया: शास्त्री



- नजफगढ़ स्थित यादव भवन में अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने खलीफा जी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नजफगढ़ स्थित महर्षि दयानन्द व्यायामशाला के खलीफा दिवंगत भगत स्वरूप को बृहस्पतिवार को सर्व समाज ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. योगानंद शास्त्री ने कुश्ती जगत, गऊशाला संरक्षण और सामाजिक कार्यों में खलीफा भगत स्वरूप के योगदान को अतुलनीय बताया। पूर्व सांसद महाबल मिश्रा,पूर्व विधायक कंवल सिंह यादव, देवेन्द्र यादव, नफे सिंह राठी ने भी खलीफा जी को याद किया। गौरतलब है कि खलीफा भगत स्वरूप का कुछ दिन पहले निधन हो गया था। यादव भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन यादव चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक रघुनाथ सिंह यादव की अगुवाई में किया गया। नजफगढ़ गऊशाला के प्रधान बलजीत डागर, आचार्य भरतलाल शास्त्री, लाल सिंह यादव, जेजेपी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष औमप्रकाश सहरावत, भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र डागर, कोच विरेन्द्र दहिया, नजफगढ़ स्टेडियम के प्रबंधक राजेश सहरावत, पालम 360 के प्रधान रामकरण सोलंकी, पूर्व प्राचार्य ओमप्रकाश यादव, भाजपा नेता अनिल डागर व बलवन्त यादव, यूपी, हरियाणा, राजस्थान व पंजाब से भी आये लोगों ने भावभीनी श्रद्धाजंलि दी।

## खबर संक्षेप



### ताऊ देवीलाल स्टेडियम की ए टीम ने जीती प्रतियोगिता

**गुरुग्राम।** गुरूग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा आयोजित बारहवीं खेल प्रतियोगिता में ताऊ देवीलाल स्टेडियम में द्वितीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता में ताऊ देवीलाल स्टेडियम की ए टीम ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम बी टीम को 21-12 से हराकर प्रतियोगिता जीती। अंडर-16 व अंडर 19 वर्ग की प्रतियोगिता में जिले की शिक्षण संस्थानों सहित क्लब की 69 टीमें शामिल हुई। जीएमडीए के चीफ इंजीनियर (इंफ्रा-11) ललित अरोड़ा ने विजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उनके साथ केसी शर्मा, राजेश बंसल, जगदीश सोरोत, बलराज, जीसी यादव, मुकेश राव, कबड्डी के मुख्य प्रशिक्षक श्रीपाल, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, स्डेडियम के अन्य प्रशिक्षक राजेन्द्र कुमार, विजय पाल व संजय सहित शामिल रहे।

### सरकारी स्कूल में शुरू की इंग्लिश लैब

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों को प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर फर्राटे दार अंग्रेजी सिखाने के लिए इंग्लिश लैब शुरू की है अब इन इंग्लिश लैबों में प्रोजेक्टर के माध्यम से सरकारी स्कूल के बच्चे अंग्रेजी बोलना और पढ़ना सीखेंगे। एनआईटी 3 स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंग्रेजी विषय के टीचरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। यहां से ट्रेनिंग लेने के बाद इंग्लिश के टीचर प्रोजेक्टर के माध्यम से अब बच्चों को फराटेदार अंग्रेजी सिखाएंगे। सरकार और एक निजी संस्था द्वारा चलाया जा रहा है यह प्रोग्राम प्रदेश के हर स्कूलों में चलेगा फरीदाबाद में चार और पलवल में भी चार स्कूलों को अंग्रेजी लैब दी गई है । जिला परियोजना अधिकारी अनीता शर्मा ने बताया कि अब सरकारी स्कूल के बच्चों में अंग्रेजी के प्रति कोई झिझक नहीं होगी।

### गणित की उपयोगिता विषय पर हुई संगोष्ठी

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 के गणित विभाग द्वारा गणित की उपयोगिता विषय पर व्याख्यान का आयोजन कराया गया। जिसमें अनुराधा सभरवाल बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रही। विद्यार्थियों में गणित के प्रति रूचि जागृत करने के लिए उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विज्ञान स्नातक व गणित स्नातकोत्तर की कक्षाओं के 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य व इंश्योरेंस क्षेत्र में गणित की उपयोगिता तथा फिबोनैकी सीक्वेंस व्याख्यान के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक रोहित शर्मा ने किया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए गणित विभागाध्यक्ष रीना ने कहा कि ऐसी गोष्ठियों से किताबी ज्ञान से इतर विषय कि व्यावहारिक समझ बढ़ती है। इसलिए सभी को ऐसे कार्यक्त्रमों में सहभागी होना ही चाहिए। इस अवसर पर गणित विभाग से विजयवीर, निशा यादव, सोमी देवी, अलंकृता सिंह आदि उपस्थित रहे।

### खंभे से टकराई स्कूटी युवक की मौत

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के पल्ला पुल के समीप हुई दुर्घटना में स्कूटी सवार 21 वर्षीय युवक आरिफ की मौत हो गई। वह दक्षिणी दिल्ली का रहने वाला था। जांच अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक अपने परिवार के साथ खेड़ीपुल क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार में कपड़े की दुकान लगाता था। वह देर रात कपड़े की दुकान समेट कर दक्षिणी दिल्ली स्कूटी से लौट रहा था। तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर एक खंभे से टकरा गई। युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। इसके कारण खंभे से टकराते ही वह बेहोश होकर गिर गया। उसे दिल्ली ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# तीसरे दिन भी गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर

*प्रशासन की लाख उपाय करने के बावजूद एनसीआर में प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी गुरुग्राम-फरीदाबाद और गाजियाबाद में आवोहवा बेहद खराब रही। गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। बृहस्पतिवार को गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स 482 पहुंच गया।*

## प्रशासन व पुलिस ने लोनी में चलाया अभियान, जब्त की सैकड़ों कुंतल ई-वेस्ट

गुरुग्राम/फरीदाबाद/गाजियाबाद। जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय व एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने लोनी में ई-वेस्ट जलाने वालों के यहां पर खुद छापामार कारवाई की और गोदामों को ध्वस्त करने के साथ सैकडों कुंतल ई-वेस्ट बरामद की। उन्होंने ई-वेस्ट के कबाड़ियों को अपनी जमीन किराए पर देने वाले लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

पिछले कई दिनों ने एनसीआर समेत गाजियाबाद में भी प्रदूषण का लेबल बेहद खतरनाक स्थिति में है। बृहस्पतिवार को तीसरे दिन भी गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा। गाजियाबाद के चार प्रदूषण जांच सेंटरों की बात करे तो वसुंधरा में 471, इंदिरापुरम में 472, संजय नगर में 496 तथा लोनी में 488 रहा। बृहस्पतिवार को प्रदूषण को कम करने के लिए जहां फायर ब्रिगेड ने स्कूलों के आसपास पानी का छिड़काव किया। वहीं जिलाधिकारी व एसएसपी ने लोनी में छापा मार कार्रवाई की।

## जिलाधिकारी व एसएसपी ने की छापेमारी

- गाजियाबाद का एयर क्वालिटि इंडेक्स 482 पहुंचा
- पराली जलाए जाने और पटाखों ने की आवोहवा खराब



गाजियाबाद। घने धुंध और कम दृश्यता के बीच चलती हुई दिल्ली मेट्रो।




### कबाड़ियों को किराए पर जमीन देने पर होगी कार्रवाई: पांडेय

भारी पुलिस बल के साथ जिलाधिकारी व एसएसपी सेवाधाम का गड्ढा पहुंचे और वहां बने गोदामों में सैकड़ों कुंतल ई -वेस्ट बरामद की और लोनी पुलिस को सौंप दी। जिलाधिकारी ने लोनी के थाना प्रभारी को इस ई-वेस्ट को नीलामी के जरिए बेचने के निर्देश दिए। इसके लिए एक कमेटी बनाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने ई वेस्ट लेने वाले गिरोह की विस्तृत जानकारी करने और कार्रवाई करने को कहा। साथ ही जिलाधिकारी ने उन लोगों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए जिन्होंने अपनी जमीन ई -वेस्ट के कबाड़ियों को दे रखी है। इसकी सूची तैयार करने को भी कहा।



### नोएडा में हवा और जहरीली हुई

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख शहर नोएडा में बृहस्पतिवार को हवा और भी जहरीली हो गई। बुधवार को यहां पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 441 था जो बृहस्पतिवार को बढ़कर 460 हो गया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह नोएडा में एक्यूआई का स्तर 460 था। उन्होंने बढ़ते वायु प्रदूषण के लिए कारण दीपावली पर हुई आतिशबाजी तथा पंजाब और हरियाणा में पराली जलाए जाने को बताया। कुमार ने बताया कि एक-दो दिन में तेज हवा चलने का अनुमान है। उसके बाद ही वायु प्रदूषण में कमी आएगी।



### प्रदूषण को रोकने के लिए निगम हुआ सख्त

**फरीदाबाद।** औद्योगिक नगरी में बुधवार रात व बृहस्पतिवार सुबह आग लगाने की घटनाओं से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग जाग गया है। निगम अधिकारियों को ऑनलाइन मिल रही शिकायत के बाद खुलेआम कूड़े में आग लगाकर प्रदूषण फैलाने वाली एक महिला समेत दो लोगों का दस हजार रुपए का चालान काटा है। चालान काटने से औद्योगिक नगरी के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। निगम अब तक लगभग दस से अधिक लोगों का चालान काट चुका है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उदयभान ने बताया कि हार्डवेयर चौक पर बृहस्पतिवार को अजय कुमार नामक व्यक्ति सरेआम कूड़ा जलाते हुए पकड़ा गया। निगम के इंस्पेक्टर ने एनजीटी के आदेश के तहत पांच हजार रुपए का चालान काटा। इसी तरह ओल्ड फरीदाबाद के बसेलवा कॉलोनी में विद्या पत्नी छोटेलाल नामक महिला सरेआम में कूड़े में आग लगाते हुए पकड़ी गई। टीम ने उनका भी पांच हजार रुपए का चालान काटा है। इसके अलावा व्हटसअप के माध्यम से कई लोगों ने शिकायत की है। जिस पर जांच के बाद लोगों का चालान काटा जाएगा।

### निगमायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम की आयुक्त सोनल गोयल ने भारत सरकार की अमृत योजना के तहत लोकल एरिया प्लान के माध्यम से निगम क्षेत्र में चिहिन्त किए गए 292 हेक्टेयर क्षेत्र में सुनियोजित विकास करने के लिए आवश्यक योजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश निगम की योजना शाखा के अधिकारियों को दिए है। निग्मायुक्त की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आज इस पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

निग्मायुक्त ने बताया कि आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अमृत योजना के तहत आने वाले शहरों में लोकल एरिया प्लान के माध्यम से लगभग 300 हेक्टेयर क्षेत्र को पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में घोषित किया जाना है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्र में सेक्टर-27 डी व सेक्टर-36 का लगभग 154 हेक्टेयर और सेक्टर-31 व 32 का लगभग 138 हेक्टेयर क्षेत्रफल को इस योजना के लिए चिन्हित किया गया है, जिसे भारत सरकार की मंजूरी भी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत भूमि का अधिकतर उपयोग करने के लिए इस क्षेत्र के सभी भूमि मालिकों से विचार विमर्श व सुझाव लेने के बाद ऐसी योजना तैयार की जाएगी जिसमें सरकार नगर निगम फरीदाबाद व भूमि मालिकों को अधिकतम फायदा हो तथा सुनिश्चित विकास को भी बढ़ावा मिले। इस योजना कोक्रियान्वित करने के लिए सक्षम संस्था/सलाहाकार की मदद ली जाएगी।

## पति को आत्महत्या के लिए उकसाने पर पत्नी ने कराई रिश्तेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**नोएडा।** शहर के बरौला गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के अगस्त माह में गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में उनकी पत्नी ने पति के दो ममेरे भाइयों खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि बरौला गांव में रहने वाले मुकेश कुमार ने अपने ममेरे भाई अभिषेक तथा शैलेश को 31 लाख रुपये उधार दिये थे। दोनों ने मांगने पर भी उनके पैसे नहीं लौटाए। इस बात को लेकर मुकेश और उसके ममेरे भाइयों के बीच विवाद हो गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि ममेरे भाइयों को दी गई बड़ी रकम वापस न मिलने से परेशान मुकेश कुमार ने 12 अगस्त वर्ष 2019 को बरौला स्थित अपने घर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतक की पत्नी कविता चौधरी ने बुधवार की रात को थाने में अभिषेक और शैलेश को नामित करते हुए उनके खिलाफ अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## जागरूकता अभियान




सतर्कता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक के कर्मचारियों ने नोएडा सेक्टर-63 से मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-62 तक भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

## फार्म हाउस में खेल रही बच्ची से दुष्कर्म



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में पांच साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। वहां मौजूद लोगों की मदद से बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार देर रात को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-10ए थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़िता के परिजन एक मुर्गी फार्म में चिनाई का काम कर रहे थे। बुधवार शाम को पीड़िता फार्म हाउस में अकेली खेल रही थी, तभी उसे अकेला पाकर एक अज्ञात शख्स वहां पहुंचा और बच्ची को बहला-फुसलाकर कर सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म की वारदात की अंजाम दिया।

बच्ची के रोने पर आरोपी दीवार फांदकर वहां से भाग गया। बेटी को रोते देखकर उसके माता-पिता वहां पहुंचे और उसकी हालत देखकर वे दंग रह गए। आरोप है कि जब वो बच्ची एक पास के निजी अस्पताल में लेकर गए तो अस्पताल प्रशासन ने इलाज से इनकार कर दिया।

पुलिस को सूचना के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची को सेक्टर-10 स्थित सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुण्यतिथि पर इंदिरा गांधी को कांग्रेसियों ने याद किया

### सदियों में पैदा होती है 'इंदिरा' जैसी शख्सियत : कसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

देश की पप्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर जिले में महानगर के कांग्रेसियों ने बृहस्पतिवार को कई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ ली और कहा कि इंदिरा गांधी जैसी शख्सियत सदियों में पैदा होती है। महानगर कांग्रेस कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज के अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपना पूरा जीवन देश के लिए दे दिया। उनके बलिदान को यह देश कभी भूल नहीं सकेगा। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है और उनके विचारों पर चलकर ही देश को अखंड रखा जा सकता है।

जिला कांग्रेस कमेटी ने इंदिरा प्रियदर्शनी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष हरेंद्र कसाना ने इस अवसर पर कहा कि इंदिरा गांधी देश के लिए जितना किया आज तक किसी नेता ने नहीं किया। वह एक विश्व स्तरीय नेता थी और भारत को समृद्ध शाली बनाने में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जीडीए भूखंड आवंटियों से वसूलेगा एक हजार करोड़ रुपये: कंचन वर्मा

**गाजियाबाद।** मुधबन बापूधाम आवासीय योजना के आवंटियों से अतिरिक्त धनराशि वसूलने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने तैयारियां कर ली हैं। इसको लेकर जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा ने अनुमति दे दी है और कार्यालय आदेश हो गया है। संभावना है कि सोमवार से भूखंडों के आवंटियों को इस संबंध में मांग पत्रों के भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

एक अनुमान के मुताबिक इससे जीडीए को एक हजार करोड़ से ज्यादा राजस्व प्राप्त की प्राप्ति होगी। यह धनराशि बधुबन-बापूधाम के किसानों को मुआवजे के रूप अतिरिक्त रूप से किए गए भुगतान की एवज में ली जा रही है।



जीडीए उपाध्यक्ष कचंन वर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि जीडीए ने मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना के लिए किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया था। काफी किसानों को नए अधिग्रहण एक्ट के तहत मुआवजा वितरित किया गया है जिससे जीडीए पर अतिरिक्त भार पड़ा है। उसका भार कम करने के लिए तीन योजनाओं भूखंड के आवंटियों से अतिरिक्त धनराशि लेने वसूलने का निर्णय लिया गया था। ऐसे भूखंडों की संख्या 16 सौ के आसपास है। जिनका साइज 50 वर्ग मीटर से लेकर 350 वर्ग मीटर के भूखंड हैं। 732 उन किसानों से भी यह अतिरिक्त धनराशि वसूली जाएगी।

### गोदाम के भू-उपयोग परिवर्तन के लिए वास्तुविद से ली जाएगी सलाह

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के नेहरू नगर स्थित गोदाम की भूमि का उपयोग परिवर्तित करने के लिए अब प्रदेश के मुख्य वास्तुविद के सलाह की जाएगी। आपको बता दें कि जीडीए का एक गोदाम नेहरू नगर में स्थित है।

## नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ पर्व



फरीदाबाद। छठ पर्व के मद्देनजर व्रतधारी महिला पूजन साग्रमी खरीदती हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम/फरीदाबाद

सूर्य देव की उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ का बृहस्पतिवार को नहाय-खाय के साथ शुरु हो चुका है। पूर्वांचल मूल के लोगों का बाजारों में भारी जमावड़ा लगा रहा। ये लोग छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बाजारों से खरीदते दिखाई दिए। दुकानदार भी छठ पूजा सामग्री बड़े स्तर पर बाजार में लाए हुए हैं।

महिला व पुरुषों का सामान खरीदने के लिए पूरे दिन तांता लगा रहा। हालांकि छठ पूजा मनाने वाले लोग गत सप्ताह से ही शहर के मुख्य सदर बाजार से लगते अन्य छोटे बाजारों में छठ पूजा सामग्री की खरीददारी करते आ रहे हैं। छठ पूजा में किसी तरह की कोई कमी न रह जाए, इसके लिए पूर्वांचल मूल के लोग बाजारों में खरीददारी करते दिखाई दे रहे हैं। महंगाई का असर छठ पूजा सामग्री पर भी देखने को मिल रहा है। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष पूजा सामग्री 50 प्रतिशत महंगी दर पर बिकती दिखाई दी। श्रद्धालुओं का कहना है कि पूजा तो करनी ही है। चाहे महंगाई कितनी भी क्यों न बढ़ जाए। सदर बाजार, रेलवे स्टेशन स्थित मार्किट, कन्हई मार्किट, सिकंदपुर, बजीराबाद की सब्जी मंडियों में बड़ी संख्या में व्रतधारी पूजन सामग्री खरीदते नजर आए।

कुछ व्रतधारी पीतल के सूप भी खरीदते दिखाई दिए। अर्ध्य के लिए फल, नारियल, गागल, नींबू, शरीफा, ईख, अमरख, पंचमेवा, सूथनी, शकरकंद, सीताफल, मूली, कच्ची हल्दी व अदरक जैसी तमाम चीजों की खरीददारी की जा रही है। श्रद्धालुओं की आस्था पर महंगाई का भी कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

### सजाए जा रहे घाट

खेड़ी पुल, पल्ला पुल, आगरा कैनाल, सैक्टर-3 पुल, मुल्ला होटल के नजदीक बौद्ध विहार पार्क, भोजपुरी अवधि समाज, डबुआ कालोनी ट्यूबवैल के समीप शिव-पार्वती हनुमान मंदिर, सेक्टर-52 के मैदान व जंगली महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में छठ व्रती शाम का अर्घ्य देने घाट पर पहुंचते हैं। इसे लेकर खास तैयारी चल रही है। छठ पूजा के लिए घाटों पर व्रत रखने वाली महिलाओं की पूजा करते समय किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। प्रशासन की तरफ से भी सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। ज्यादा बड़े घाटों पर दमकल की गाड़ियों के अलावा पुलिस व एम्बुलेंस के साथ ड्यूटी मजिस्टेट भी तैनात रहेंगे।

### सरदार की जयंती पर गुरुग्राम में रन फॉर यूनिटी, बोले उपमुख्यमंत्री

## पटेल से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान दें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंती पर गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भाग लिया। सरदार पटेल को समर्पित और युवाओं को फोकस करते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि देश के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की छोटी-बड़ी रियासतों का भारत में विलय कर राष्ट्रीय एकता व अखंड भारत का सपना पूरा किया। अब युवाओं का कर्तव्य बनता है कि वे सरदार पटेल जैसी महान विभूति से प्रेरणा लेते हुए देश की एकता व अखंडता के लिए स्वयं को समर्पित करें और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि देश व समाज की उन्नति के लिए नई सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल व पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्व. देवीलाल सरीखे महापुरुषों ने राष्ट्रीय एकता एवं शांति का संदेश विश्व को दिया।

युवा देश का भविष्य हैं, उन्हें प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है कि वे पूरा जीवन देश की तरक्की व एकता के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर सभी को गर्व महसूस हो रहा है कि सुबह-सुबह सभी युवा साथी, जो अनेक स्कूलों व खेल नर्सरियों से देश की एकता एवं अखंडता के लिए एकजुट हुए हैं, वे लोगों को एकता का संदेश व आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज जो युवाओं को देश की तरक्की में योगदान देने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा।



### जन्मदिन पर दौड़े फरीदाबाद के लोग

**फरीदाबाद।** लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शाइनिंग इंडिया ट्रस्ट द्वारा रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। यह रन फॉर यूनिटी दौड़ बदरपुर बॉर्डर से शुरू होकर सेक्टर-12 स्थित टाऊन पार्क में पहुंची जहां पर फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने धावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर शाईनिंग इंडिया ट्रस्ट के संयोजक सुरेन्द्र चौधरी अजरौंदा विशेष रूप से मौजूद थे।

### 'लौह पुरुष के सपनों को साकार करने का लिया संकल्प'

**गाजियाबाद।** लौह पुरुष के नाम से जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल का 144 वां जन्म दिवस पूरे देश के साथ गाजियाबाद में भी राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कवि नगर स्थित रामलीला मैदान से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उसके बाद वहां मौजूद सभी लोगों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण की और सरदार वल्लभभाई पटेल की नीतियों को याद करते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

# हरियाणा विधानसभा सत्र की तैयारियां तेज

## चार नवंबर को प्रोटेम स्पीकर विधायकों को शपथ दिलवाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ विधानसभा में माननीयों के बैठने के लिए भी व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा

■ भाजपा और जजपा के विधायकों की सीटें साथ-साथ लगाई जाएंगी

हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 का सियासी रण फतेह कर आने वाले माननीयों के लिए विधानसभा में तैयारी की जा रही है। इस क्रम में विधानसभा का स्पीकर चुने जाने तक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक डा. रघुबीर कादियान को कार्यवाहक (प्रोटेम) स्पीकर नियुक्त करते हुए इस आशय की अधिसूचना भी राज्यपाल के सत्यदेव आर्य के यहां से जारी कर दी गई है।

इसके अलावा विधानसभा में माननीयों के बैठने के लिए भी (सीटिंग) व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नई व्यवस्था में सत्ताधारी पार्टी भाजपा के साथ में जजपा की सीटें लगायी जाएंगी। जबकि विपक्षी सीटों पर इस बार पूरी तरह से कांग्रेस का कब्जा रहेगा, यह भी तय मानकर चला जा रहा है कि इस बार पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा नेता विपक्ष और कांग्रेस के सीएलपी लीडर भी रहेंगे।।

इस बीच हरियाणा विधानसभा सचिव को पत्र लिखकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के आफिस की ओर से विधानसभा परिसर में उन्हें बैठने के लिए दफ्तर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। अभी इस पर फाइनल फैसला नहीं हुआ है। यहां पर बता दें कि भारतीय जनता पार्टी इस बार हरियाणा में बहुमत से काफी दूर रह गई है। जिसके कारण निर्दलीयों सात के साथ-साथ भाजपा ने जजपा को भी साथ में ले लिया है।



### सचिवालय में दिनभर रही हलचल



हरियाणा सचिवालय में भी विधानसभा सत्र और मंत्रिमंडल विस्तार के बाद बनने वाले मंत्रियों को कार्यालय देने के लिए दिनभर काम चलता रहा। कई कार्यालयों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## रघुवीर कादियान प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किए





2014 में भी कादियान ही प्रोटेम स्पीकर बने थे

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का सत्र चार नवंबर से शुरू होगा। इस दिन विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी और विधानसभा स्पीकर की नियुक्ति होगी। इसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण भी होगा। वहीं गुरुवार को राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने बेरी से कांग्रेस विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादियान को हरियाणा विधान सभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। वे चार नवंबर को सभी विधायकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। कादियान छठी बार विधायक के रूप में चुने गए हैं और वे वर्ष 2006 से 2009 तक अध्यक्ष, हरियाणा विधान सभा के पद पर आसीन रहे। 2014 में भी उन्हें ही प्रोटेम स्पीकर बनाया गया था। बता दें कि जो सबसे वरिष्ठ विधायक होते हैं, उन्हें ही प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता है।

### खबर संक्षेप

### डॉ. कुलदीप सैनी और राज पन्नू पदोन्नत





**चंडीगढ़।** सरकार ने बृहस्पतिवार को तुरंत प्रभाव से सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक (फील्ड) डॉ. कुलदीप सैनी तथा संयुक्त निदेशक (प्रकाशन) राज पन्नू को अतिरिक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया है। डॉ. कुलदीप सैनी ने विभाग में फरवरी,1997 में जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं आरम्भ की थी। वे यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, अम्बाला, सोनीपत तथा भिवानी इत्यादि जिलों में सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे। संयुक्त निदेशक (प्रकाशन) राज पन्नू ने भी 1997 में ही जिला सूचना जन सम्पर्क अधिकारी के रूप में विभाग में अपनी सेवाएं आरम्भ की थी। वे पंचकूला, सोनीपत इत्यादि जिलों तथा मुख्यालय पर विभिन्न पदों पर कार्यरत रहीं।

### 11वीं के दो छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**रेवाड़ी।** सदर थाना क्षेत्र के गांव बोड़िया कमालपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले दो विद्यार्थी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर उनकी तलाश भी की, लेकिन अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। सदर पुलिस के अनुसार गांव रामपुरा निवासी सुरेन्द्र का 16 वर्षीय बेटा दीपांशु व बेरली कलं निवासी धर्मबीर का बेटा गजेन्द्र दोनों दोस्त गांव बोड़िया कमालपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे है। रोजाना की तरह बुधवार को भी दोनों स्कूल में गए थे। स्कूल से छुट्टी होने के बाद दोनों एक साथ निकले थे, लेकिन वापस घर नहीं लौटे। देर शाम तक घर नहीं लौटे तो दोनों के परिजनों ने स्कूल स्टाफ से बात की। उसके बाद हर जगह तलाश की, लेकिन पता नहीं चल पाया। देर रात पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### 59.08 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की आवक

**चंडीगढ़।** प्रदेश की मंडियों में अब तक 59.08 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की आवक हो चुकी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि धान की कुल आवक में से सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा 56.44 लाख मीट्रिक टन से अधिक और मिलरों व डीलरों द्वारा 2.63 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि कुल आवक में से खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने 31.22 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की।



## कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कॉरिडोर का जायजा लिया

**गुरदासपुर।** पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने डेरा बाबा नानक में करतारपुर कॉरिडोर के कार्य का आज निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 9 नवंबर को कॉरिडोर के शुभारंभ पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए किए जा रहे प्रबंधों का भी जायजा लिया। कैप्टन अमरिंदर ने कहा कि नवजोत सिंह सिद्धू को पाकिस्तान से वहां हो रहे कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए न्यौता मिलने के बारे में कहा कि इस बारे में सिद्धू ही बता सकते हैं। सिद्धू ही बताएंगे कि वह पाकिस्तान जाएंगे या नहीं।पत्रकारों से बातचीत मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने करतारपुर कॉरिडोर का कार्य के समय पर पूरा हो जाने का भरोसा जताया। कैप्टन ने कहा कि सारा काम तय शेड्यूल के अनुरूप हो रहा है और 9 नवंबर को उद्घाटन से पहले यह पूरी तरह तैयार हो जाएगा। उनके साथ कैबिनेट मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा, विधायक फतेह जंग सिंह बाजवा भी थे। गुरदासपुर के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) विपुल उज्जवल ने मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर को करतारपुर कॉरिडोर में चल रही तैयारियों संबंधी विस्तार से जानकारी दी।

## पंजाब के मुख्यमंत्री ने वेरका के पियो नेचुरल मिल्क, मिनरल मिक्चर की पेशकश की

**डेरा बाबा नानक (पंजाब)।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिन्दर सिंह ने बृहस्पतिवार को मिल्कफेड पंजाब के वेरका ब्रांड के तहत 200 मिलीलीटर टेट्रा पैक में 'पियो नेचुरल वनीला मिल्क' के साथ साथ 'प्रीमियम चेलेटेड मिनरल मिक्सचर' की पेशकश की। मुख्यमंत्री ने सहकारिता मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा के साथ, प्रीमियम उत्पाद श्रेणी के तहत वेनिला दूध का अनावरण किया, जिसमें 200 मिलीलीटर (एमएल) के पैक के लिए 35 रुपये, और दो किलोग्राम के पैक आकार में प्रीमियम केलेटेड खनिज मिश्रण के लिए 320 रुपये वाला पैक शामिल है। इन उत्पादों को क्रमशः चंडीगढ़ और घानिया-के-बांगर में मिल्कफेड की इकाइयों में निर्मित और पैक किए जा रहे हैं। रंधावा ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के साथ साथ उचित कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दूध उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए मिल्कफेड पंजाब अस्तित्व में आया। रंधावा ने कहा कि अब इस संगठन के पास 5,700 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का मजबूत नेटवर्क है जिसमें लगभग 3.20 लाख किसान सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में मिल्कफेड दुग्ध उत्पादकों को उच्चतम मूल्य दे रहा है, इस प्रकार राज्य में डेयरी किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को उठाने में योगदान दे रहा है। चालू वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर की अवधि के दौरान, मिल्कफेड ने पिछले वर्षों की तुलना में तरल दूध और दूध उत्पादों की सबसे अधिक बिक्री स्तर (14 प्रतिशत) को हासिल किया। वर्ष 2018-19 के दौरान मिल्कफेड का कारोबार 3,902 करोड़ रुपये का हुआ और इस प्रकार वर्ष 2017-18 के दौरान 3,417 करोड़ रुपये के राजस्व के मुकाबले इस बार 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## रत्नावली महोत्सव कल से, तैयारियां पूरी

■ हरियाणा की कला एवं शिल्प को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए इस बार हरियाणा शिल्प ग्राम पंडाल बनाया जाएगा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 2 नवम्बर से होने वाली रत्नावली राज्य स्तरीय सांस्कृतिक समारोह में इस बार दर्शकों को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ हरियाणवी शिल्प ग्राम को देखने का भी दर्शकों को अनूठा अनुभव होगा। हरियाणा की कला एवं शिल्प को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए इस बार हरियाणा शिल्प ग्राम पंडाल बनाया जाएगा जिसमें युवा हरियाणा की कला एवं शिल्प से रूबरू हो सकेंगे। हरियाणा के प्राचीन गांव व उनकी अवधारणा को इस बार देखना है तो रत्नावली उसके लिए सबसे सुनहरा अवसर है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग ने इस बार हरियाणा शिल्प ग्राम को प्रमुखता से जन-जन पहुंचाने के लिए यह प्रयास शुरु किए हैं। गांव की अवधारणा को धरोहर में संजोने के बाद कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने रत्नावली के माध्यम से भी इसे हर वर्ष जीवंत करने का निर्णय लिया है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा ने बताया कि हमारी नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे, इसके लिए उन्हें हरियाणवी शिल्प ग्राम के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## टिक टॉक फिल्माने के लिए युवक को फांसी के फंदे पर लटकाया

**जींद।** टिक टॉक फिल्म बनाने का जादू युवाओं के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। जिसके खतरनाक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। कहीं राह चलती लड़कियों का टिक टॉक बनाकर सोशल मीडिया पर डाला जा रहा है तो कहीं खतरनाक स्टंट के साथ जिंदगी से भी खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसा ही मामला सदर थाना नरवाना के गांव खरड़वाल में सामने आया है। जब टिक टॉक फिल्म बनाने के लिए युवक को पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका दिया। इतफाकिया रस्सी टूट गई, जिस पर युवक नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों द्वारा हालात बिगड़ने पर उसे नरवाना के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। युवक के चाचा की शिकायत पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ जान लेने की कोशिश करने तथा एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खरड़वाल निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव नेहरा निवासी रमन ने उसके भतीजे विकास को गत 22 अक्टूबर को फोन कर खेतों में बुला लिया। रमन ने उसके भतीजे पर टिक टॉक फिल्म बनाने के लिए कहा। जिसमें उसके भतीजे को पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकना था।

## फैसल इमाम ने महालेखाकार का पदभार संभाला



■ 2000 बैच के अधिकारी हैं फैसल इमाम

**चंडीगढ़।** बृहस्पतिवार को फैसल इमाम ने महालेखाकार (लेखापरीक्षा) हरियाणा, चंडीगढ़ का कायभार संभाला। फैसल इमाम भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा के 2000 बैच के अधिकारी है। इससे पूर्व वह बतौर महालेखाकार (लेखा व हकदारी) पंजाब एवं यू.टी. चंडीगढ़ में तैनात थे। इस पहले कार्यालय में पहुंचने पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## स्टार्टअप व उद्यमिता के सीआईआई चेयरमैन ने पम्पकार्ट में निवेश किया

**चंडीगढ़।** सीआईआई में स्टार्टअप्स एवं उद्यमिता के नॉर्थ इंडिया चेयरमैन, डॉ. दिनेश दुआ ने पम्पकार्ट नामक ऑनलाइन बिजनेस टु बिजनेस प्लेटफॉर्म में निवेश किया है, जो ब्रांड टु रिटेलर मॉडल पर काम करता है। केएस भाटिया द्वारा 2014 में स्थापित, बी 2 सी कंपनी के रूप में शुरू होने वाले स्टार्टअप ने इस साल की शुरुआत में बी 2 बी प्लेटफॉर्म पर पम्पों की ऑनलाइन बिक्री शुरू की थी। इसने पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में अपने खुदरा विक्रेता ग्राहकों की सेवा के लिए कई अन्य श्रेणियां भी जोड़ी हैं। डॉ. दुआ, जो वर्तमान में नेक्टर लाइफ साइंसेज लिमिटेड के सीईओ और वाणिज्य मंत्रालय में फार्मेक्सिल के चेयरमैन हैं, ने सीआईआई के लिए स्टार्टअप और उद्यमिता के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार किसी स्टार्टअप में एंजेल इन्वेस्टमेंट किया है। आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व छात्र, डॉ. दुआ ने पम्पकार्ट की यात्रा और इसके बिजनेस मॉडल को समझने में पर्याप्त स मय लगाया।

## लुधियाना में अगवा कर बच्चे से कुकर्म, आरी से काटी गर्दन

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

■ बुधवार दोपहर 3.30 बजे से लापता था बच्चा

मकंद सिंह नगर इलाके में साढ़े चार वर्षीय बच्चे की कुकर्म के बाद हत्या कर दी गई। लापता बच्चे को ढूंढने के बाद उसका शव सामने के क्वार्टर से मिला तो दहशत का माहौल बन गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद एसीपी क्राइम सुरिंदर मोहन, एसीपी संदीप वढ़ेरा और थाना डिवीजन नंबर 6 की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मे मृतक विश्वास के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया। वहीं, क्वार्टर का आरोपी किरायेदार और बच्चे को वहां से निकालने वाले सभी फरार हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बच्चे की मां ने बताया कि वो दो मंजिला वेहड़े में रहते हैं, यहां 75 के करीब क्वार्टर बने हैं। वो दूसरी मंजिल पर लास्ट के क्वार्टर में रहते हैं। उसका पति अशोक सिलाई मशीन फैक्टरी में नौकरी करता है। उसके दो बच्चे दस महीने की बेटी और साढ़े चार साल का बेटा विश्वास था। बुधवार को उसका पति काम पर गया था। इस दौरान घर पर बच्चे और मोहिनी थे। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे विश्वास मां से ये कहकर बाहर बने शौचालय में चला गया कि वो टॉयलेट करने जा रहा है। इसके बाद मोहिनी सो गई। उसने बताया कि नींद में उसे लगा कि उसके बेटे ने उसे अवाज लगाई है, लेकिन तब उसकी आंख नहीं खुली। कुछ देर बाद जब वो शौचालय के पास गई तो वहां उसका बेटा नहीं था। उसने इधर-उधर तलाशा मगर उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद मोहिनी पास ही पति की फैक्टरी में उसे बुलाने के लिए चली गई। उसने वहां जाकर पति को सारी बात बताई। जिसके बाद पति भी अपने साथियों के साथ स्टेशन व बाकी जगह बेटे को तलाशने लगा। इस दौरान रात करीब साढ़े 9 बजे उसे घर से फोन आया कि उसके बेटे का शव सामने के क्वार्टर से मिला है। ये सुनते ही वो घर पहुंचा तो देखा कि उसका बेटा अर्धनग्न हालत में पड़ा था और उसकी पूरी गर्दन कटी हुई थी, जोकि हल्की सी ही धड़ के साथ जुड़ी थी। उसके पास बेल्ट पड़ी थी। जिसके बाद पुलिस पहुंची और सभी चीजें कब्जे में ले ली।

**सचिवालय में कार्यक्रमः** प्रदेश मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा ने कहा कि लोहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने जहां स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई वहीं आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में पिरोने में उन्होंने अपना अहम योगदान दिया। अरोड़ा पटेल की जयंती के अवसर पर हरियाणा सिविल सचिवालय भवन में कर्मचारियों को संबोधित कर रही थी।

# फिल्म निर्माताओं को विभागों में भटकना नहीं पड़ेगा, ऑनलाइन मिलेगी अनुमति

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

■ बुधवार बैठक में लिए गए अहम फैसले

सूबे में नई सरकार के गठन के साथ ही पुराने व लंबित कामकाज गति पकड़ने जा रहे हैं। हरियाणवीं फिल्मों और यहां की प्रतिभाओं को मौका दिए जाने के लिए आई फिल्म नीति के तहत काम करने वाले निर्माताओं की सुविधाओं के लिए सूबे की मनोहर सरकार ने सिंगल विंडों सिस्टम की तर्ज पर आनलाइन तमाम अनुमति देने का कार्यक्रम तैयार कर लिया है। इसी क्रम में बीती शाम को एक अहम बैठक में कई विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए थे।

यहां पर उल्लेखनीय है कि हरियाणा की मनोहरलाल सरकार ने वर्ष 2018 अक्टूबर में हरियाणा की फिल्म पालिसी को मंजूरी दी थी। जिसके बाद में कामकाज थोड़ी मंद गति से चल रहा था। लोकसभा चुनाव व आचार संहिता लगने और उसके बाद में हरियाणा के विधानसभा चुनाव आ जाने के कारण कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। अब नई सरकार के गठन के साथ ही फिल्म निर्माताओं को एक विभाग से दूसरे विभाग में नहीं भटकना पड़े इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम डवलप किया जा रहा है। इसी क्रम में बीती शाम को हरियाणा सचिवालय में एक अहम बैठक हुई है।

जिसमें सूचना विभाग की ओर से संयुक्त निदेशक डा. वेद और एनआईसी अफसरों, पुलिस अफसर, पीआरओ अर्बन लोकल बाडी, हरियाणा पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उच्चपदस्थ भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि फिल्म निर्माताओं को जल्द से जल्द अनुमति देने के लिए ही वर्कशाप कम बैठक रखी गई थी। जिसमें एनआईसी के साइंटिस्ट एफ प्रदीप कुमार कौशल पहुंचे हुए थे। बैठक में फिल्म नीति के संबंध में कई अहम मुद्दों पर चर्चा करने के बाद रणनीति बनी।

### हरियाणवी फिल्मों को प्रोत्साहन मिलेगा

#### ऑफलाइन आवेदन भी पहुंचे

इस संबंध में राज्य सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक डा. वेद ने हरिभूमि द्वारा पूछे जाने पर कहा कि उनके पास राज्य के विभिन्न हिस्सों से दर्जनभर आवेदन ऑफलाइन आ चुके हैं। लेकिन सारा कुछ ऑनलाइन सिस्टम रहे इस दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं,इसीलिए बैठक हुई थी। डा. वेद बताते हैं कि आफलाइन आवेदन करने वालों को नए सिरे से आवेदन करने की जरूरत नहीं हैं। लेकिन नए आवेदकों को आनलाइन ही आवेदन करना होगा। डा. वेद बताते हैं कि पहले उन्हें पुलिस, पर्यटन, नगर निगमों के अलावा कई अथारियों के पास जाना होता था, लेकिन आनलाइन हो जाने के बाद में किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी।

#### कौशिक को सौंपी थी जिम्मेदारी

राज्य की सरकार ने फिल्म अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक को हरियाणा फिल्म पालिसी लांच करने के बाद में अहम जिममेवारी सौंपी है। कौशिक हरियाणा महेंद्रगढ़ दानुंडा गांव से संबंध रखते हैं। कौशिक का हरियाणा की नई प्रतिभाओं को आगे लाने की दिशा में काफी योगदान है। प्रदेश सरकार उनके सहयोग को देखते हुए हरियाणा फिल्म नीति के तहत परियोजनाओं के लिए बतौर गवर्निंग काउंसिल का अध्यक्ष नियुक्त किया था। कौशिक हरियाणा में खेल और वास्तुकला की दृष्टि से फिल्म निर्माण के लिए अच्छा अवसर होने और विरासत को लेकर कई बार अपने दिल की बात रख चुके हैं।

## गोहाना में ट्रांसपोर्टर ने लगाया फंदा, मौत

**गोहाना।** कारोबार में नुकसान होने से परेशान ट्रांसपोर्टर गांव घड़वाल निवासी संदीप (34) पुत्र रामकिशन ने शहर में ट्रक यूनियन कार्यालय के निकट एक कमरे में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। ट्रांसपोर्टर करीब दस दिन पहले एक ट्रक का एक्सीडेंट होने के बाद से परेशान रहने लगा था। परिजनों के अनुसार संदीप के दो ट्रकों के करीब तीन लाख रुपये के चालान भी कट गए थे, जिससे भी परेशान था। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। गांव घड़वाल निवासी संदीप ट्रांसपोर्ट का काम करता था। उसने तीन ट्रक ले रखे थे। संदीप की पत्नी सीमा रानी ने पुलिस को शिकायत दी कि कारोबार में नुकसान होने से उसका पति परेशान रहने लगा था। कई दिन पहले एक ट्रक का भी एक्सीडेंट होने से काफी नुकसान हो गया था। चाचा सतीश ने बताया कि संदीप के दो ट्रकों के बीते दिनों करीब तीन लाख रुपये के चालान भी कर दिए गए थे। नुकसान अधिक बढ़ने से संदीप की परेशानी बढ़ती चली गई। सीमा रानी ने बताया कि बुधवार शाम करीब चार बजे उसका पति शहर के लिए गया था और शाम को करीब नौ बजे तक वापस आने को कहा था। संदीप जब देर रात तक वापस नहीं लौटा तो उसके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
निविदा सूचना

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

बिस्क सर्विसेज लिमिटेड
सूचना

MOHIT PAPER MILLS LIMITED
NOTICE

सार्वजनिक घोषणा
मोहन जेम्स एंड ज्वेल्स प्राईवेट लिमिटेड

गुमशुदा की तलाश



रीना

शुद्धिपत्र सूचना

## खबर संक्षेप

### यमुना में नहाने गए दो लड़कों की डूबकर मौत

**कौशांबी (उप्र)।** सराय अकिल थानाक्षेत्र में बुधवार की शाम यमुना नदी में नहाने गए एक ही परिवार के दो लड़के डूब गए। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि सराय अकिल थानाक्षेत्र के तिल्हापुर गांव निवासी अर्पित (12), अरूण(10) बुधवार की शाम घर में किसी को बताये बगैर गांव के करीब स्थित यमुना नदी में नहाने चले गए। देर शाम तक बच्चों के घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। यमुना नदी के किनारे दोनों बच्चों के कपड़े देख पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से बुधवार की रात नौ बजे अरुण का शव बरामद किया गया। गुरुवार को बारह बजे अर्पित का शव घटनास्थल से तीन किलोमीटर दूर बरामद किया गया।

### सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मौत

**बरेली।** बरेली जिले के ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार दोपहर अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीन व्यक्तियों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। डीएम अरुण कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के थाना आंवला अंतर्गत भमोरा-आंवला मार्ग पर रमनगला बाजार के निकट थाना अलीगंज के ग्राम जोगीठेर निवासी अनी (24) भाई दूज पर ग्राम राजपुर गौटिया गया था। वह वहां से अपनी मामी बेबी (22), पत्नी हरिकेश, ममेरे भाई प्रांश (01), व मानव (ढाई वर्ष) को लेकर बाइक से भारताने गांव गया। वापस लौटते समय आज करीब एक बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें अनी (24), बेबी (22) एवं प्रांश (एक साल) की मौत हो गई तथा एक अन्य बच्चा मानव घायल हो गया।

### प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिवार के लिए प्लॉट, 20 लाख रुपये मांगे

# यूपीः अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या, वकीलों ने घेरी कलेक्ट्रेट

- अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गईः एसएचओ
- बुधवार की रात तीन बजे बाइक से उतरते ही इदरीस को मारी गई गोली
- डीएम से मांगें पूरी किए जाने का आश्वासन मिल जाने के बाद कचहरी वापस आ गए अधिवक्ता



एजेंसी ⏭ प्रयागराज

जिले के करेली थाना अंतर्गत गौस नगर में मुन्ना मस्जिद के पास बुधवार की देर रात एक वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसके विरोध में जिला अदालत के अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार को न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। करेली थाना के एसएचओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक मोहम्मद इदरीस बारा थाना अंतर्गत सेहुड़ा गांव के रहने वाले थे, जिला अदालत में वकालत करते थे। बुधवार की रात करीब तीन बजे उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। 32 वर्षीय इदरीस का शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राकेश कुमार दूबे ने बताया कि मोहम्मद इदरीस बुधवार की रात तीन बजे मोटरसाइकिल से अपने घर पहुंचे। जैसे ही उन्होंने हेलमेट उतारा, किसी ने उनकी कनपटी पर गोली मार दी। उन्होंने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ ने शासन से मृतक के परिवार के लिए 20 लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की है। चूंकि मोहम्मद इदरीस भूमिहीन थे, इसलिए संघ ने शासन से मोहम्मद इदरीस की पत्नी को प्लॉट देने की भी मांग की, इन मांगों के साथ अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। हालांकि डीएम से मांगें पूरी किए जाने का आश्वासन मिलने पर वकील कचहरी वापस आ गए।

### पत्नी की हत्या कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पीटा, मौत

**बांदा।** फतेहपुर जिले के सिमोर गांव में बुधवार को कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या कर भाग रहे युवक की कथित रूप से ग्रामीणों द्वारा की गई पिटाई से मौत हो गई। फतेहपुर के एसपी रमेश ने बृहस्पतिवार को बताया कि छत्तीसगढ़ का रहने वाला युवक नसीर कुरैशी (40) पत्नी अफसरी (35) को लेने उसके मायके सिमोर गांव आया हुआ था। बुधवार को सुबह दंपति के बीच किसी बात पर विवाद हो गया। गुस्से में नसीर ने अफसरी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अफसरी को बचा रही उसकी मां अजगरी व छोटी बहन शबनम भी कुल्हाड़ी लगने से घायल हो गईं। अफसरी की मौत के बाद नसीर वहां से भागने लगा, लेकिन अजगरी व शबनम के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे घेर कर लाठियों से बुरी तरह पीटा, जिससे मौके पर उसकी भी मौत हो गई।

#### गांव में तनाव जैसी स्थिति

एसपी ने बताया कि गांव में तनाव जैसी स्थिति है। वहां भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। युवक और उसकी पत्नी के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं व घायल अजगरी और उसकी बेटी शबनम को इलाज के लिए गाजीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर उन ग्रामीणों की खोजबीन शुरू कर दी गई है, जिनकी पिटाई से नसीर की मौत हुई है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई।

# देश तोड़ने के मंसूबे पूरे नहीं होने देंगेः योगी



**पटेल जयंती को 'रन फॉर यूनिटी' दिवस के रूप में मनाया**

योगी ने कहा कि देश में एकता की इसी मिसाल को आगे बढ़ाते हुए सरदार पटेल जयंती को 'रन फॉर यूनिटी' दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सीएम ने 'रन फॉर यूनिटी' को रवाना किया।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जो ताकतें मत, मजहब व भाषा के आधार पर देश को तोड़ने की कुचेष्टा करेंगी, उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होने दिये जाएंगे।

योगी ने पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 144वीं जयंती के अवसर पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह हम सबका दायित्व बनता है कि अनगिनत बलिदानों के फलस्वरूप जो आजादी प्राप्त हुई है, उस आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। सीएम ने कहा कि सनातन काल से भारत दुनिया का मार्गदर्शक रहा है। सैकड़ों वर्षों की गुलामी के उस कालखंड में जब भारत की अखंडता को आंच आई, तब उस अखंडता के शिल्पकार के रूप में भारत माता के महान सपूत लौह पुरुष सरदार पटेल ने सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था।

पटेल भारत की एकता व अखंडता के सूत्रधार रहे हैं। उनके इस कार्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने गुजरात में सरदार सरोवर बांध पर दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित कराने का कार्य किया है, जिससे देश व दुनिया के लोग सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व से अवगत हो सकें। इस प्रतिमा का निर्माण पूरे देश के किसानों, नौजवानों, मजदूरों व आम नागरिक द्वारा लौह दान के एकत्रीकरण के फलस्वरूप हुआ। इसके माध्यम से राष्ट्र की एकता व अखंडता का नया शंखनाद पूरे देश में हुआ है।

## राज्यपाल व सीएम नीतीश ने पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**पटना।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राजधानी पटना के चितकोहरा पुल के निकट पटेल चौक पर आयोजित राजकीय जयंती समारोह राज्यपाल फागू चौहान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लौह पुरुष के व्यक्तत्वि, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा किये गये त्याग, बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### 'रन फॉर यूनिटी' में रविशंकर के साथ मौजूद रहे भाजपाई



सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर गुरुवार को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन पूरे बिहार में किया गया। राजधानी पटना में केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद के साथ-साथ बीजेपी के कई नेता भी शामिल हुए। बिहार विधानसभा के बाहर सप्तमूर्ति चौराहे से लेकर चितकोहरा पुल के पास स्थित सरदार पटेल चौक तक दौड़ आयोजित की गई। इस दौड़ में पोस्टल विभाग के कर्मी भी शामिल हुए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे। उन्होंने देश की 560 छोटी-बड़ी रियासतों को एक साथ जोड़ा। वहीं, पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री और बीजेपी सांसद राधामोहन सिंह और बीजेपी के फायर ब्रांड नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में शामिल हुए।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत का निर्माण करेंः दास

**रांची।** झारखंड के सीएम रघुवर दास ने कहा कि हम सभी के दिल में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण की भावना होनी चाहिए क्योंकि यही सरदार पटेल के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सीएम दास ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दौड़ कार्यक्रम में गुरुवार को यह कहा कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में काम करना चाहिए। हमारे लिए देश पहले हो यह प्राथमिकता हमें तय करनी है। जीवन में हमें लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों का अनुसरण करते हुए कार्य करना चाहिए। आज राष्ट्रीय एकता दौड़ के अवसर पर हम सब प्रण लें कि देश की एकता के लिए हम काम करेंगे।

## बागपतः सिपाही ने की आत्महत्या

**बागपत।** दोघट थानाक्षेत्र में टीकरी चौकी पर तैनात सिपाही ने गुरुवार सुबह खुद को गोली मारकर कथित रुप से आत्महत्या कर ली। मृतक कांस्टेबल का नाम प्रवीण कुमार है। प्रवीण अमरोहा जनपद के गांव तरारा का रहने वाला था व वर्ष 2016 में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था।

## पिथौरागढ़ः रावत ने किया चुनाव लड़ने से इंकार

एजेंसी ⏭ देहरादून

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने 25 नवंबर को होने जा रहे पिथौरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में उतरने से पूरी तरह इंकार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनका इस सीट से चुनाव लड़ने का कोई सवाल ही नहीं पैदा होता। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उपाध्याय द्वारा सोशल मीडिया पर पार्टी की तरफ से उन्हें उपचुनाव में प्रत्याशी बनाये जाने की वकालत किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रावत ने अटकलों पर पूर्ण विराम लगाते हुए कहा कि पार्टी और वह खुद पूर्व विधायक मयूख महर की उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे हैं। हम सब मयूख महर के लिये मजबूत पैरवी कर रहे हैं। किशोर उपाध्याय बुद्धिजीवी हैं व मुझे नहीं पता कि उन्होंने किस संदर्भ में मेरी पिथौरागढ़ से चुनाव लड़ने की पैरवी की है। मैं उम्मीदवारी की रेस में नहीं हूं। वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रकाश पंत के निधन के कारण पिथौरागढ़ सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

#### 'भाजपा के खिलाफ है देश में माहौल'



हरियाणा, महाराष्ट्र के विस चुनाव परिणामों पर टिप्पणी करते हुए रावत ने कहा कि अगर वहां पर चुनाव थोड़ा और संगठित तरीके से लड़े जाते तो परिणाम पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में ही रहते। इसी संदर्भ में कहा कि पिथौरागढ़ से कांग्रेस बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी, दावा किया कि पूरे देश में माहौल भाजपा के खिलाफ बन रहा है जिसका परिणाम हरियाणा, महाराष्ट्र में देखने को मिला है। लोगों की नौकरियां चली गई हैं, देश की अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। ऐसे में लोग फिर से कांग्रेस की तरफ आशा से देख रहे हैं।

#### नीतीश ने मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होने की बात को किया खारिज

**पटना।** जेडीयू के मोदी मंत्रीमंडल में शामिल होने पर लग रही अटकलों को सीएम नीतीश कुमार ने साफ तौर पर खारिज कर दिया है। सीएम नीतीश ने गुरुवार को पटना में अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। सरदार पटेल के जयंती पर राजकीय समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे सीएम नीतीश ने यह बात कही। बता दें कि बुधवार को फिर जदयू के अध्यक्ष चुने गए थे। इस मौके पर जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने कहा था कि नीतीश कुमार में देश चलाने की क्षमता है। दिल्ली में हुई जदयू की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में बुधवार को बिहार के सीएम नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था। इस मौके पर केसी त्यागी ने मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल होने को लेकर बड़ा बयान दिया था।

### जवाहर पंडित हत्याकांड मामले में करवरिया बंधु दोषी करार

**प्रयागराज।** सपा के विधायक रहे जवाहर पंडित की हत्या के मामले में जिला अदालत ने पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व विधायक उदयभान करवरिया, पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया, उनके रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी को गुरुवार को दोषी करार दिया। जवाहर पंडित की पत्नी व पूर्व विधायक विजमा यादव ने कहा कि तेईस साल बाद हमें न्याय मिला है। अदालत से हमें आगे भी (4 नवंबर को) न्याय की उम्मीद है। पीड़िता विजमा यादव के वकील लल्लन यादव ने बताया कि विशेष अदालत (गैंगस्टर एक्ट) के अपर जिला जज-5 बद्री विशाल पांडेय ने जवाहर पंडित हत्याकांड में करवरिया बंधुओं को दोषी करार दिया है।

## बिहार विसः उपचुनाव में जीतने वाले पांच नए विधायकों ने ग्रहण की सदन की सदस्यता

एजेंसी ⏭ पटना

हाल में बिहार विधानसभा की पांच सीटों पर हुए उपचुनाव में जीतकर आने वाले पांच नए विधायकों को गुरुवार को शपथ दिलाई गई। विधानसभा के मुख्य भवन में अध्यक्ष के कार्यालय में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी की मौजूदगी में विस के सचिव ने सभी सदस्यों को शपथपत्र पढ़वाया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी व संसदीय कार्य मंत्री श्रवण कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे। शपथ ग्रहण के बाद संसदीय कार्य मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि चुनाव का परिणाम आने के बाद ही ये लोग विधायक बन गए थे पर इससे जुड़ी औपचारिकता अब पूरी कर ली गई है।



#### इन नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई गई शपथ

इन नवनिर्वाचित सदस्यों को - किशनगंज (क्षेत्र संख्या 54)- कमरूल होदा (एआइएमआइएम), सिमरी बख्तियारपुर (क्षेत्र संख्या 76)- जफर आलम (राजद), नाथनगर (क्षेत्र संख्या 158)- लक्ष्मीकांत मंडल (जदयू), बेलहर (क्षेत्र संख्या 163)- रामदेव यादव (राजद), दरौंदा (क्षेत्र संख्या 109)- कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (निर्दलीय) शपथ दिलाई गई।

## कमलेश मर्डरः हत्यारोपियों को नेपाल पहुंचाने में मदद करने वाला दबोचा


**लखनऊ।** हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एटीएस की टीम ने हत्यारोपियों के मददगार वकील नावेद के तीसरे साथी कामरान को गुरुवार तड़के बरेली से गिरफ्तार किया।

एटीएस के मुताबिक, कामरान ने हत्यारोपियों को नेपाल पहुंचाने में मदद की थी। वह हत्यारोपियों की मदद करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के वकील का बेहद करीबी थी। इस मामले में हाई कोर्ट के वकील नावेद अपने दो साथियों के साथ पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।



- मामले में हाईकोर्ट के वकील नावेद दो साथियों के साथ पहले ही हो चुके हैं अरेस्ट

## राशिफल 01 नवंबर 2019



**डॉ. प्रेम कुमार शर्मा**
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : किसी महंगी चीज की खरीददारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र पर डील को करने में कामियाब होंगे। परिवारिक समारोह में जाने का दबाव रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहेंगे। **शुभ अंकः** 3, **रंग** : गहरा पीला।

**वृषः** सेहत को लेकर दी गई किसी की सलाह आपके काफी काम आएगी। आर्थिक स्थिति को लेकर दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र पर चीजों को अपने हाथ में लेने की कोशिश करें। **शुभ अंकः** 5, **रंगः** पैरेट ग्रीन।

**मिथुनः** सेहतमंद रहने के लिए खानपान पर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र पर काम की प्रशंसा करेंगे। परिवारिक सदस्य को लेकर चिंता की सभी सराहना करेंगे। **शुभ अंक** : 6, **रंगः** पीच।

**कर्कः** सेहत को लेकर जागरुक रहेंगे। कार्यक्षेत्र पर अचानक मदद मिल सकती है। प्रॉपर्टी को लेकर परिवार के लोगों से अनबन हो सकती है। आज के दिन प्रॉपर्टी से जुड़े काम ना करें। **शुभ अंकः** 22, **रंगः** गहरा नीला।

**सिंहः** आउटडोर स्पोर्ट्स करना सेहत के लिए अच्छा रहेगा। फिजूलखर्चों को कम करने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र पर किसी भी तरह के वाद-विवाद से दूर रहें। **शुभ अंकः** 6, **रंगः** वॉयलेट।

**कन्याः** सेहत को लेकर जागरुक रहेंगे। मोलभाव की कला के चलते किसी महंगी चीज को सस्ते में खरीद सकते हैं। यूनिफार्म सर्विस से जुड़े लोगों को अच्छी जगह पोस्टिंग मिलेगी। **शुभ अंकः** 1, **रंगः** पीच।

**तुलाः** सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। फिजूलखर्चों को कम करने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र पर जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह करेंगे। प्रेम संबंधों में समस्या होगी। **शुभ अंकः** 18, **रंग** : पीला।

**वृश्चिकः** नए व्यापार से लाभ मिलने लगेगा। कार्यक्षेत्र पर चीजें मन-मुताबिक नहीं हो पाएंगी। परिवार के किसी सदस्य की शादी के योग हैं। फ्रेंचाइजी लेना लाभदायक साबित होगा। **शुभ अंकः** 6, **रंग** : नेवी ब्लू।

**धनुः** सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक रुप से मजबूत होने के लिए फिजूलखर्च कम करें। आपके द्वारा शुरु की गई कोई चीज अच्छे परिणाम देगी। रोमांस के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 15, **रंगः** नारंगी।


**मकरः** प्रतिष्ठित असाइनमेंट की जिम्मेदारी मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी। किसी दोस्त या रिश्तेदार के मिलने जा सकते हैं। किसी के साथ भावनाएं शेयर करेंगे। **शुभ अंक** : 2, **रंगः** हल्का नीला।

**कुंभ** : सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करते रहें। आपके निर्णयों के चलते आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर काम के दबाव के चलते अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है। **शुभ अंक** : 2, **रंगः** सफेद।

**मीनः** सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र पर स्वयं को साबित करने में कामयाब होंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 9, रंग : केसरिया।

### : टिप्स :

1. प्रतिदिन कम से कम दस मिनटों तक अपने चूल्हे की ओर भी ध्यान दें। फेंगशुई के अनुसार चूल्हा समृद्धि उत्पन्न करता है और ऐसा विश्वास है कि यह व्यक्ति को आर्थिक रूप से संपन्न बनाता है।
2. अध्ययन कक्ष के दक्षिण-पश्चिम कोने में एक क्वाट्र्ज क्रिस्टल रॉक रखें। यह आगे की पढ़ाई के क्षेत्र में पृथ्वी से मिलने वाली तत्काल सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## वाणावर की गुफाओं की पॉलिश देख कर अचंभित हुए फ्रांस के पर्यटक

एजेंसी ⏭ जहानाबाद

बिहार के जहानाबाद जिले के ऐतिहासिक स्थल प्राकृतिक छटाओं से परिपक्व वाणावर की वादियां गुरुवार को काफी गुलजार दिखा। फ्रांस 15 सदस्यीय टीम वाणावर पहुंचा जो वाणावर पहाड़ एवमं नागार्जुनी पहाड़ के गुफाओं का अवलोकन किया। बोधगया से खिजरसराय के रास्ते वाणावर पहुंचे फ्रांस के पर्यटकों ने कर्ण चौपड़ गुफा, सुदामा गुफा ,लोमस ऋषि गुफा, विश्व झोपड़ी गुफा एवं नागार्जुन पहाड़ पर गोपी गुफा, वेदांती गुफा एवं वापी गुफा का अवलोकन किया। वाणावर पहुंचे विदेशी पर्यटकों ने गुफाओं की पॉलिश देख अचंभित हुए एवं गुफा के अंदर शोर मचा उसके निकलने वाले ध्वनि का आनंद उठाया। टीम लीडर ने बताया कि फ्रांस से 15 सदस्य टीम भारत दर्शन पर बोधगया की रास्ते वाणावर में पहुंचा है। टीम के सदस्य भारत भर में घूम-घूम कर ऐतिहासिक स्थल एवं भगवान बौद्ध एवं अशोक से जुड़े स्थलों का मुआयना करेंगे।



### नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ शुरू

# लगातार दूसरी बार छठ नहीं कर रहीं राबड़ी

एजेंसी ⏭ पटना

लोक आस्था के महापर्व छठ व्रत का चार दिवसीय अनुष्ठान गुरुवार को नहाय-खाय से शुरू हो गया। व्रतियों ने गंगा में डुबकी लगा कर नहाय-खाय के साथ छठ व्रत अनुष्ठान की विधिवत शुरुआत की। इसके बाद व्रतियां गुरुवार को कद्दू-भात खाया। शुक्रवार देर शाम छठ व्रतियां खरना का प्रसाद ग्रहण करने के साथ निर्जला व्रत शुरू करेंगी। छठ व्रत का समापन रविवार को छठव्रतियों द्वारा उगते सूर्य को अर्घ देने के साथ संपन्न होगा। रविवार को अहले सुबह भगवान भास्कर को अर्घ देने के बाद छठ व्रतियां अन्न-जल ग्रहण करेंगी। सीएम ने नीतीश कुमार ने छठ पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

- नीतीश ने दी जनता को छठ पर्व की बधाई



#### लालू के यहां इस साल भी पसरा सन्नाटा

बिहार के लोगों के साथ-साथ सूबे के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार लालू प्रसाद यादव के यहां लगातार दूसरे साल छठ व्रत नहीं हो रहा है। लालू की अनुपस्थिति में इस साल भी उनकी पत्नी राबड़ी देवी छठ व्रत नहीं कर रही हैं। एक टीवी चैनल से बातचीत में उन्होंने कहा, निजी कारणों से वह इस बार भी छठ पूजा नहीं कर रही हैं। छठ पर्व पर हर साल सुर्खियों में रहने वाला लालू परिवार के यहां इस साल भी छठ व्रत पर सन्नाटा पसरा रहेगा। मालूम हो कि राबड़ी ने अंतिम बार साल 2017 में छठ पूजा की थी।

### गिरिराज ने बेगूसराय में किया घाटों का निरीक्षण


**बेगूसराय।** सूर्योपासना का महापर्व छठ सुरक्षित संपन्न कराये जाने को लेकर बेगूसराय के सांसद, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न पोखरों का निरीक्षण किया। तेलिया पोखर, सर्वोदय नगर पोखर, बड़ी पोखर आदि के निरीक्षण के दौरान गिरिराज सिंह ने साथ चल रहे नगर निगम के अधिकारियों को सभी तालाबों में व्यापक सुरक्षा समेत अन्य बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि छठ सिर्फ पर्व नहीं, आस्था और शुचिता का महापर्व है।

## खबर संक्षेप

### राहुल, प्रियंका और कई कांग्रेस नेताओं ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बृहस्पतिवार को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा जन-नायक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर उन्हें नमन। देश के लिए की गई आपकी सेवाओं के लिए हम सब आपके ऋणी हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें याद किया और भाजपा एवं आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि पटेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सख्त खिलाफ थे और आज सत्तारूढ़ पार्टी को उन्हें श्रद्धांजलि देते देख बहुत खुशी होती है।

### नवजात शिशु की मौत, भीड़ ने नर्सिंग होम में तोड़फोड़ की



**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक निजी नर्सिंग होम में एक महीने की शिशु की मौत के बाद भीड़ ने कथित रूप से लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर तोड़फोड़ की । पुलिस ने गुरूवार को इसकी जानकारी दी । पीड़ित लड़की के पिता मसीदुर रहमान ने बताया कि बच्ची को बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था क्योंकि उसके पैर में जन्म के समय जहां इंजेक्शन दिया गया था वहां इंफेक्शन हो गया था । रहमान ने बताया रात दस बजे तक वह ठीक थी । इसके बाद हमें घर जाने के लिए कहा गया क्योंकि नर्सिंग होम के अधिकारियों ने हमें वहां रूकने की अनुमति नहीं दी । देर रात उन्होंने बताया कि बच्ची अब नहीं रही । पिता ने दावा किया कि अस्पताल के अधिकारी इस बात को बताने में विफल रहे कि बच्ची की मौत कैसे हुई ।

### ज्ञान, विज्ञान के क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचने की चुनौती बरकरारः निशंक

नई दिल्ली.ब्यूरो। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने बृहस्पतिवार को इंडिया गेट लॉन में एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर्व-2019 का शुभारंभ करते हुए कहा कि मौजूदा वक्त में देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती वर्ष-2021 तक ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश बनने की है। केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) की ओर से आयोजित किए गए इस पर्व की प्रगति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सपना पूरा करने को लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### इंडिगो के इंजन में खराबी, वापस लौटा विमान

नई दिल्ली। इंडिगो का एक ए320 नियो विमान बुधवार शाम कोलकाता से पुणे जा रहा था, तभी उड़ान के बीच में ही उसके प्रैट और व्हिटनी (पीडब्ल्यू) इंजनों में से एक में खामी आ गई, जिससे मजबूर होकर पायलट को कोलकाता हवाई अड्डे पर लौटना पड़ा। पिछले एक सप्ताह में इंडिगो के विमानों से संबंधित यह चौथी घटना है। 24 से 26 अक्टूबर तक लगातार तीन दिन तक इंडिगो के तीन विमानों की उड़ान के दौरान उनके इंजन खराब होने के मामले सामने आये थे। इस घटना को लेकर विमानन नियामक डीजीसीए ने रखरखाव और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए सोमवार को एयरलाइन के परिसर का दौरा किया।

### 'महा' के गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना

चेन्नई। अरब सागर में उठे चक्रवाती तूफान 'महा' के बृहस्पतिवार को गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने का अनुमान है। स्थानीय मौसम विभाग ने यहां यह बात कही। इसके प्रभाव के चलते लक्षद्वीप में भारी बारिश होने का अनुमान है जिसके मद्देनजर मौसम विभाग ने लक्षद्वीप को रेड मैसेज जारी किया है।

### कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष ने मोदी सरकार पर किया तीखा प्रहार

# चापलूस अधिकारियों की नियुक्ति के लिए केंद्र ने आरटीआई कानून को कमजोर कियाः सोनिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सूचना का अधिकार कानून में संशोधनों को लेकर गुरुवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि इस सरकार ने एजेंडे के तहत संशोधित कानून के माध्यम से सूचना आयुक्तों की स्वायत्तता की बलि चढ़ा दी। वह 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' समारोह में बोल रही थीं। इस बार का पुरस्कार पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट को प्रदान किया गया। उन्होंने यह दावा भी किया कि अब मोदी सरकार अपनी चापलूसी करने वाले अधिकारियों की नियुक्ति कर सकेगी और अपनी जवाबदेही से बच जाएगी। सोनिया ने कहा कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की सबसे गौरवशाली उपलब्धियों में से एक सूचना का अधिकार कानून था जो 2005 में बना था। इस ऐतिहासिक कानून ने सूचना आयोग जैसी संस्था को जन्म दिया, जिसने पिछले 13 साल में प्रजातंत्र के मायने बदलकर शासन तथा प्रशासन में पारदर्शिता लाने एवं सरकारों की आम जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने का काम किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा आरटीआई कानून ने सरकार एवं नागरिकों के बीच उत्तरदायित्व एवं जिम्मेदारी का सीधा संबंध स्थापित किया तथा भ्रष्टाचारी आचरण पर निर्णायक प्रहार भी किया। पूरे देश के आरटीआई कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के उन्मूलन, सरकारी नीतियों की प्रभावशीलता के आकलन तथा नोटबंदी और चुनाव जैसी प्रक्रियाओं की कमियों को उजागर करने के लिए इस कानून का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा यह बात किसी से छिपी नहीं है कि मोदी सरकार आरटीआई की संस्था को अपने निरंकुश एजेंडा को लागू करने में एक बड़ी अड़चन के तौर पर देखती आई है। यह कानून जवाबदेही मांगता है और भाजपा सरकार किसी भी तरह के जवाब देने से साफ-साफ गुरेज करती आई है।



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर उनकी समाधी पर पुष्प अर्पित करती सोनिया गांधी।

#### असहिष्णुता और हिंसा बढ़ रही है

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा समय में समाज पर झूठ और अवैज्ञानिक विचार थोपे जा रहे हैं। वह 'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' समारोह में बोल रही थीं। इस बार का पुरस्कार पर्यावरणविद चंडी प्रसाद भट्ट को प्रदान किया गया। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा आज हम देख रहे हैं असहिष्णुता बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है। इतिहास को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है और समाज पर झूठ एवं अवैज्ञानिक विचार थोपे जा रहे हैं। सोनिया ने कहा कि यह सब हमारे देश की उदारवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रितक बुनियादों के विपरीत है।

- सरकार ने एजेंडे के तहत संशोधित कानून के माध्यम से सूचना आयुक्तों की स्वायत्तता की बलि चढ़ा दी
- भाजपा सरकार किसी भी तरह के जवाब देने से साफ-साफ गुरेज करती आई है

### शिवसेना की दो महिला नेताओं को गोली मारने की धमकी, मामला दर्ज

मुंबई। शिवसेना की प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी और पार्टी की एक स्थानीय पार्षद शीतल म्हात्रे को 'जान से मारने की धमकी देने' को लेकर पुलिस ने एक ट्विटर यूजर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## यौन शोषण और हत्या के मामले में माता-पिता ने मुख्यमंत्री से मांगी मदद

तिरुवनंतपुरम। पालक्काड जिले में 2017 में दो नाबालिग दलित बहनों के यौन शोषण के बाद कथित तौर पर उनकी हत्या के आरोपियों को पिछले दिनों अदालत द्वारा बरी किये जाने के बाद लड़कियों के माता-पिता ने बृहस्पतिवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बच्चियों के माता-पिता आज सुबह यहां पहुंचे और उन्होंने विधानसभा परिसर में विजयन के कार्यालय में उनसे मुलाकात की। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की मांग की। बच्चियों की मां ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने हमें इस मामले में मदद का आश्वासन दिया। हम अपनी बेटियों के लिए इंसाफ चाहते हैं। उन्होंने कहा कि और किसी माता-पिता को इस तरह की वेदना नहीं झेलनी पड़े। बच्चियों के माता-पिता के साथ उपस्थित दलित संगठन केरल पुलयार महासभा के महासचिव पुन्नला श्रीकुमार ने कहा कि सरकार की इस मामले में कुछ सीमाएं हैं क्योंकि मामला अदालत में है। उन्होंने कहा सरकार ने कहा है कि वह आरोपियों को बरी किये जाने के खिलाफ अपील करेगी।




- अदालत ने 13 और 9 साल की बच्चियों के यौन शोषण और उनकी हत्या के आरोपी तीन लोगों को 25 अक्टूबर को बरी कर दिया था

### दिल्ली के तख्त के सामने महाराष्ट्र झुकता नहीं, ये इतिहास है : राकांपा

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मुंबई स्थित कार्यालय के बाहर एक बड़ा बैनर लगाया गया है, जिसमें लिखा है कि महाराष्ट्र का इतिहास है कि वह कभी दिल्ली के तख्त के सामने झुका नहीं है। यह बैनर बुधवार को उस समय देखा गया जब राकांपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। इसमें कहा गया है इतिहास गवाह है कि दिल्ली के तख्त के सामने महाराष्ट्र झुकता नहीं इस बैनर ने पार्टी प्रमुख शरद पवार के उस बयान की याद दिलाई, जो उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सितंबर में उनका नाम धनशोधन के मामले में शामिल करने के बाद दिया था। पवार ने 25 सितंबर को कहा था, महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी की विचारधारा का अनुसरण करता है। हम दिल्ली के तख्त के सामने झुकते नहीं हैं। महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक से जुड़े एक मामले में ईडी द्वारा उनका नाम लेने के बाद पवार ने स्वैच्छिक रूप से एजेंसी के कार्यालय जाने की पेशकश की थी। इसके बाद ईडी को यह कहने के लिए मजबूर होना पड़ा कि उन्हें आने की जरूरत नहीं है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा दल बदलुओं को नहीं देगी तवज्जो


**नई दिल्ली.ब्यूरो।** हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के निराशाजनक परिणामों के बाद भाजपा ने झारखंड के प्रस्तावित चुनाव के लिए अपनी रणनीति बदल ली है। भाजपा अब दल बदलुओं के बजाय पार्टी के निष्ठावान एवं चुनाव जिताऊ उम्मीदवारों को तरजीह देने पर विचार कर रही है। बतादें कि झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भले ही औपचारिक रूप से तिथियों का एलान अभी नहीं हुआ है,लेकिन राजनैतिक दलों के मैदान सजने लगे हैं। एक-एक सीट पर मजबूत दावेदार तलाशे जा रहे हैं। इसी तलाश में पिछले दिनों भाजपा ने सेंधमारी कर कई दलों के विधायकों व नेताओं को अपने पाले में कर लिया। लेकिन महाराष्ट्र व हरियाणा के विधानसभा चुनाव व बिहार के उपचुनाव के नतीजों ने पार्टी नेतृत्व के माथे पर बल ला दिया है। अकेले महाराष्ट्र की बात करें जहां पार्टी ने 19 दलबदलुओं को चुनावी जंग में उतारा था ,लेकिन इसमें से 13 उम्मीदवारों को पराजय का सामना करना पड़ा। कमोवेश यही हाल हरियाणा में भी रहा वहां भी दूसरे दलों से आए उम्मीदवारों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। यही कारण है कि पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति बदलने का फैसला किया है और अब पार्टी कार्यकर्ताओं की पसंद व जिताऊ उम्मीदवारों पर ही दाव लगाने का फैसला किया है।




- एक-एक सीट पर मजबूत दावेदार तलाशे जा रहे हैं

### 15 दिन में डेंगू से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के मंछेरियाल में 15 दिन के अंदर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की संदिग्ध रूप से डेंगू से मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि यहां एक अस्पताल में बुधवार को सोना गुडीमल्ला (29) की मौत हो गई। उन्होंने अपनी मौत से एक दिन पहले बच्ची को जन्म दिया था।



### बारिश में बही सड़क...



कन्याकुमारी जिले में बृहस्पतिवार को भारी वर्षा के बाद बह गई सड़क को देखता एक व्यक्ति ।

## कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा उपचुनाव के लिए आठ उम्मीदवार घोषित किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कर्नाटक में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को आठ उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक की ओर से जारी बयान के मुताबिक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आठ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को स्वीकृति प्रदान की। कांग्रेस ने येल्लापुर से भीमन्ना नाइक, हीरकपुर से बी एच बन्नीकोड, रानीबेन्नूर से केबी कोलिवाड, चिकबल्लापुर से एम अंजनप्पा, आरके पुरा से एम नारायणस्वामी, महालक्ष्मी लेआउट से एम शिवराज, होसकोट से पद्मावती सुरेश और हुनसुर से एचपी मंजूनाथ को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी विधान परिषद की दो सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। चुनाव आयोग ने 17 सीटों में सिर्फ 15 पर उपचुनाव कराने की घोषणा की है। आयोग मास्की और राजराजेश्वरी सीटों के लिये ऐसा नहीं कर सका क्योंकि 2018 के विधानसभा चुनाव से जुड़ी याचिकाएं कर्नाटक उच्च न्यायालय में लंबित हैं।



- चुनाव आयोग ने 17 सीटों में सिर्फ 15 पर उपचुनाव कराने की घोषणा की है

### कुलगाम हत्याकांडः सैकड़ों लोग अंतिम संस्कार में हुए शामिल

# पांच मजदूरों को मुर्शिदाबाद में किया दफन


एजेंसी ▶▶ बहल नगर

कश्मीर में आतंकवादी हमले में मारे गए पश्चिम बंगाल के पांच मजदूरों के शवों को बृहस्पतिवार को मुर्शिदाबाद जिले के उनके गृह नगर में दफन कर दिया गया। उनकी तदफीन (अंतिम संस्कार) में दूर-दराज़ के लोग शामिल हुए। राज्य के मंत्री सुवेंदु अधिकारी और तृणमूल कांग्रेस की सांसद मोहुआ मोइत्रा भी तदफीन में शामिल हुईं और सरकार की तरफ से मृतकों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये के चेक सौंपे। राज्य के शहरी विकास मंत्री फिरहाद हाकिम और स्थानीय नेताओं ने परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को आतंकवादियों ने पांच मजदूरों को उनके किराये के घर से घसीट कर बाहर निकालकर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुर्शिदाबाद से ही ताल्लुक रखने वाला एक अन्य मजदूर हमले में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था और उसका श्रीनगर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सातवां व्यक्ति खाना लेने के लिए बाहर गया हुआ था। इसलिए वह बच गया, लेकिन वह 'सदमे' में है। उसे बुधवार को कोलकाता लाया गया और एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान नईमुद्दीन शेख, मुरसलीम शेख, रफीक शेख, कमरुद्दीन शेख और रफीक उल शेख के तौर पर हुई है।



#### ममता ने घाटी में सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठाया

कोलकाता। जम्मू कश्मीर में आतंकवादी द्वारा पश्चिम बंगाल से पांच मजदूरों की हत्या को पूर्व नियोजित हत्या बताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किये जाने के बाद घाटी में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर बृहस्पतिवार को सवाल उठाया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मजदूर जल्द अपने-अपने घर आने वाले थे। बनर्जी ने कहा लेकिन जिस तरह से उन्हें अगवा किये जाने के बाद निर्ममता से उनकी हत्या की गयी, मुझे लगता है कि पूर्व नियोजित हत्या है। उन्होंने सच का पता लगाने के लिये घटना के संबंध में कड़ी जांच की भी मांग की।



शाइनवेल लीजिंग लिमिटेड
Website: www.shinewellleasing.com
Phone: 011-43675505
सूचना
कृते शाइनवेल लीजिंग लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30.10.2019

डिस्टिंक्टिव प्रॉपर्टीज़ एंड लीजिंग लिमिटेड
Phone: 011-43675505,
सूचना
कृते डिस्टिंक्टिव प्रॉपर्टीज़ एंड लीजिंग लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30.10.2019

The Federal Bank,
D-15, Prashant Vihar, Sector-14
Outer Ring Road, Rohini, Delhi-110085
FEDERAL BANK
Your Perfect Banking Partner
NOTICE FOR PRIVATE SALE OF GOLD

| BRANCH/VENUE | NAME & ACCOUNT NUMBER |
| --- | --- |
| The Federal Bank, D-15, Prashant Vihar, Sector-14 Outer Ring Road, Rohini, Delhi-85 | SEEMA PRUTHI - A/c.14746100017690<br>SEEMA PRUTHI - A/c. 14746100018177 |

PLACE: NEW DELHI DATE: 31.10.2019 Branch Manager, The Federal Bank Ltd.

अपहृत लड़की की तलाश



थाना प्रभारी
थाना हर्ष विहार, दिल्ली
DP/7382/NE/19

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना


[illegible]

## चिंतन

# धरती के स्वर्ग में नए सूर्य का उदय

आजाद भारत के 70 साल के इतिहास में बृहस्पतिवार को वह ऐतिहासिक दिन आ गया जिसका 5 अगस्त से इंतजार किया जा रहा था। देश की जन्नत कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख अब केंद्र शासित प्रदेश बन गए हैं। दोनों के उप राज्यपालों ने शपथ लेकर कार्यभार संभाल लिया है। अब इन राज्यों में संसद के बने कानून लागू हो सकेंगे। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा होगी और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश है। आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती भी, जिनका देशभर की 562 रियासतों को एकसूत्र में पिरोने में अहम योगदान था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के कारण जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के दौरान धारा 370 का पेंच फंस गया। यही धारा राज्य में अलगाव, दहशतगर्दी और भ्रष्टाचार का कारण बनी। इसी की आड़ में पड़ोसी पाकिस्तान घाटी के युवाओं को आजादी के सपने देखाकर भ्रमित करता रहा और धरती का स्वर्ग लहूलुहान होता रहा। पूरे देश में जम्मू-कश्मीर ही एकमात्र स्थान था, जहां आतंकवाद ने 40 हजार लोगों की जान ले ली। हजारों माएं अपने बेटों को खो चुकी हैं, बच्चे अपने माता-पिता खो चुके हैं। अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर में ऐसी अस्थायी दीवार बना रखी थी, जो अलगाववाद फैला रही थी। पूर्ण राज्य रहा जम्मू-कश्मीर आज यानी 31 अक्टूबर से दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में बदल गया। जम्मू-कश्मीर राज्य पुनर्गठन कानून के तहत लद्दाख अब बिना विधानसभा के केंद्र शासित प्रदेश और जम्मू-कश्मीर विधानसभा सहित केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। जम्मू-कश्मीर के लिए गिरीश चंद्र मुर्मू तो लद्दाख के लिए राधा कृष्ण माथुर को उपराज्यपाल बनाया गया है। अभी दोनों राज्यों का एक ही हाईकोर्ट होगा, लेकिन दोनों राज्यों के एडवोकेट जनरल अलग होंगे। सरकारी कर्मचारियों के सामने दोनों केंद्र शासित राज्यों में से किसी एक को चुनने का विकल्प होगा। यहां अधिकतर केंद्रीय कानून जैसे केंद्रीय मानवाधिकार आयोग का कानून, सूचना अधिकार कानून, एनमी प्रॉपर्टी एक्ट और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से रोकने वाला कानून लागू नहीं होते थे, अब केंद्र सभी 106 केंद्रीय कानून लागू हो पाएंगे। जमीन और सरकारी नौकरी पर सिर्फ राज्य के स्थायी निवासियों के अधिकार वाले 35-ए के हटने के बाद केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जमीन से जुड़े कम से कम 7 कानूनों में भी बदलाव होगा। इसके साथ ही 153 ऐसे कानून खत्म हो जाएंगे, जिन्हें राज्य के स्तर पर बनाया गया था। जिस नए कश्मीर का नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही दे चुके हैं, अब उसका शुभारंभ हो गया है। इस मौके पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की संसद ने भारी बहुमत से पांच अगस्त को जो महान निर्णय किया था, उसमें पटेल को समर्पित करता हूं। ये हमारा सौभाग्य है कि सरदार साहब के सपने को पूरा करने का अवसर मिला। अगर इतिहास को आंकें तो सच यही है कि अगर पं. जवाहरलाल नेहरू सरकार तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की मानते तो देश को 70 सालों तक एक देश, दो विधान का दंश नहीं झेलना पड़ता। जम्मू-कश्मीर का अलग संविधान, अलग ध्वज नहीं होते और दशकों तक घाटी में खून-खराबा भी नहीं चलता। चलो देर आए, दुरुस्त आए। अब सरकार ने 370 को खत्म करके अलगाव के बीज का ही अंत कर दिया है। देश में एक संविधान, एक विधान लागू हो गए हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नए मार्ग पर कदम बढ़ा रहे हैं। धरती के स्वर्ग में नए सूर्य का उदय हुआ है। उम्मीद करें कि यह शुरुआत न केवल जम्मू-कश्मीर, लद्दाख बल्कि पूरे देश के लिए स्वर्णिम होगी। राष्ट्र के मस्तिष्क दोनों केंद्र शासित प्रदेश में विकास की बहार होगी और अलगाववाद का अंत।

## सारा संसार



**नेपाल** : भारत की सीमा से लगता नेपाल बेहद खूबसूरत देश है। यहां आप सस्ते में ट्रिप प्लान कर सकते हैं। नेपाल में 1000-1500 में आपको रहने के लिए अच्छा होटेल मिल जाएगा। यहां बख्तारपुर, नागार्जुन नेशनल पार्क, पशुपतिनाथ और सियाचीन मॉनेस्ट्री जैसी कई शानदार जगहों पर आप घूम सकते हैं।

## व्यंग्य

राकेश सोहम

### सतर्कता

मान्यवर, जीवन में जागरूकता अति आवश्यक है। वरना लोग बिना जागे ही जीवन जीने का भरम पाले बैठे हैं। लोग तो यह भी कहते हैं, जब जागे तभी सवेरा। अतः आलसी लोग कुंभकरण नींद से जागते, मतलब के लिए ही हैं! मतलब आने पर जागते हैं और स्वार्थ सिद्धि के बाद, निंद्रा के आगोश में पुनः सो जाते हैं। फिर उन्हें दीन दुनिया की कोई चिंता या फिर किसी से कोई मतलब ही नहीं रहता है। सच तो यह भी है कि जो जागरूक है, वही सतर्क है। सतर्कता और जागरूकता का चोली दामन का साथ है। इस मतलब परस्त दुनिया में दीमक लाल जैसे अनेक लोग स्वार्थ सिद्धि के चलते व्यवस्थाओं में छेद कर उसे खोखला कर रहे हैं। आदरणीय दीमक लाल जीवन पर्यंत उस दर्द से नहीं उबर पाए जो उन्होंने शासकीय सेवा में आने के पूर्व झेला था। वे हमेशा ही उन दिनों को न केवल याद करते हैं, बल्कि अपने साथियों को भी सुनाते रहते हैं। हालांकि यह बात और है कि दीमक लाल ने अपनी योग्यता पर कभी भरोसा नहीं किया। सदैव दूसरों की योग्यता पर भरोसा दिखाते हुए शिक्षा पूरी की और शासकीय सेवा में सेंध लगाने के लिए जुगाड़ भिड़ाते रहे। अंतोगत्वा रिश्वत की मोटी चढ़ोत्तरी के बाद शासकीय सेवा में धमा-चौकड़ी मचाने लगे। जैसे ही वो सेवा में आए उन्होंने सेवा का अर्थ का मायना कुछ और ही बना लिया। इस चढ़ोत्तरी की अलख को उन्होंने सदा हृदय में जगाए रखा और अपनी सेवाओं में इसकी वसूली पूरी सतर्कता और जागरूकता से की। भ्रष्टाचार का स्वाद वे अपने खाने-पीने में अचार की तरह महसूस करते रहे। स्वार्थ सिद्धि के रोग से पीड़ित परजीवी लोग उन्हें तलाशते और दीमक लाल उनका उल्लू सीधा करने में पूरी मदद करते। अपनी तथाकथित सेवादारी से फलते हुए दीमक लाल फूलकर उच्च पद पर पदासीन हो गए। किंतु न जाने क्यों आज उनकी आत्मा पुनः जागरूक होकर ताने दे रही थी। कार्यालय में सतर्कता और जागरूकता के मद्देनजर कार्यक्रम के आयोजनके लिए दिशा निर्देश उनकी टेबल पर मुंह चिढ़ा रहा था। वे इस बारे में कोई भी कार्यवाही करते नजर नहीं आ रहे थे। हर संभव प्रयास था कि यह मामला बस यूं ही दबा रहे, कोई इसके बारे में बात तक न करे। वे अपने गिरेबान में झांकने की अंदरूनी उपक्रम से अभी उबर भी नहीं पाए थे कि उनका मातहत सूचना देने उपस्थित हुआ और बोला, सर । आज आपको समस्त कर्मचारियों के लिए सतर्कता और जागरूकता की शपथ दिलानी है। लोग प्रांगण में आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। वे भारी मन से शपथ की पर्ची हाथ में थामे प्रांगण की ओर बढ़ गए, लेकिन उनके चेहरे पर ऐसे भाव कहीं नजर नहीं आ रहे थे।

# जम्मू-कश्मीर में चुनौतियां



पुनर्गठन

प्रमोद जोशी

> जम्मू-कश्मीर राज्य के पुनर्गठन से इतर तीन तरह की चुनौतियां हैं। पहली पाकिस्तानपरस्त आतंकी गिरोहों की है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था पर हमले कर रहे हैं। अब यदि सरकार सख्ती करेगी, तो उसे सेब के कारोबार से जुड़े लोगों का समर्थन मिलेगा। दूसरी चुनौती राज्य में राजनीतिक शक्तियों के पुनर्गठन की है। और तीसरी चुनौती नए राजनीतिक मुहावरों की है, जो राज्य की जनता को समझ में आएं। ये तीनों चुनौतियां कश्मीर घाटी में हैं। जम्मू और लद्दाख में नहीं।

गत 5 और 6 अगस्त को संसद ने जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन के जिस प्रस्ताव को पास किया था, वह अपनी तार्किक परिणति तक पहुंच चुका है। राज्य का नक्शा बदल गया है और वह दो राज्यों में तब्दील हो चुका है। पर यह औपचारिकता का पहला चरण है। इस प्रक्रिया को पूरा होने में अभी समय लगेगा। कई प्रकार के कानूनी बदलाव अब भी हो रहे हैं। सरकारी अफसरों से लेकर राज्यों की सम्पत्ति के बंटवारे की प्रक्रिया अभी चल ही रही है। राज्य पुनर्गठन विधेयक के तहत साल भर का समय इस काम के लिए मुकर्रर है, पर व्यावहारिक रूप से यह काम बरसों तक चलता है। तेलंगाना राज्य अधिनियम 2013 में पास हुआ था, पर पुनर्गठन से जुड़े मसले अब भी सुलझाए जा रहे हैं।

बहरहाल पुनर्गठन से इतर राज्य में तीन तरह की चुनौतियां हैं। पहली पाकिस्तान, परस्त आतंकी गिरोहों की है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था पर हमले कर रहे हैं। हाल में ट्रक ड्राइवरों की हत्या करके उन्होंने अपने इरादों को जता भी दिया है, पर इस तरीके से वे स्थानीय जनता की नाराजगी भी मोल लेंगे, जो उनकी बंदूक के डर से बोल नहीं पाती थी। अब यदि सरकार सख्ती करेगी, तो उसे कम से कम सेब के कारोबार से जुड़े लोगों का समर्थन मिलेगा। दूसरी चुनौती राज्य में राजनीतिक शक्तियों के पुनर्गठन की है। और तीसरी चुनौती नए राजनीतिक मुहावरों की है, जो राज्य की जनता को समझ में आएं। ये तीनों चुनौतियां कश्मीर घाटी में हैं। जम्मू और लद्दाख में नहीं। सबसे महत्वपूर्ण सवाल है कि घाटी की राजनीति अब किस दिशा में जाएगी? केंद्र के इस फैसले के बाद से राज्य के मुख्यधारा के दल अभी तक समझ नहीं पाए हैं कि उनकी भूमिका क्या है। ज्यादातर नेता नजरबंद हैं, जो बाहर आए हैं, उनमें से बहुत कम के चेहरे अभी सामने आए हैं। सबसे महत्वपूर्ण नेता मुजफ्फर अली बेग हैं, जो कुछ समय पहले तक महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी के महत्वपूर्ण नेताओं में से एक थे, पर जो बगावत करके बाहर आए हैं। राज्य पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान ही ब्लॉक डेवलपमेंट कौंसिल के चुनाव भी राज्य में हुए हैं, जिसमें तमाम नए चेहरे सामने आए हैं। बीडीसी का चुनाव प्रत्यक्ष नहीं होता, उसमें पंचायतों के पदाधिकारी भाग लेते हैं। राज्य में 26629 मतदाताओं को इस चुनाव में भाग लेने का अधिकार था। यह राज्य की नई राजनीतिक शक्ति है। देखना होगा कि इस नई शक्ति की राज्य की राजनीति में क्या भूमिका होती है। इन नए जन प्रतिनिधियों को अपने गांवों की जनता के साथ संपर्क स्थापित करना होगा। अब राज्य में आतंकी संगठन पूरी ताकत के साथ सामने आएंगे। उनसे निपटने की निर्णायक घड़ी भी अब आ रही है।

राज्य सरकार पर अब दो तरह की जिम्मेदारियां हैं। नए जन प्रतिनिधियों को सुरक्षा पहुंचाने की और दूसरी तरफ जनता से सीधे संवाद की। यह सच है कि





पंचायत की अनेक सीटें खाली हैं और काफी प्रतिनिधि निर्विरोध जीतकर आए हैं। इसका मतलब है कि या तो डर के कारण या भावनात्मक प्रचार के कारण जनता का एक हिस्सा सामने नहीं आ रहा है। उसके बीच जाने और उसे आश्वस्त करने की जिम्मेदारी नए प्रशासन की है। यह काम राजनीतिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही हो सकता है। इसलिए देखना होगा कि सरकार नजरबंद कार्यकर्ताओं को कब रिहा करेगी। उनकी रिहाई से ज्यादा महत्वपूर्ण है उनकी भूमिका और उनसे संवाद।

राज्य की नई राजनीति में महत्वपूर्ण साबित होने वाले तीन वरिष्ठ नेता सामने आए हैं। गत सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने दिल्ली में यूरोपियन पार्लियामेंट के प्रतिनिधियों के सम्मान में जो लंच आयोजित किया था, उसमें मुज़फ्फर बेग के अलावा राज्य के पूर्व मंत्री अल्ताफ बुखारी और कांग्रेस के महासचिव और पूर्व विधायक उस्मान मजीद भी शामिल हुए। अल्ताफ बुखारी राज्य के प्रभावशाली व्यापारी हैं और उनका असर भी है। वे कश्मीर के उन गिने-चुने नेताओं में शामिल हैं, जिन्हें 5 अगस्त के बाद नजरबंद नहीं किया गया था। उन्हें भी महबूबा मुफ्ती ने पार्टी से निकाला था। ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी के बागी नेताओं को सबसे पहले अपने साथ लेना चाहती है। मुजफ्फर बेग ने सन 2015 में पीडीपी और बीजेपी के बीच गठबंधन कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। उन्हें भी किसी एजेंडा के साथ अपने समर्थकों के पास जाना होगा। केन्द्र सरकार को किसी न किसी स्तर पर स्थानीय नेताओं को मजबूत बनाना होगा। सन 2015 के गठबंधन के पीछे भी यही उद्देश्य था, पर दोनों तरफ के अंतर्विरोधों ने बात को बढ़ने नहीं दिया। बहुत कुछ कश्मीर के व्यापारियों और सिविल सोसायटी के सदस्यों पर निर्भर करेगा।

संभवतः राज्य में किसी नए दल की भूमिका भी तैयार हो रही है। दिल्ली में अजित डोभाल के लंच से इस बात का संकेत मिलता है कि यह प्रक्रिया अब आगे बढ़ेगी। इस लंच में राजनेताओं के अलावा राज्य के अनेक व्यापारी और पत्रकार भी शामिल हुए। इनमें संदीप चट्टू और शमीम मेराज शामिल हैं, जो रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब के सह-स्वामी हैं। श्रीनगर से प्रकाशित होने वाले अखबार राइजिंग कश्मीर के प्रकाशक और संपादक अयाज गनी भी इस मौके पर मौजूद थे। धीरे-धीरे पाबंदियां हटेंगी और नज़रबंदों की रिहाई भी होगी। अब मुख्यधारा के दलों और हुर्रियत के विभिन्न धड़ों की भूमिका को देखने की जरूरत होगी। साथ ही कांग्रेस पार्टी की भूमिका को भी देखना होगा, जो फिलहाल केन्द्र सरकार के विरोध में है, पर उसे किसी न किसी रूप में राज्य में सक्रिय रहना चाहेगी। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी भी राजनीति से कटकर नहीं रह सकेंगे। वे किस रूप में सामने आएंगे, इसे देखना होगा।

सरकार को इस बात से स्थानीय जनता को आश्वस्त करना चाहिए कि हमने सुरक्षा के कारणों से जम्मू-कश्मीर को केन्द्र शासित राज्य बनाया है, पर हम शीघ्र ही इसे पूर्ण राज्य बनाएंगे। गृहमंत्री अमित शाह यह बात संसद में कह भी चुके हैं। फिलहाल एक बड़ा काम राज्य विधानसभा के चुनाव का है। चुनाव होने के पहले राज्य की राजनीति को स्थिर होने का मौका मिलना चाहिए। इस दौरान नजरबंद नेताओं के साथ भी केन्द्र के प्रतिनिधियों का संवाद चल रहा है। जितनी जल्दी वे वास्तविकता को समझेंगे, उतनी जल्दी चुनाव हो सकेंगे। इन परिस्थितियों में चुनाव कराना आसान नहीं होगा, पर राज्य को फिर से पटरी पर लाने के लिए आवश्यक होगा।

## महात्मा बुद्ध ने दी समाज को नई दिशा




संकलित

**दर्शन**

महात्मा बुद्ध सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे। उनका दर्शन अहिंसा और करुणा का ही दर्शन नहीं है बल्कि क्रांति का दर्शन है। उन्होंने केवल धर्म तीर्थ का ही प्रवर्तन नहीं किया बल्कि एक उन्नत और स्वस्थ समाज के लिए नये मूल्य-मानक गढ़े। उन्होंने प्रगतिशील विचारों को सही दिशा ही नहीं दी बल्कि उनमें आये ठहराव को तोड़कर नयी क्रांति का सूत्रपात किया। गौतम बुद्ध ने बौद्ध धर्म का प्रवर्तन किया और अत्यन्त कुशलता से बौद्ध भिक्षुओं को संगठित किया और लोकतांत्रिक रूप में उनमें एकता की भावना का विकास किया। इसका अहिंसा एवं करुणा का सिद्धांत इतना लुभावना था कि सम्राट अशोक ने दो वर्ष बाद इससे प्रभावित होकर बौद्ध मत को स्वीकार किया और युद्धों पर रोक लगा दी। गौतम बुद्ध ने कहा है कि वास्तव में देखा जाए तो राज-शासन और धर्म-शासन दोनों का ही मुख्य उद्देश्य जनता को सन्मार्ग पर ले जाना है। परन्तु राज-शासन के अधिनायक स्वयं मोहमाया ग्रस्त प्राणी होते हैं, अतः वे समाज सुधार के कार्य में पूर्णतया सफल नहीं हो पाते। भला, जो जिस चीज को अपने हृदयतल में से नहीं मिटा सकता, वह दूसरे हजारों हृदयों से उसे कैसे मिटा सकता है? राज-शासन की आधारशिला प्रेम, स्नेह एवं सद्भाव की भूमि पर नहीं रखी जाती है, वह रखी जाती है, प्रायः भय, आतंक और दमन की नींव पर। यही कारण है कि राज-शासन प्रजा में न्याय, नीति और शांति की रक्षा करता हुआ भी अधिक स्थायी व्यवस्था कायम नहीं कर सकता।

## गुरुनानक जी ने मिटाया जात-पांत का भेदभाव



संकलित

**प्रेरणा**

गुरु नानक देवजी सिखों के पहले गुरु थे। गुरु नानक बचपन से ही गंभीर प्रवृत्ति के थे। बाल्यकाल में जब उनके अन्य साथी खेल कूद में व्यस्त होते थे तो वह अपने नेत्र बंद कर चिंतन मनन में खो जाते थे। अंधविश्वास और आडंबरों के कट्टर विरोधी गुरु नानक का प्रकाश उत्सव (जन्मदिन) कार्तिक पूर्णिमा को मनाया जाता है हालांकि उनका जन्म 15 अप्रैल 1469 को हुआ था। पंजाब के तलवंडी नामक स्थान में एक किसान के घर जन्मे नानक के मस्तक पर शुरू से ही तेज आभा थी। तलवंडी जो कि पाकिस्तान के लाहौर से 30 मील पश्चिम में स्थित है, गुरु नानक का नाम साथ जुड़ने के बाद आगे चलकर ननकाना कहलाया। गुरु नानक देवजी ने जात-पांत को समाप्त करने और सभी को समान दृष्टि से देखने की दिशा में कदम उठाते हुए 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। लंगर में सब छोटे-बड़े, अमीर-गरीब एक ही पंक्ति में बैठकर भोजन करते हैं। आज भी गुरुद्वारों में उसी लंगर की व्यवस्था चल रही है, जहां हर समय हर किसी को भोजन उपलब्ध होता है। इसमें सेवा और भक्ति का भाव मुख्य होता है। गुरु नानक के प्रकाश उत्सव पर प्रति वर्ष भारत से सिख श्रद्धालुओं का जत्था ननकाना साहिब जाकर वहां अरदास करता है। नानक देवजी का जन्मदिन गुरु पूरब के रूप में मनाया जाता है। परमात्मा एक, अनन्त, सर्वशक्तिमान और सत्य है। वह सर्वत्र व्याप्त है। मूर्ति-पूजा आदि निरर्थक है। नाम-स्मरण सर्वोपरि तत्त्व है और नाम गुरु के द्वारा ही प्राप्त होता है।

## अंतर्मन



### आज की पाती


**सेलफोन से बच्चों की पढ़ाई पर असर**

आज सेलफोन का जमाना है। इसका इस्तेमाल बात करने के साथ सोशल एप के माध्यम से तरह-तरह की जानकारी व समाचार प्राप्त करने के लिए होता है। अब किशोर और वयस्क के साथ-साथ बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई के साथ उनकी सेहत पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कई घटनाओं में देखा गया है कि मोबाइल फोन के इस्तेमाल करने से रोकने पर बच्चों ने आत्मघाती या हिंसक कदम तक उठा लिए हैं। इसकी लत रिश्तों में दूरी की वजह बन रही है। हम आसपास रहते हुए भी कई लोगों से बातचीत नहीं कर पाते। यहां तक कि घर के सदस्यों के साथ भी दूरियां बन रही हैं क्योंकि, सेलफोन की लत इतनी बुरी है कि समय का कुछ पता नहीं चल पाता। – **मनमोहन पटेल**

## करंट अफेयर

### भारत-सऊदी पहली बार करेंगे संयुक्त सैन्य अभ्यास

भारत और सऊदी अरब अपना पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास अगले वर्ष मार्च महीने के पहले हफ्ते में करेंगे। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि दोनों पक्ष रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए थे। इस बारे में जानकारी रखने वाले एक भारतीय सूत्र ने कहा कि प्रस्तावित अभ्यासों के बारे में एक तैयारी बैठक इस महीने की शुरुआत में भारत में हुई थी। एक अन्य बैठक दिसंबर में होगी। सूत्र ने बताया, ' 'दोनों पक्ष अगले वर्ष मार्च माह के पहले हफ्ते में पहला संयुक्त नौसेना अभ्यास करेंगे। सूत्रों ने बताया कि खाड़ी साम्राज्य पश्चिमी हिंद सागर में भारत के साथ अपने समुद्री सहयोग को बढ़ाना चाहता है। इस जल क्षेत्र में लाल सागर, अदन की खाड़ी, अरब सागर, ओमान की खाड़ी और फारस की खाड़ी जैसे व्यस्त और संवेदनशील समुद्री मार्ग आते हैं। सऊदी की राष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनी सऊदी अरामको के तेल प्रतिष्ठानों पर ड्रोन और मिसाइल से कई हमले हुए हैं। भारत ने इन हमलों की निंदा की है और आतंकवाद का हर रूप में मुकाबला करने का अपना संकल्प दोहराया है। सूत्रों का कहना है कि दोनों पक्ष शुद्ध रूप से खरीदार और विक्रेता के संबंध से आगे और करीबी रणनीतिक साझेदार बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं। सहयोग के नए क्षेत्रों को देखा गया है जिनमें से एक रक्षा क्षेत्र भी है।



## ऑफ बीट

### एक ही पेड़ पर लगते हैं 40 तरह के फल

आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि एक पेड़ पर एक ही तरह का फल लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं है। दुनिया में एक जगह ऐसी भी है, जहां एक ही पेड़ पर 40 तरह के फल लगते हैं। अमेरिका में एक विजुअल आर्टस के प्रोफेसर ने एक ऐसा ही अद्भुत पौधा तैयार किया है, जिस पर 40 प्रकार के फल लगते हैं। यह अनोखा पौधा ट्री ऑफ 40 नाम से मशहूर है। इसमें बेर, सतालू, खुबानी, चेरी और नेक्टराइन जैसे कई फल लगते हैं। इस अनोखे पेड़ की कीमत करीब 19 लाख रुपये है। दरअसल, वो बगीचा फंड की कमी से बंद होने वाला था, जिसमें कई प्राचीन और दुर्गम पौधों की प्रजातियां भी थीं। प्रोफेसर वॉन ने ग्राफ्टिंग तकनीक की मदद से इस पेड़ को उगाने में सफलता हासिल की। इस बगीचे में कई प्राचीन और दुर्गम पौधों की प्रजातियां भी थी। वॉन का जन्म खेती से संबंधित परिवार में होने के कारण खेती-बाड़ी में उनको हमेशा दिलचस्पी रही। उन्होंने इस बागीचे को लीज पर ले लिया और ग्राफ्टिंग तकनीक की मदद से उन्होंने ट्री ऑफ 40 जैसे अद्भुत कारनामे को अंजाम दिया। ग्राफ्टिंग तकनीक के तहत पौधा तैयार करने के लिए सर्दियों में पेड़ की एक टहनी कली समेत काटकर अलग कर ली जाती है। इसके बाद इस टहनी को मुख्य पेड़ में छेद करके लगा दिया जाता है।




## ट्रेंड

### सरदार साहब को समर्पित



कभी सरदार पटेल ने कहा था कि अगर कश्मीर का मसला उनके पास रहा होता तो उसे सुलझने में इतनी देर नहीं होती। आज उनकी जयंती पर, मैं आर्टिकल 370 और 35 ए को हटाने का फैसला, सरदार साहब को समर्पित करता हूं। **-नरेंद्र मोदी**

### पटेल को श्रद्धांजलि



सरदार पटेल ने भारत को अखंड बनाया पर जम्मू-कश्मीर के रूप में एक कसक छूट गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर को धारा 370 और 35ए के अभिशाप से मुक्त कर सरदार साहब के अधूरे स्वप्न को पूरा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। **-अमित शाह**

### मंसूबें नहीं होंगे पूरे



हमें स्मरण रखना होगा कि जो ताकतें देश को मत, मजहब और भाषा के आधार पर तोड़ने की कुत्सित चेष्टा करेंगी, उनके मंसूबों को हम कभी पूरा नहीं होने देंगे। देश को मिली आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। **- योगी आदित्यनाथ**

### पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



इंदिरा गांधी के योगदान और पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध के दौरान उनके नेतृत्व को याद किया जाना हर भारतीय का कर्तव्य है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। **-ममता बनर्जी**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### प्रधानमंत्री ने देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ पटेल की 144वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# अनुच्छेद 370 से घाटी को सिर्फ आतंकवाद मिला सरदार पटेल की प्रेरणा से इसे खत्म किया: मोदी

एजेंसी ▸▸ केवडिया (गुजरात)

राष्ट्रीय एकता दिवस पर देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अनुच्छेद 370 ने जम्मू कश्मीर को सिर्फ अलगाववाद और आतंकवाद दिये और देश के एकीकरण का स्वप्न देखने वाले पटेल से ही इस अनुच्छेद को समाप्त करने की प्रेरणा मिली।

सरदार पटेल की 144वीं जयंती के अवसर पर यहां 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री की अगुवाई में लोगों ने 'राष्ट्रीय एकता' की शपथ भी ली। जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख में नयी व्यवस्था का मतलब जमीन पर लकीर खींचना नहीं बल्कि विश्वास की एक मजबूत कड़ी बनाना है। मोदी ने कहा कि पटेल ने 550 से ज्यादा रियासतों को एक करके देश को अखंड बनाया, लेकिन एक कसक छूट गयी थी- जम्मू और कश्मीर। जम्मू और कश्मीर का भारत के साथ विलय तो हुआ, लेकिन अनुच्छेद 370 और 35ए के कारण जम्मू और कश्मीर हमारे लिए जैसे एक समस्या बनकर रह गया। गौरतलब है कि आज से जम्मू कश्मीर और लद्दाख दो नए केन्द्र शासित क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में आ गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरदार पटेल से प्रेरित हो कर उनकी सरकार भावनात्मक, आर्थिक और संवैधानिक एकीकरण की दिशा में काम कर रही है।



### कश्मीर का जिक्र कर पाक को दी चेतावनी

प्रधानमंत्री ने कश्मीर का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी। मोदी ने कहा कि जो हमसे युद्ध नहीं जीत सकते, वो हमारी एकता को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी एकता में छेद करने की कोशिश हो रही है। अलगाव को उभारने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी एकता को ललकारा जा रहा है लेकिन वे भूल जाते हैं कि सदियों से ऐसी कोशिशों के बाद भी हमें कोई मिटा नहीं सका। उन्होंने कहा कि जब हमारी विविधता के बीच, एकता पर बल देने वाली बातें होती हैं तो इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब मिलता है।



### आईएएस अधिकारियों से साथ मिलकर काम करने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को युवा आईएएस अधिकारियों से देश के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया और कहा कि अलग-अलग काम करने तथा वरिष्ठता क्रम से काम करने मात्र से व्यवस्था को मदद नहीं मिलेगी। उन्होंने 2024-25 तक भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान भी किया। मोदी गुजरात के नर्मदा जिले में स्थित केवडिया में नौकरशाहों के लिए आयोजित पाठ्यक्रम 'आरंभ' के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ये पाठ्यक्रम आरंभ राष्ट्र केंद्रित और भविष्य केंद्रित है। यह प्रशासन में आमूलचूल बदलाव की शुरुआत करेगा, जिससे लोग एकाकी रहकर काम करना बंद कर देंगे।

## सरदार पटेल को लेकर भाजपा व कांग्रेस में बढ़ी तकरार



नई दिल्ली(ब्यूरो)। सरदार पटेल का विरासत को लेकर भाजपा व कांग्रेस के बीच तकरार बढ़ती ही जा रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा के एक बयान पर ऐतराज जताते हुए भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सरदार पटेल जैसे स्वतंत्रता सेनानियों को बांटने का काम कर रही है,जबकि वे किसी पार्टी के सदस्य न होकर पूरे राष्ट्र के नेता थे। भाजपा प्रवक्ता शहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस ने योजनाओं से लेकर सरकारी भवनों तक सबका नाम केवल एक परिवार के नाम पर ही रखा। तब उन्हें याद नहीं आया कि पटेल भी कांग्रेस के सदस्य थे। अब जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें वह सम्मान दे रहे हैं, जिसके वे हकदार थे तो कांग्रेस को आपत्ति हो रही है। उन्होंने कहाकि कांग्रेस ने सरदार पटेल को जितना अपमानित किया मोदी ने उन्हें उतना ही सम्मान दिया। वैसे भी सरदार पटेल महात्मा गांधी की कांग्रेस के सदस्य थे, जिसे गांधी खुद अपने जीवनकाल में खत्म कर देना चाहते थे। शाहनवाज ने कहा कि पटेल, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी वाली कांग्रेस के सदस्य नही थे।

## मलिक 3 नवंबर को गोवा के राज्यपाल के रूप में लेंगे शपथ



**पणजी**। सत्यपाल मलिक गोवा के राज्यपाल के रूप में तीन नवंबर को शपथ लेंगे। राजभवन के एक अधिकारी ने यहां गुरुवार को यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल मलिक गोवा में मृदुला सिन्हा का स्थान लेंगे। सिन्हा राज्यपाल के रूप में औपचारिक रूप से शुक्रवार को सेवानिवृत्त होंगी। राजभवन के एक अधिकारी ने कहा कि मलिक को बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रदीप नंद्रजोग रविवार को शाम चार बजे पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।


## जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर वाहन पलटा, चार की मौत

**जम्मू**। जम्मू जिले में गुरुवार की सुबह जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक एसयूवी वाहन के डिवाइडर से टकरा कर पलट जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वाहन दस लोगों को लेकर जम्मू जा रहा था जिनमें अधिकतर बिहार से आए मजदूर थे।

*हिंदू कार्यकर्ताओं की हत्या मामला*

## एनआईए ने तमिलनाडु में मारे छापे, दस्तावेज किए जब्त

**चेन्नई**। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोयंबटूर में हिंदू कार्यकर्ताओं की हत्या की जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को तमिलनाडु में कई जगहों पर छापे मारे। एजेंसी ने कहा कि कोयंबटूर, शिवगंगा, तिरुचिरापल्ली, नागपट्टिनम और तूतीकोरिन जिलों में छापे मारे गए, जहां इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए के एक प्रवक्ता के अनुसार, आईएसआईएस कोयंबटूर मामले की जांच के सिलसिले में इन जिलों में छह स्थानों पर छापे मारे गये। एनआईए ने कहा कि यह मामला



कोयंबटूर में कुछ हिंदू कार्यकर्ताओं पर हमला करके आईएसआईएस/दाएश के मकसद को आगे बढ़ाने के इरादे से छह आरोपियों और उनके सहयोगियों द्वारा रचे गए आपराधिक षड्यंत्र से जुड़ा हुआ है। प्रवक्ता ने कहा कि आरोपियों को सितंबर 2018 में राज्य की पुलिस ने गिरफ्तार किया था और इस साल फरवरी में एनआईए ने मामले में इन आरोपियों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर की थी।

### पीएमसी बैंक के एक और खाताधारक की मौत

**मुंबई**। पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक के खाताधारक 68 साल के व्यक्ति की उपनगर मुलुंद में मौत हो गई। इस बैंक में घोटाला हुआ है। उनके रिश्तेदारों ने बृहस्पतिवार को बताया कि उन्होंने उनकी मौत के लिए बैंक को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। केशुमलभाई हिन्दुजा पीएमसी बैंक के ऐसे छठे ज्ञात खाताधारक हैं जिनका निधन बैंक से पैसे की निकासी को सीमित करने के बाद हुआ है। उनके परिवार के एक सदस्य ने बताया कि मुलुंद कॉलोनी के रहने वाले हिन्दुजा को सीने में दर्द की शिकायत के बाद मंगलवार शाम को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## नायडू ने किया राज्यसभा की आठ समितियों का पुनर्गठन

**नई दिल्ली**। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने बृहस्पतिवार को उच्च सदन की आठ समितियों का पुनर्गठन करते हुए भाजपा के प्रभात झा को आचार समिति और बीजद के प्रसन्न आचार्य को याचिका समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। राज्यसभा सचिवालय की ओर से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नायडू ने उच्च सदन की विभिन्न समितियों का पुनर्गठन करते हुये इनके सदस्य और अन्य पदाधिकारियों का फेरबदल किया है। इसके अनुसार प्रभात झा, भाजपा के नारायण लाल पंचारिया की जगह आचार समिति के अध्यक्ष होंगे। झा अभी तक याचिका समिति के अध्यक्ष थे, उनका स्थान प्रसन्न आचार्य लेंगे। नायडू ने कांग्रेस के टी. सुब्बीरामी रेड्डी को एक बार फिर अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के अध्यक्ष पद के लिये नामित किया है।



*रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुए सहमत*


## भारत-सऊदी अरब पहली बार करेंगे संयुक्त सैन्य अभ्यास

एजेंसी ▸▸ रियाद

भारत और सऊदी अरब अपना पहला संयुक्त नौसैनिक अभ्यास अगले वर्ष मार्च महीने के पहले हफ्ते में करेंगे। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि दोनों पक्ष रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए थे। इस बारे में जानकारी रखने वाले एक भारतीय सूत्र ने कहा कि प्रस्तावित अभ्यासों के बारे में एक तैयारी बैठक इस महीने की शुरुआत में भारत में हुई थी। एक अन्य बैठक दिसंबर में होगी। सूत्र ने बताया कि दोनों पक्ष अगले वर्ष मार्च माह के पहले हफ्ते में पहला संयुक्त नौसेना अभ्यास करेंगे। सूत्रों ने बताया कि खाड़ी साम्राज्य पश्चिमी हिंद सागर में भारत के साथ अपने समुद्री सहयोग को बढ़ाना चाहता है। इस जल क्षेत्र में लाल सागर, अदन की खाड़ी, अरब सागर, ओमान की खाड़ी और फारस की खाड़ी जैसे व्यस्त और संवेदनशील समुद्री मार्ग आते हैं। सऊदी की राष्ट्रीय पेट्रोलियम कंपनी सऊदी अरामको के तेल प्रतिष्ठानों पर ड्रोन और मिसाइल से कई हमले हुए हैं। भारत ने इन हमलों की निंदा की है और आतंकवाद का हर रूप में मुकाबला करने का अपना संकल्प दोहराया है।



- अगले वर्ष मार्च माह के पहले हफ्ते में पहला संयुक्त नौसेना अभ्यास करेंगे
- खाड़ी साम्राज्य पश्चिमी हिंद सागर में भारत के साथ अपने समुद्री सहयोग को बढ़ाना चाहता है





**नई दिल्ली।** भारत सरकार के तत्वाधान में दिनांक 28अक्टूबर 2019 से 02 नवम्बर 2019 तक सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने के लिए पंजाब एण्ड सिंध बैंक आंचलिक कार्यालय-नोएडा में आंचलिक प्रबंधक श्री वरिंदर पाल सिंह जी के नेतृत्व में सतर्कता जागरूकता रैली का आयोजन किया गाया ।इस रैली में आंचलिक कार्यालय के अधिकारी सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों ने भी भाग लिया । इस रैली द्वारा ईमानदारीपूर्वक भ्रष्टाचार मुक्त कार्य करने का संदेश समाज को दिया गया ।इस अभियान द्वारा लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ मिलकर लड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की जानकारी तुरंत बिना भय व द्वेष के उचित एजेंसी को देने के लिए लोगों में जन-जागृति लाई गई ।



**गुरूग्राम।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह के अंश के रूम में ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने कॉरपोरेट कार्यालय, गुरूग्राम में एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर अनिंदो मजूमदार, सचिव केंद्रीय सतर्कता आयोग ने ओबीसी के कार्यपालकों को संबोधित किया। मजूमदार ने सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी सुनिश्चित करने में केंद्रीय सतर्कता आयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुकेश कुमार जैन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने निवारक सतर्कता के महत्व के बारे में चर्चा की। बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी अम्बरीष कुमार मिश्रा तथा कार्यकारी निदेशक विजय दूबे एवं बालकृष्ण अल्से एस. भी अन्य कार्यपालकों तथा स्टाफ सदस्यों के साथ इस अवसर पर उपस्थित थे।

### कारोबार के दौरान 40,392.22 अंक तक पहुंचा बीएसई सूचकांक

# नया रिकॉर्ड बनाकर बंद हुआ शेयर बाजार सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ संसेक्स

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बंबई शेयर बाजार का संसेक्स कारोबार के दौरान नए सर्वकालिक स्तर को छूने के बाद गुरुवार को 77 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। निवेशकों का मजबूत वैश्विक रुख के बीच आईटी और बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में भरोसा बरकरार रहा। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला संसेक्स 77.18 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,129.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान संसेक्स 40,392.22 अंक तक चला गया था। यह इसका अब तक का सर्वोच्च स्तर है।

## आखिरी घंटे में रहा काफी उतार -चढ़ाव

इसी प्रकार , नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 33.35 अंक यानी 0.28 प्रतिशत चढ़कर 11,877.45 अंक पर बंद हुआ। हालांकि , अक्टूबर महीने के वायदा एवं विकल्प अनुबंध समाप्त होने से कारोबार के आखिरी घंटे में शेयर बाजार में काफी उतार - चढ़ाव देखने को मिला।


**इनमें रही तेजी:** इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक , इंफोसिस , टाटा मोटर्स , भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और एचडीएफसी के शेयरों में 7.69 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई।

## क्यों आई शेयर में तेजी

*खबर आई है कि हॉन्ग कॉन्ग की कंपनी एसपीजीपी ने 120 करोड़ डॉलर (करीब 8520 करोड़ रुपए) का इन्वेस्टमेंट का ऑफर दिया है। बीएसई को दी गई जानकारी में बताया गया है कि यस बैंक में निवेश को लेकर कई कंपनियों ने अपना रुझान दिखाया है। वहीं, यस बैंक को एक बड़ी कंपनी से बाइडिंग ऑफर भी मिला है। इस खबर के बाद कंपनी के शेयर में तेजी रैली देखने को मिली। शेयर में 4 फीसदी से सीधा 32 फीसदी तक उछाल देखने को मिला। बैंक ने पिछले महीने शेयर बाजार को कहा था कि उसके वित्तपोषण में घरेलू निजी इक्विटी व रणनीतिक निवेशकों तथा विभिन्न विदेशी निवेशकों में दिलचस्पी जाहिर की है। बैंक ने इससे पहले अगस्त में पात्र संस्थागत आवंटन के जरिये 1,930.46 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई थी।*

**खास बातें**

- संसेक्स 77 और निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही
- आईटी और बैंकिंग शेयरो में निवेशकों ने की खरीदारी
- बाजार में लगातार पांचवें दिन रहा तेजी का दौर



**इनमें रही गिरावट:** इसके विपरीत टेक महिंद्रा , एक्सिस बैंक , टाटा स्टील , महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 2.09 प्रतिशत तक गिर गए।

## यस बैंक में विदेशी निवेशक की पेशकश

संसेक्स की कंपनियों में यस बैंक में सबसे ज्यादा 24.03 प्रतिशत की तेजी देखी गई। बैंक ने कहा कि उसे एक विदेशी निवेशक से 1.2 अरब डॉलर के वित्तपोषण के लिए बाध्यकारी पेशकश मिली है। इसके बाद बैंक के शेयर में जबरदस्त उछाल आया।

## यस बैंक के निवेशक हुए मालामाल

यस बैंक को हॉन्ग कॉन्ग की कंपनी से करीब 8520 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट ऑफर मिलते ही शेयर में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। आज के कारोबार में यस बैंक का शेयर करीब 35 फीसदी तक चढ़ गया है। हालांकि, कारोबार के अंत में बैंक शेयर (23.77%) चढ़कर 70.30 के स्तर पर बंद हुआ। बैंक शेयर में आई इस तेजी ने कुछ ही मिनटों में निवेशकों को मालामाल कर दिया।

## विदेशी निवेशकों ने 7,192.42 करोड़ रुपए का किया निवेश

शेयर बाजार के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक , विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बुधवार को पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 7,192.42 करोड़ रुपए का निवेश किया जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 185.87 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## फेड ने तीसरी बार घटाई ब्याज दर

कारोबारियों ने कहा कि अच्छे तिमाही नतीजों,मजबूत विदेशी निवेश और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार के कदम उठाने की उम्मीदों से बाजार की धारणा मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के लगातार तीसरी बार नीतिगत ब्याज दर में कटौती से भी बाजार को बढ़ावा मिला।


# हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

INDIA'S No. 1 ... 09870155846

दुनिया भर के लोग ... अघोरी तांत्रिक बाबा ... स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, प्यार में धोखा आदि । मुझसे पहले काम करके वाले को मुंहमांगा इनाम ।
97 60 37 09 60

**ज्योतिष**

भारत के नं. 1 पहले जानो फिर मानो
मियाँ खान बंगाली
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधान
पंडित अर्जुन शर्मा
8755856653
मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा इनाम
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
9012661598
8191087356

**ज्योतिष**

खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
8929377723
कर भला तो हो भला
MY PROMISE
गुरु अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
8512013053
7428720960

**टावर**

☞ अपनी खाली जमीन, छत, प्लॉट पर निरिक्षण करवाकर जमीन को कमाई का जरिया बनायें डिजिटल मल्टीमिडिया 4G-5G टॉवर लगवायें एडवांस 60 लाख, किराया 45000/- + नौकरी + 20 साल का एग्रीमेंट 82879-57830

**आवश्यकता**

☞ चाहिए अनुभवी सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, गनमैन, फील्ड ऑफिसर, एरिया-गुड़गांव, सोहना रोड़, तावडू, पुन्हाना। वेतन 14,000/- से 25,000/- MOBILE# 9971948829

**आवश्यकता**

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

**फायनेंस**

☞ दिवाली धमाका ऑफर बाजाज फायनेंस कंपनी देश की नम्बर 1 कंपनी सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान। मो.न. 9548973844

**ज्योतिष**

9717041517
9891374839
हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा इनाम
गुरु मिर्जा खान बंगाली
9818053315
9871929265

**चिकित्सा**

नशा मुक्त भारत अभियान
घर बैठे शराब छुड़वायें हमेशा के लिए
बिना बताये बिना बताये दो भी सिर्फ 7 दिन में ...
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

17 सालों से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
9917598041
Fees ₹ 200/-

अब तक परेशान क्यों हैं?
बाबा फरीद खान बंगाली
7688896500

**सूचना**


# सोने में 115 और चांदी में रही 95 रुपए की तेजी

**सोना बढ़कर 39,017 रुपए प्रति 10 ग्राम**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के कारण दिल्ली सराफा बाजार में गुरुवार को सोना 115 रुपए की तेजी के साथ 39,017 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। बुधवार को सोने का भाव 38,902 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कीमतों में मजबूती और



रुपये में गिरावट आने की वजह से दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 115 रुपए ऊंचा बोला गया। पटेल ने कहा कि दिन के कारोबार के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सात पैसे कमजोर हो गया। गुरुवार के कारोबार में चांदी भी 95 रुपए की तेजी के साथ 47,490 रुपए प्रति किलोग्राम पर बोली गई। बुधवार को यह 47,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई था।

**फेड के कटौती का मामूली असर :** पटेल ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बाजार की अपेक्षा के अनुरूप मुख्य ब्याज दर में कटौती की है। हालांकि फेडरल रिजर्व ने मौद्रिक नीति में ब्याज दर के मामले में आगे उदारता बरतने पर रोक लगाए जाने का संकेत दिया है।

## सितंबर में कोर उद्योगों का उत्पादन 5.2 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सितंबर में 5.2 प्रतिशत घट गया है। बुनियादी क्षेत्र के आठ उद्योगों में से सात के उत्पादन में सितंबर में गिरावट आई है। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सितंबर, 2018 में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.3 प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन महीने में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, इस्पात और बिजली क्षेत्र का उत्पादन घट गया। वहीं इस दौरान उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन 5.4 प्रतिशत बढ़ा। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से सितंबर की अवधि में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 1.3 प्रतिशत रह गई। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 5.5 प्रतिशत रही थी।



**बरेली।** ऑरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स सर्कल ऑफिस बरेली के डीडी पुरम स्थित कार्यालय में बुधवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्कल हेड बरेली रवि मोहन दलेना (उपमहाप्रबंधक) ने की। इस अवसर पर सर्कल ऑफिस के विजय मुंजाल, मुकेश चतुर्वेदी, शैलेंद्र पाण्डेय, विनोद गुप्ता तथा अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्कल ऑफिस के सभी स्टाफ को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई गई। विभिन्न शाखाओं द्वारा भी इस दिन सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई। इस सप्ताह के अंतर्गत ग्राम सभा तथा स्कूल/कॉलेज में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।


# स्वर्ण माफी योजना पेश करने का कोई प्रस्ताव नहीं

**आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार सोने के रूप में जमा अघोषित संपत्ति का पता लगाने के लिए स्वर्ण माफी योजना पेश करने पर विचार नहीं कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह स्पष्टीकरण ऐसे समय आया है जब मीडिया में खबरें आ रही हैं कि सरकार माफी योजना ला सकती है। यह लोगों और इकाइयों को बिना मुकदमे के सोने में अपने निवेश का खुलासा करने की अनुमति देगा। सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग ऐसी किसी भी स्वर्ण माफी योजना पर विचार नहीं कर रहा है जैसा कि मीडिया में खबरें चल रही हैं।



उन्होंने कहा कि बजट प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आमतौर पर बजट से पहले इस तरह के कयास सामने आते रहते हैं। मीडिया में आ रही खबरों में कहा गया है कि नई आम माफी योजना से सोने के जमाखोरों को कालेधन से किए गए निवेश को वैध बनाने का मौका मिलेगा। इसके लिए उन्हें अपने पास मौजूद सोने का खुलासा करना होगा और इस पर कर का भुगतान करना होगा।

## भारतीयों के पास 20 हजार टन सोना जमा

भारतीयों के पास लगभग 20,000 टन सोना जमा होगा। अघोषित आयात , पैतृक संपत्ति के रूप में मिले सोने आदि जोड़ लिया जाए तो भारत में 25,000-30,000 टन सोने का वास्तविक भंडार होने का अनुमान है।

*पुराने नोट को चलन से हटाया गया : इससे पहले सरकार ने कालेधन पर लगाम लगाने की कोशिशों के रूप में आठ नवंबर 2016 को 500 और 1,000 रुपए के पुराने नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी।*

# बकाया चुकाने कंपनियों के पास पर्याप्त क्षमताः जियो

- करदाताओं को धन से राहत दिए जाने का कड़ा विरोध

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली।

रिलायंस जियो ने दूरसंचार कंपनियों को करदाताओं के धन से राहत दिए जाने का कड़ा विरोध करते हुए दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद को गुरुवार को एक पत्र लिखा है। कंपनी ने कहा है कि जिन कंपनियों को उच्चतम न्यायालय ने पुराना सरकारी बकाया चुकाने का आदेश दिया गया है, उसके लिए उनके पास 'पर्याप्त' वित्तीय क्षमता है। जियो ने दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनियों के संगठन सीओएआई (सेल्यूलर आपरेटर्स एसोसिएशन) पर सरकार को ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है।

**वित्तीय तंगी का गंभीर चित्रण किया गया :** संगठन ने सरकार को पत्र लिख कर दूरसंचार कंपनियों के समक्ष वित्तीय तंगी का गंभीर चित्रण किया है। लेकिन जियो ने संकट की बात को खारिज करते हुए कहा है कि सीओएआई सभी कानूनी रास्ते बंद होने के बाद अब न्यायालय के निर्णय से प्रभावित कंपनियों को सरकार से राहत दिलाने के लिए 'ब्लैकमेल' करने वाली भाषा का प्रयोग कर रहा है।

## संगठन की दलीलों को जियो ने किया खारिज

जियो ने पत्र में कहा है कि सीओएआई यह जताना चाहती है कि सरकार ने यदि राहत पैकेज तत्काल नहीं दिया तो दो कंपनियां काम करना बंद कर देंगी। पत्र में जियो ने कहा है 'हम सरकार से इस तरह के सुझावों और दलीलों को सख्ती से खारिज करने का अनुरोध करते हैं।'

**ब्लैकमेल करने की कोशिशः** इससे दूरसंचार क्षेत्र डूब जाएगा तथा इस क्षेत्र में अभूतपूर्व संकट खड़ा हो जाएगा। उसने कहा कि सीओएआई कंपनियों में लोगों की नौकरी जाने , सेवा खराब होने और निवेश घटने का डर दिखाकर सरकार को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है।

**दूरसंचार मंत्री को जियो ने लिखा पत्र :** प्रसाद को लिखे पत्र में रिलायंस जियो ने कहा है , 'फैसले से प्रभावित कंपनियां अपनी मौजूदा परिसंपत्तियों/निवेश को बाजार में बेचकर या किराए पर देकर और नए इक्विटी शेयर जारी करके सरकार के बकाए का भुगतान करने की पर्याप्त वित्तीय क्षमता रखती हैं।'

***दो कंपनियां वित्तीय संकट का सामना कर रही***

*वह सीओएआई की इस दलील से असहमति जताई है कि तत्काल सरकार की ओर से किसी तरह की राहत देने के अभाव में इस समय निजी क्षेत्र की तीन में से दो दूरसंचार सेवाप्रदाता कंपनियों एयरटेल तथा वोडाफोन आइडिया को गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ेगा।*

## एआई की मुंबई-अमृतसर -स्टैन्स्टेड उड़ान शुरू

**अमृतसर।** राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया ने मुंबई से स्टैन्स्टेड, ब्रिटेन के लिए उड़ान शुरू की है। यह उड़ान मुंबई से अमृतसर के रास्ते ब्रिटेन में स्टैन्स्टेड के बीच सेवा देगी। उड़ान का परिचालन सप्ताह में तीन दिन होगा। इस उड़ान से नानक देव जी की 550वीं जयंती के अवसर पर अमृतसर की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं का सुविधा होगी। एयर इंडिया ने कहा कि उड़ान का परिचालन सोमवार, गुरुवार और शनिवार को होगा। इस मार्ग पर 256 सीटों वाला बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान परिचालन करेगा। उड़ान संख्या एआई-165 अमृतसर से स्टैन्स्टेड जाएगी। वापसी उड़ान संख्या एआई-166 होगी।


**NOTICE**

It is notified that my Original Qualifying Examination Certificate of Main Senior Secondary Examination of Year 2008 and Roll No. 5214252 issued by CBSE has been actually lost. Name of the candidate Anjali Goyal. Address 132 State Bank Nagar, Paschim Vihar, New Delhi 110063. Tel. 9873006592

प्रत्यर्थी को अपील की सूचना नोटिस
...
अनुभाग अधिकारी
सिविल अनुभाग

# डे-नाइट टेस्ट: गुलाबी गेंद से मैच पहली बार, समझें लाल गेंद से कैसे है अलग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

22 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान पर देश में पहला डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जाने वाले इस मैच में एक महीने से भी कम का वक्त बचा है। ऐसे में गुलाबी गेंद चर्चा में है क्योंकि इस गेंद से भारत में पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर यह गेंद कैसे बर्ताव करेगी। बीसीसीआई ने एसजी कंपनी को भारत और बांग्लादेश मैच के लिए 72 गुलाबी गेंदें बनाने का ऑर्डर दे दिया है। यही कंपनी भारत में होने वाले घरेलू और टेस्ट मैचों के लिए गेंद बनाती है।

एक अखबार के मुताबिक, भारतीय टीम प्रबंधन ने ऐसी गेंद बनाने को कहा है जो भारत में लाल गेंद की तरह ही व्यवहार करे। एसजी की ओर से भी इसकी पुष्टि हो गई है। एसजी के निदेशक पारस आनंद ने बताया, 'हमने खिलाड़ियों से फीडबैक लिए हैं। हमारी सोच यही है कि गुलाबी गेंद को जितना हो सके लाल गेंद जैसा ही बनाएं।' बीसीसीआई चीफ सौरभ गांगुली ने कहा है कि कोलकाता में होने वाले डे-नाइट टेस्ट में बीसीसीआई ड्यूक्स या कूकाबूरा की जगह एसजी टेस्ट गुलाबी गेंद का ही इस्तेमाल करेगा।

### खास बातें

- 22 नवंबर को भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा टेस्ट मैच
- बीसीसीआई ड्यूक्स या कूकाबूरा की जगह गुलाबी गेंद का ही इस्तेमाल करेगा





### बल्ले और गेंद के बीच संतुलन

*गुलाबी गेंद का आकार जल्दी बिगड़ जाता है ऐसे में गेंदबाजों की सहायता के लिए क्यूरेटर्स पिच पर अधिक घास छोड़ने लगे हैं। 2015 में ऐडिलेड में हुए टेस्ट में विकेट पर 11 मिमी घास छोड़ी गई थी ताकि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को अधिक माकूल परिस्थितियां मिल सकें।*

### बीसीसीआई ने 2016 में किया था प्रयोग

*2016 में जब बीसीसीआई ने दलीप ट्रॉफी में पिंक गेंदों को परखने का प्रयोग किया था, तो नतीजा बहुत ज्यादा उत्साहवर्धक नहीं था। उस गुलाबी गेंद से खेलने वाले भारतीय टीम के एक सदस्य ने बताया था, 'बॉल ने बहुत जल्दी अपना रंग खो दिया था। इसे देखना काफी मुश्किल था। खास तौर पर सांझ के समय। साथ ही 20 ओवरों के बाद स्पिनर्स के लिए यह काफी सॉफ्ट हो गई थी। पिच से उछाल हासिल करना भी काफी मुश्किल था।'*

### गुलाबी रंग ही क्यों

नारंगी और पीले को आजमाने के बाद आखिर गुलाबी रंग पर सहमति बनी। पुराने रंगों को टीवी कैमरा पकड़ नहीं पाते थे और यह आंखों को भी चुभता था। **सीम:** शुरुआत में बाहरी सिलाई हरे रंग की थी। लेकिन खिलाड़ियों के फीडबैक के बाद इसे काला किया गया।

### कैसे बनाई जाती है गुलाबी गेंद

**मैटेरियल :** इसे बनाने का तरीका लाल गेंद जैसा ही है। इसमें कॉर्क, रबड़ और ऊन लगता है। हालांकि मुख्य अंतर यह है कि लाल गेंद को ग्रीस में डुबाया जाता है ताकि उसमें पानी न जा सके वहीं गुलाबी गेंद को ग्रीस में डुबाने का उद्देश्य उसकी दृश्यता बढ़ाना होता है।
**कैसे करती है व्यवहार :** शुरुआती 10-15 ओवरों में ज्यादा स्विंग होती है। एक बार सॉफ्ट होने के बाद हालांकि बल्लेबाजों के लिए काफी मददगार हो जाती है। रिवर्स स्विंग होना लगभग नामुमकिन और स्पिनर्स को भी ज्यादा टर्न नहीं मिलता।

### सांझ के समय की चुनौती

अभी तक खेले गए सभी 11 डे-नाइट टेस्ट मैचों में एक बात सामने आई है कि दूसरे सेशन के आखिरी 45 मिनटों में गेंदबाजों का सबसे ज्यादा वर्चस्व देखा गया है। सांझ (सूरज डूबने और आर्टिफिशल लाइट के प्रभावी होने) के समय मौसम ठंडा होने के बाद विकेट तेज हो जाती है और साथ ही इस रोशनी में गेंद को पकड़ पाना भी थोड़ा मुश्किल साबित हो रहा है।

### सर्दियों में गुलाबी गेंद की पहली परीक्षा

22 से 26 नवंबर के बीच ईडन गार्डन पर भारत का पहला डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा। सूरज ढलने के बाद जो पूर्वी भारत में करीब 4:15 के करीब हो जाएगा, सर्दी बढ़ जाती है। ओस पड़ने के बाद गुलाबी गेंद किस तरह व्यवहार करेगी यह सवाल सबके दिल में है।

### गुलाबी गेंद से खेलने का अनुभव

चेतेश्वर पुजारा, मयंक अग्रवाल, ऋषब पंत, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और ऋद्धिमान साहा।

### नंबर्स गेम

11 डे-नाइट टेस्ट मैच खेले गए हैं अभी तक। सभी मैचों के नतीजे निकले हैं
3 मैच खेले गए हैं ऐडिलेड ओवल पर। सबसे ज्यादा डे-नाइट टेस्ट इसी मैदान पर हुए हैं
16 शेड्स (गुलाबी रंग) आजमाए गए फाइनल कलर तक पहुंचने से पहले

## खबर संक्षेप



### लिटन ने अभ्यास के दौरान पहना मास्क

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की हवा की गुणवत्ता इस समय 'गंभीर' श्रेणी में है लेकिन भारत के कार्यवाहक कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि बांग्लादेश के खिलाफ तीन नवंबर को यहां होने वाले पहले टी20 के दौरान प्रदूषण संबंधी कोई समस्या होगी। लेकिन बांग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास को अपनी टीम के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान वायु प्रदूषण से बचने के लिए थोड़े समय के लिए चेहरे पर मास्क लगाए हुए देखा गया। हालांकि रोहित ने इस चिंता को खारिज कर दिया।

### बांग्लादेश के पास भारत को हराने का मौका


**मुंबई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश के पास अपनी बल्लेबाजी में गहराई की बदौलत रविवार से शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला में मजबूत भारत को उसकी सरजमीं पर हराने का बढ़िया मौका है।



लक्ष्मण ने कहा, 'बांग्लादेश के लिए यह भारत को उसकी सरजमीं पर हराने का सर्वश्रेष्ठ मौका है क्योंकि उनका बल्लेबाजी लाइन-अप काफी मजबूत है। हालांकि उनके गेंदबाजी विभाग में दबाव सबसे ज्यादा मुस्तफिजुर रहमान पर होगा क्योंकि टीम में स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजी लाइन-अप थोड़ा अनुभवहीन लगता है।'

### लक्ष्य, मिथुन और राहुल प्री क्वार्टर फाइनल में


**सारब्रकेन।** उभरते हुए भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कड़े मुकाबले में फिनलैंड के एतु हेइनो को हराकर यहां सारलोरलक्स ओपन सुपर टूर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।



लक्ष्य ने बुधवार रात फिनलैंड के खिलाड़ी को 56 मिनट चले दूसरे दौर के मुकाबले में 21-18, 18-21, 22-20 से हराया। मिथुन ने मलेशिया के चोंग यी हान को 21-15, 21-14 से हराया जबकि राहुल ने जर्मनी के काइ स्केफर को 21-13, 21-15 से शिकस्त दी।


### मानसिक रोग से ग्रसित मैकसवेल ने लिया ब्रेक

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के कारण गुरुवार को क्रिकेट से 'संक्षिप्त' ब्रेक लिया और राष्ट्रीय टी20 टीम में डार्सी शार्ट उनकी जगह लेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अनुसार, मैक्सवेल ने टीम के सहायक स्टाफ से कहा कि वह अपने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर परेशान थे और इस दौरान बोर्ड तथा उनकी राज्य की टीम विक्टोरिया ने उनका समर्थन किया।



### हितों का टकराव: द्रविड़ 12 नवंबर को फिर दें जवाब

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के आचरण अधिकारी डीके जैन ने पूर्व दिग्गज भारतीय क्रिकेटर राहुल द्रविड़ को उनके खिलाफ लगाए गए हितों के टकराव के मामले में 'आगे की सुनवाई और स्पष्टीकरण' के लिए उन्हें 12 नवंबर को दूसरी बार निजी तौर पर पेश होने को कहा है। भारत के पूर्व कप्तान 46 साल के द्रविड़ ने इससे पहले 26 सितंबर को मुंबई में निजी सुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखा था। एमपीसीए के आजीवन सदस्य संजय गुप्ता ने द्रविड़ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख के रूप में उनकी मौजूदा भूमिका और इंडिया सीमेंट्स का अधिकारी होने के कारण हितों के टकराव का आरोप लगाया था।



## मुक्केबाजी : थापा ने तोलतायेव को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया


# शिव थापा और पूजा रानी ने ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▸▸| टोक्यो

शिव थापा (63 किग्रा) और पूजा रानी (75 किग्रा) ने गुरुवार को यहां मुक्केबाजी की ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते जबकि आशीष (69 किग्रा) को फाइनल में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चार बार के एशियाई पदक धारक थापा ने कजाखस्तान के राष्ट्रीय चैंपियन और एशियाई कांस्य पदक विजेता सनाताली तोलतायेव को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया।

- आशीष (69 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा

थापा गत राष्ट्रीय चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता हैं। एशियाई खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता रानी ने आस्ट्रेलिया की कैटलिन पार्कर को हराकर स्वर्ण पदक जीता। रानी ने इस साल एशियाई चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था। आशीष को हालांकि फाइनल में जापान के सेवोन ओकोजावा के खिलाफ शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), सुमित सांगवान (91 किग्रा) और वाहलिमपुइया (75 किग्रा) ने बुधवार को सेमीफाइनल में हार के साथ कांस्य पदक जीते थे।



### मेरीकोम 2020 ओलंपिक के लिए दूत समूह में शामिल

नई दिल्ली। छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मेरीकोम को मुक्केबाजी पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यबल ने अगले साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक खेलों से पहले मुक्केबाजों का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 सदस्यीय खिलाड़ी दूत समूह में शामिल किया है। मेरीकोम इस समूह में एशियाई मुक्केबाजों का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस समूह में दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता यूक्रेन के दिग्गज वासिल लामाचेनको (यूरोप) और पांच बार के विश्व चैंपियन तथा 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता जूलियो सेजार ला क्रूज (अमेरिका) जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। राज्यसभा की सदस्य मेरीकोम ने कहा, 'यह बड़े सम्मान की बात है, उपलब्धि की तरह। लेकिन साथ ही जिम्मेदारी भी है क्योंकि मुझे अपने साथी खिलाड़ियों की मदद के लिए काम करना होगा। हमेशा की तरह मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करूंगी।'

#### खिलाड़ी दूत समूह

**पुरुष :** लुकमो लावल (अफ्रीका), जूलियो सेजार ला क्रूज (अमेरिका), जियांगयुआन असियाहु (एशिया), वासिल लामाचेनको (यूरोप), डेविड निका (ओसियाना)।

**महिला :** खदीजा मार्दी (अफ्रीका), मिकाइला मायर (अमेरिका), एमसी मेरीकोम (एशिया), सारा ओरोमोने (यूरोप) और शेली वाट्स (ओसियाना)।

## लक्ष्य, किरण सारलोरलक्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में

एजेंसी ▸▸| सारब्रकेन (जर्मनी)

उभरते हुए भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किरण जार्ज ने गुरूवार को यहां सारलोरलक्स ओपन सुपर टूर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। इसी महीने डच ओपन के रूप में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले लक्ष्य को जर्मनी के लार्स शेंजलर ने वाकओवर दे दिया जबकि किरण ने नीदरलैंड के जोरान क्वीकेल को 21-14 21-16 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। उत्तराखंड के 18 साल के लक्ष्य का सामना अब जर्मनी के मैक्स वेसकिरचेन से होगा जबकि मौजूदा जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियन किरण की क्वार्टरफाइनल में भिड़ंत फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से होगी। छठे वरीय लक्ष्य ने बुधवार रात फिनलैंड के खिलाड़ी एतु हेइनो को 56 मिनट चले दूसरे दौर के मुकाबले में 21-18 18-21 22-20 से हराया था। सितंबर में बेल्जियम इंटरनेशनल में खिताबी जीत के दौरान भी उन्होंने हेइनो को हराया था। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी।

मिथुन मंजूनाथ और बीएम राहुल भारद्वाज का सफर हालांकि प्री क्वार्टरफाइनल में हारने से खत्म हो गया। मिथुन को इंग्लैंड के पांचवें वरीय टोबी पेंटी से 21-15 19-21 11-21 से जबकि राहुल को आयरलैंड के एनहेट एनगुएन से 18-21 14-21 से हार का मुंह देखना पड़ा। इससे पहले मिथुन ने मलेशिया के चोंग यी हान को 21-15 21-14 से हराया जबकि राहुल ने जर्मनी के काइ स्केफर को 21-13 21-15 से शिकस्त दी।

## पूजा अंडर-23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

**बुडापेस्ट।** भारत की पहलवान पूजा गहलोत (53 किग्रा) गुरूवार को यहां यूडब्ल्यूडब्ल्यू अंडर-23 विश्व चैम्पियनशिप 2019 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर पदक की दौड़ में बनी हुई है। पूजा ने क्वालीफाइंग चरण से शुरूआत की जिसमें उन्होंने रूस की कैटरीना वर्बिना को 8-3 से मात दी। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने 8-0 की शानदार जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें वह 2018 जूनियर यूरोपीय कुश्ती चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदकधारी जेनेप येतगिल के सामने होंगी। ज्योति (50 किग्रा) ने भी कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली है। 57 किग्रा में पिंकी रानी ने भी एकतरफा मुकाबले में अमेरिका की अरियन गेरालिन कारपियो को 5-0 से हराकर क्वार्टर में प्रवेश किया। हालांकि वह अंतिम आठ में हनाह फे टेलर से 1-2 से हारकर बाहर हो गयीं। अन्य भारतीय एक भी दौर नहीं जीत सके।

## पेरिस मास्टर्स : बीमार जोकोविच जीते, नडाल भी अगले दौर में



एजेंसी ▸▸| पेरिस

नोवाक जोकोविच ने बीमार होने के बावजूद फ्रांस के लकी लूजर कोरेनटिन मोतेत को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि रफेल नडाल ने एड्रियन मनारिनो को हराया। शीर्ष वरीय जोकोविच ने पहले सेट में दो सेट प्वाइंट बचाते हुए बुधवार को दुनिया के 97वें नंबर के खिलाड़ी मोतेत को 7-6 (7/2), 6-4 से हराया। जोकोविच गुरुवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के काइल एडमंड से भिड़ेंगे।

गले की समस्या से परेशान जोकोविच ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य के लिहाज से मैं शत प्रतिशत ठीक महसूस नहीं कर रहा हूं। इससे आपकी ऊर्जा, कोर्ट पर आपके मूवमेंट पर असर पड़ता है। लेकिन इस तरह के हालात में आपको स्थिति को स्वीकार करना होता है और उबरने के लिए जो संभव हो, वह करना होता है।' नडाल ने स्थानीय वाइल्ड कार्ड धारक मनारिनो के खिलाफ 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता स्टेन वावरिंका से भिड़ेंगे।

## लीवरपूल लीग कप के क्वार्टर फाइनल में



**लंदन।** लीवरपूल ने आर्सेनल के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 5-5 से ड्रा रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में 5-4 की जीत के साथ लीग कप फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शूट आउट में बुधवार को आयरलैंड के 20 साल के गोलकीपर कोइमहिन केलेहर ने डेनी केबालोस की पेनल्टी को रोका जिसके बाद 18 साल के कर्टिस जोन्स ने अंतिम पेनल्टी पर गोल दागकर लीवरपूल को जीत दिलाई। मैनचेस्टर ने भी रोमांचक मुकाबले में चेल्सी को 2-1 से हराया। मार्कस रशफोर्ड ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर यूनाईटेड को बढ़त दिलाई लेकिन मिशी बातशुआयी ने 61वें मिनट में चेल्सी को बराबरी दिला दी। रशफोर्ड ने हालांकि 73वें मिनट में 30 गज की दूरी से फ्री किक पर शानदार गोल दागकर मैनचेस्टर की जीत सुनिश्चित की। एस्टन विला ने भी स्थानीय प्रतिद्वंद्वी वोल्व्स को 2-1 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

## रन फॉर यूनिटी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री पीयूस गोयल बृहस्पतिवार 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जयंती के मौके पर रन फॉर यूनिटी के दौरान पहलवान साक्षी मलिक, रवि दहिया और बजरंग पुनिया के साथ तिरंगे रंग के बैलून उड़ाते हुए।

## ओमान ने करो या मरो के क्वालीफायर मैच में हांगकांग को हराया

# ओमान और स्काटलैंड भी खेलेंगे टी-20 विश्व कप

एजेंसी ▸▸| दुबई

ओमान ने करो या मरो के क्वालीफायर में हांगकांग को 12 रन से हराकर टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया जबकि स्काटलैंड ने भी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 90 रन से हराकर आस्ट्रेलिया में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बनाई।

ओमान और स्काटलैंड से पहले नामीबिया, नीदरलैंड, पापुआ न्यू गिनी और आयरलैंड भी 2020 में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और यूएई में चल रहे टूर्नामेंट में खिताब जीतने की दौड़ में बने हुए हैं। ओमान के 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हांगकांग नौ विकेट पर 122 रन के स्कोर पर रूक गया।



### मुन्से ने स्काटलैंड को दिलाई जीत

*स्काटलैंड ने जार्ज मुन्से की 65 रन की पारी की बदौलत 198 रन बनाए जिसके जवाब में यूएई की टीम 18.3 ओवर में 108 रन पर ढेर हो गई। स्काटलैंड की ओर से मार्क वाट और साफयान शरीफ ने तीन-तीन विकेट चटकाए। स्काटलैंड की टीम को सात टीमों के ग्रुप में जूझना पड़ा जिसमें टीम चौथे स्थान पर रही। इससे पहले भ्रष्टाचार की जांच में चार खिलाड़ियों के निलंबन के कारण कमजोर हुई मेजबान यूएई की टीम खराब नेट रन रेट के कारण अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहते हुए मामूली अंतर से विश्व कप में स्वतः क्वालीफाई करने से चूक गई थी।*

### सभी 16 टीमों के नाम तय

ऑस्ट्रेलिया में अगले साल 18 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच टी20 विश्व कप खेला जाएगा। इसमें हिस्सा लेने वाली सभी 16 टीमों के नाम अब तय हो गए हैं। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, विंडीज, अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, पपुआ न्यू गिनी, आयरलैंड, नामीबिया, नीदरलैंड्स, स्कॉटलैंड और ओमान की टीमें खेलेंगी।

## ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुष हॉकी टीम का सामना रूस से



एजेंसी ▸▸| भुवनेश्वर

भारतीय पुरूष हाकी टीम को शुक्रवार को यहां निचली रैंकिंग की रूस की टीम के खिलाफ होने वाले दो चरण के ओलंपिक क्वालीफायर में आत्ममुग्धता से बचना होगा जबकि महिला टीम को अमेरिका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। दोनों भारतीय टीमें टोक्यो ओलंपिक के लिए टिकट कटाने से महज दो मैच दूर हैं।

मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को हालांकि 22 नंबर के रूस के रूप में आसान प्रतिद्वंद्वी से भिड़ना है जबकि महिलाओं को एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के अंतिम दौर में अमेरिकी लड़कियों का सामना करना है। दोनों टीमें शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो मैच खेलेंगी। दो मैचों के क्वालीफायर में विजेता (पुरुष और महिला टीम में से) 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लेगा।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी कल से थाईलैंड की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 से 4 नवंबर के बीच थाईलैंड की यात्रा करेंगे, जहां वह आसियान-भारत, पूर्वी एशिया और आरसीईपी सम्मेलनों में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) विजय ठाकुर सिंह ने पत्रकारों से कहा कि मोदी थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओ-चा के निमंत्रण पर बैंकॉक जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 16वें आसियान-भारत सम्मेलन, 14वें आसियान एशिया सम्मेलन और तीसरे क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) सम्मेलन समेत संबंधित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। बैंकॉक में आरसीईपी से जुड़े लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत चल रही है।

### दक्षिण फिलीपीन में फिर आया शक्तिशाली भूकंप

**मनीला।** दक्षिण फिलीपीन में एक बार फिर शक्तिशाली भूकंप आया। इस दौरान मलबे में दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे पहले मंगलवार को इस इलाके में आए शक्तिशाली भूकंप में आठ लोगों की जान चली गई थी। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि मिंदानाओ द्वीप पर 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे लोगों में अफरा तफरी मच गई। इस झटके के कारण दक्षिणी शहर दावाओ में एक सरकारी इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह शहर भूकंप के केंद्र से करीब 45 किमी की दूरी पर है। पुलिस ने एएफपी को बताया कि इमारत के क्षतिग्रस्त होने से कम से कम आठ लोग घायल हो गए।

### सीरिया में कार बम विस्फोट में आठ मरे

**बेरूत।** सीरिया के उत्तरी क्षेत्र में एक सब्जी मंडी में बृहस्पतिवार को हुए एक कार बम विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई। तुर्की की सरकारी संवाद समिति अनादोलू ने बताया कि हमले में 14 अन्य लोग घायल हो गए। विस्फोटक एक रेफ्रिजरेटर ट्रक में रखे गए थे। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने भी हमले की जानकारी देते हुए बताया है कि हमले में नौ लोग मारे गये है और 20 अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी सना की खबर के अनुसार विस्फोट एक पेट्रोल स्टेशन के निकट हुआ और इसके आसपास स्थित कुछ मकान और दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई।

### किम ने मून की मां के निधन पर शोक संदेश भेजा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई-इन को उनकी मां के निधन पर शोक संदेश भेजा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया में पैदा हुईं और पली बढ़ी कांग हान-ओके का 92 साल की उम्र में मंगलवार को निधन हो गया। कोरियाई युद्ध के दौरान अमेरिकी बलों ने उन्हें उत्तर कोरिया से निकाला था। राष्ट्रपति कार्यालय की प्रवक्ता को मिन-जुंग ने कहा कि उत्तर कोरिया का एक अज्ञात अधिकारी बुधवार दोपहर को असैन्यकृत जोन में किम का संदेश देकर गया।

## पाकिस्तान: कराची-रावलपिंडी तेजगाम एक्सप्रेस में बड़ा हादसा

# ट्रेन में अंडा उबाल रहे थे यात्री सिलेंडर फटा, 74 की मौत

एजेंसी ⏭ लाहौर

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। यहां कराची-रावलपिंडी तेजगाम एक्सप्रेस में सिलेंडर में धमाका होने की वजह से तीन बोगियां जल गईं। इस हादसे में 74 लोगों से अधिक की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ट्रेन में कुछ लोग अंडा उबाल रहे थे, तभी सिलेंडर में आग लग गई और ये बड़ा हादसा हुआ। पंजाब प्रान्त में लाहौर से 400 किमी दूर रहीम यार खान के पास लियाकतपुर में ट्रेन के तीन डिब्बे आग लगने से पूरी तरह जल गए। डिब्बों में 200 से अधिक यात्री सवार थे। जिला आपदा अधिकारी आरवाई के बाकिर हुसैन ने इस हादसे में 74 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। अधिकारियों ने कहा कि अधिकतर मौत लोगों के ट्रेन से कूदने के कारण हुई। रेलमंत्री शेख रशीद अहमद ने कहा कि चलती ट्रेन में कुछ यात्री दो गैस चूल्हों पर नाश्ता बना रहे थे। इस दौरान सिलेंडर फट गए जिसके कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि ट्रेन में खाना बनाना गैरकानूनी है। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर छोटे थे। अहमद के अनुसार मारे गए लोगों में तब्लीगी जमात (इस्लामी प्रचारक) के लोग शामिल थे, जो एक बड़े आयोजन के लिए लाहौर जा रहे थे। हालांकि तब्लीगी जमात के पदाधिकारियों ने रेलमंत्री के दावे को खारिज करते हुए कहा कि धमाका शार्ट सर्किट के कारण हुआ। लियाकतपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक नदीम जिया ने कहा कि अधिकतर शव इस हालत में थे कि उनकी पहचान नहीं की जा सकी। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान डीएनए जांच से की जाएगी। सेना के एक बयान में कहा गया है कि राहत कार्य जारी है और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलीकाप्टर की मदद ली गई।

**हादसा**

- सिलेंडर में धमाका होने की वजह से तीन बोगियां जल गईं
- डिब्बों में 200 से अधिक यात्री सवार थे
- राहत कार्य जारी, घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलीकाप्टर की ली गई मदद



### ट्रेन से कूदने के कारण हुईं ज्यादातर मौतें

रेल मंत्री शेख रशीद ने जियो न्यूज से बात करते हुए कहा कि आग लगने के बाद लोग अपनी जान बचाने के लिए चलती ट्रेन से कूदने लगे, जहां ज्यादातर मौतें इस कारण हुईं। वहीं, उन्होंने कहा कि 2 घंटों के अंदर ही इस ट्रेन रूट को चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बचाव दल की टीम ने आग को बुझा लिया है और अब स्थिति को सामान्य किया जा रहा है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधान मंत्री इमरान खान ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। पीएम इमरान ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं।

### मृतक के परिजनों को 15-15 लाख रुपए

रेलमंत्री ने स्वीकार किया है कि गैस के सिलिंडरों को ले जाने से न रोक पाना प्रशासन की गलती है। उन्होंने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं और मृतकों के परिजन को मुआवजे के तौर पर 15 लाख और घायलों को पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री इमरान खान ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने घायलों को उचित उपचार मुहैया करवाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

## अमेरिका के एक शीर्ष जनरल ने कहा

# आईएस से खतरा, बगदादी की मौत का ले सकता है बदला

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन



- पेंटागन ने बगदादी पर उत्तर-पश्चिमी सीरिया में अमेरिकी बलों के हमलों से जुड़े छोटे वीडियो जारी किए


अमेरिका के एक शीर्ष जनरल ने कहा है कि आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट अब भी खतरनाक बना हुआ है और अमेरिकी हमले में अपने नेता अबु बक्र अल बगदादी की मौत का बदला लेने के लिए वह हमला कर सकता है। पेंटागन ने इस्लामिक स्टेट के सरगना अबु बक्र अल बगदादी पर उत्तर-पश्चिमी सीरिया में अमेरिकी बलों के हमलों से जुड़े छोटे वीडियो जारी किए हैं। अमेरिका की केंद्रीय कमान के कमांडर जनरल केनैथ मैकेंजी ने वीडियो जारी होने के बाद संवाददाता से कहा कि हो सकता है कि आतंकवादी संगठन का नेतृत्व बंटा हुआ हो, और हो सकता है कि इसे ठीक होने में कुछ वक्त लगे लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि यह खतरा नहीं है। मेकैंजी ने कहा कि आईएसआईएस एक विचारधारा है तो इसलिए हम किसी भ्रम में नहीं है कि यह इतने भर से समाप्त हो जाएगी कि हमने बगदादी को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह खतरनाक रहेंगे। हमें संदेह है कि वह बदला लेने के लिए किसी प्रकार का हमला करेंगे, हम इसके लिए तैयार है। लेकिन हमें यह बात जाननी होगी कि चूंकि यह एक विचारधारा है तो आप इसे पूरी तरह से कभी समाप्त नहीं कर पाएंगे।

### बगदादी पर हमले के बाद बहादुर कुत्ता ड्यूटी पर लौटा

उत्तर पश्चिमी सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के सरगना अबू बक्र अल-बगदादी के ठिकाने पर हमले के दौरान घायल हुआ अमेरिकी सेना का एक कुत्ता अब ठीक हो चुका है और काम पर लौट आया है। एक शीर्ष अमेरिकी जनरल ने यह जानकारी दी। इस कुत्ते ने बगदादी को पकड़ने और उसको मारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल केनेथ मैकेंजी ने बुधवार को पेंटागन के एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा कि कुत्ता चार साल से अपनी सेवा दे रहा है और लगभग 50 युद्धक अभियानों में शामिल रहा है। कुत्ते का नाम उजागर नहीं किया गया है। जनरल ने कहा कि बगदादी पर हमले के बाद सुरंग में बिजली के तार से करंट लगने घायल हो गया था, लेकिन अब वह काम पर लौट आया है।


# 10 देशों के सिख आईसीसीआर की 'तख्त यात्रा' में लेंगे भाग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550वीं जयंती समारोह के मौके पर विभिन्न देशों के सिख युवकों के लिए तीन दिवसीय 'तख्त दर्शन यात्रा' का आयोजन करेगी। आईसीसीआर के अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे ने बृहस्पतिवार को कहा कि परिषद 'श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं और सार्वभौमिक कल्याण के लिए सिख धर्म के योगदान' पर अंतरराष्ट्रीय युवा संगोष्ठि का आयोजन भी कर रही है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संगोष्ठि के बाद तीन तख्तों पटना साहिब, स्वर्ण मंदिर और नांदेड़ में हजूर साहिब की तीन दिवसीय 'तख्त दर्शन यात्रा' होगी। सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन, मलेशिया, कनाडा, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर और इटली के करीब 40 सिख युवा तथा भारत के 20 युवक संगोष्ठि में भाग लेंगे।

# फेसबुक नहीं लगाएगी राजनीतिक विज्ञापनों पर रोक



**नई दिल्ली।** फेसबुक ने राजनीतिक विज्ञापनों को उम्मीदवार तथा लॉबिंग समूहों की आवाज के लिए जरूरी बताते हुए अपने प्लेटफॉर्म पर इस तरह के विज्ञापनों को बंद करने से इनकार किया है। फेसबुक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक लोकतंत्र में नेताओं या खबरों पर रोक लगाना निजी कंपनियों के लिए ठीक है। हमने पहले भी इस बात पर विचार किया है कि हमें ऐसे विज्ञापन चलाने चाहिए या नहीं और हम आगे भी इसपर विचार करते रहेंगे। हालांकि अभी के हिसाब से हमने इसे जारी रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने गूगल, यूट्यूब, केबल नेटवर्क और टेलीविजन चैनलों का जिक्र करते हुए कहा कि ये सब अपने प्लेटफॉर्म पर ऐसे विज्ञापन चलाते हैं। जुकरबर्ग ने कहा कि कंपनी ने इन विज्ञापनों को राजस्व के कारण जारी रखने का फैसला नहीं लिया है।

## खुशी...



जम्मू में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सदस्य जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा मिलने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करती हुईं।

# रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों में दो भारतीय-अमेरिकियों का नाम भी जुड़ा

एजेंसी ⏭ ह्यूस्टन



अमेरिका में होने वाले चुनावों में दो भारतीय अमेरिकियों का नाम रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवारों की सूची में शामिल हो गया है जो टेक्सास के कांग्रेसनल जिले से नामांकन पत्र दाखिल करना चाहते हैं। फोर्टबेंड जिले के बांगर रेड्डी और डैन मैथ्यूज टेक्सास के 22वें कांग्रेसनल जिले से नये उम्मीदवार हैं, जो अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसद पीट ओल्सन का स्थान लेने की उम्मीद कर रहे हैं। ओल्सन 2009 से इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पिछले 25 वर्षों से भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सक्रिय सदस्य रेड्डी मूल रूप से तेलंगाना के मध्यमवर्गीय किसान परिवार से हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग में दो बार मास्टर की डिग्री ली है। रेड्डी के पास आईटी उद्योग में पेशेवर के तौर पर 20 साल का अनुभव है। उन्होंने कहा कि वह अपने अभियान की औपचारिक तौर पर घोषणा करने से पहले इस सप्ताह संघीय निर्वाचन आयोग में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उनका मुख्य एजेंडा रूढ़िवादी मूल्यों के साथ रिपब्लिकन उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ना और जनता की सेवा के लिए राजनीति का इस्तेमाल करना है। पेशे से केमिकल इंजीनियर मैथ्यूज ने कहा कि अपनी उम्मीदवारी से वह 'रिपब्लिकन पार्टी (ग्रैंड ओल्ड पार्टी-जीओपी) में विविधता' ला रहे हैं।


# जापान के ओकिनावा में महल में लगी आग, विश्व धरोहर का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त

**तोक्यो।** जापान के दक्षिणी द्वीप ओकिनावा में स्थित ऐतिहासिक महल में बृहस्पतिवार को आग लग गई जिससे इस विश्व धरोहर स्थल के परिसर का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शूरी महल रयूकू साम्राज्य के समय में बने परिसर का मुख्य हिस्सा है और समझा जाता है कि करीब 1400 ईस्वी से इसका इस्तेमाल हो रहा है। मौजूदा ढांचे के अधिकतर हिस्से का पुनर्निर्माण मूल योजनाओं एवं पुराने महल की तस्वीरों के आधार पर किया गया। स्थानीय दमकल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग महल परिसर के 4,800 वर्ग मीटर (51,667 वर्ग फुट) से अधिक हिस्से में फैल गयी।



# ईयू ने की भारत-पाक से कश्मीर मामले पर बातचीत करने की अपील

एजेंसी ⏭ संयुक्त राष्ट्र



जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के केन्द्र सरकार के फैसले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर मामले पर तल्खी को देखते हुए यूरोपीय संघ ने दोनों देशों से तनाव को कम करने और इस मामले के शांतिपूर्ण राजनीति समाधान के लिए द्विपक्षीय बातचीत शुरू करने को कहा है। यूरोपीय संघ के शिष्टमंडल की प्रथम सचिव मार्कोटा होमोल्कोवा ने जिनेवा में 'क्षेत्रीय निरस्त्रीकरण एवं सुरक्षा' पर महासभा की पहली समिति चर्चा में मंगलवार को यह बात कही। ईयू अधिकारी ने यहां कहा कि कश्मीर पर तनाव की नयी स्थितियों के वक्त हमने दोनों पक्षों से तनाव नहीं बढ़ाने और शांतिपूर्ण एवं राजनीतिक समाधान के लिए द्विपक्षीय बातचीत शुरू करने को कहा है। उनका यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब ईयू का 23 सदस्यीय शिष्टमंडल कश्मीर के वास्तविक हालात का जायजा लेने के लिए वहां गया था। बुधवार को इस दल ने अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद अनुच्छेद 370 को रद्द करने को भारत का आंतरिक मामला बताया और कहा कि वह आतंकवाद के साथ लड़ाई में देश के साथ है। प्रथम सचिव ने अपने बयान में सीरिया में चल रहे युद्ध का भी जिक्र किया।

# गिनीज बुक में भारत के 80 कारनामे शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गिनीज विश्व रिकार्ड नये संस्करण में भारत के कुल 80 कारनामें शामिल हैं जिनमें एक किशोरी के सबसे लंबे बाल, सबसे बौनी जीवित महिला और कागज के कप का सबसे बड़ा कलेक्शन शामिल है। इसके प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस ने गुरूवार को इसकी घोषणा की है। 'गिनीज विश्व रिकार्ड 2020' पुस्तक में हजारों नये रिकार्ड शामिल हैं जिससे सभी आयु वर्ग के पाठकों का ज्ञानवर्द्धन एवं मनोरंजन होगा। इस रिकार्ड बुक में भारत की 16 साल की निलांशी पटेल का नाम शामिल है जिसके बालों की लंबाई पांच फुट सात इंच है। दूसरी ओर नागपुर की ज्योति अमागे की लंबाई 24.7 ईंच है और उनके नाम सबसे छोटी (बौनी) महिला होने का रिकार्ड दर्ज है। पुणे शहर के श्रीधर चिल्लल के बायें हाथ में सबसे अधिक लंबा नाखून है जिसकी लंबाई 909.6 (358.1 ईंच) सेंटीमीटर है। तमिलनाडु के वी शंकरनारायणन ने इस पुस्तक में अपना नाम कागज के कप के सबसे बड़े संग्रह के लिए दर्ज कराया है और उनके पास कुल 736 कप हैं।

- 'गिनीज विश्व रिकार्ड 2020' पुस्तक में हजारों नये रिकार्ड शामिल हैं जिससे सभी आयु वर्ग के पाठकों का ज्ञानवर्द्धन एवं मनोरंजन होगा

## सिंगर नेहा भसीन ने लगाया अनु मलिक पर आरोप

# कहा- मैं सीडी देने गई थी, तब अनु ने किया गलत बर्ताव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पिछले साल शुरू हुए मीटू मूवमेंट के तहत बॉलीवुड की कई मशहूर हस्तियां इसकी चपेट में आती दिखीं थीं। अपने साथ यौन शोषण या हिंसा की शिकार हुई कई लड़कियों ने दुनिया के सामने अपनी आप बीती बताते हुए हल्ला बोला था। अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर सिंगर सोना महापात्रा ने म्यूजिक कंपोजर अनु मलिक पर गलत तरह से व्यवहार करने का आरोप लगाया था। अब सोना महापात्रा के एक ट्वीट पर कमेंट करते हुए सिंगर नेहा भसीन ने अपनी आपबीती बताते हुए एक बार फिर अनु मलिक को गलत व्यवहार की वजह से आड़े हाथों लिया है।

सिंगर सोना महापात्रा ने एक ट्वीट कर कहा कि क्या हमारे देश को 'निर्भया' के स्तगर की ही कोई घटना चाहिए जागने के लिए...? इस ट्वीट पर अपनी आपबीती बताते हुए नेहा भसीन ने लिखा कि मैं तुमसे सहमत हूं। हम एक सेक्सिस्ट समाज में रहते हैं। अनु मलिक एक प्रीडेटर है, मैं खुद उसकी अजीब हरकतों से भागी थी, जब मैं सिर्फ 21 साल की थी। वह सोफे पर लेटा था और स्टूडियो में मेरी आंखों के बारे में बात कर रहा था, और मैं अपने आप को उस अटपटी स्थिति में नहीं जाने देना चाहती थी इसलिए वहां से झूठ बोलकर भागी कि मेरी मां नीचे इंतजार कर रही हैं। उसके बाद उसने मुझे मैसेज और कॉल भी किया जिसका मैंने जवाब देना बंद कर दिया। ये वह समय था जब मैं उसे अपनी सीडी देने गई थी ताकि वह मेरी आवाज सुनकर मुझे गाने का चांस दे। वह काफी बड़े थे और उन्हें ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए था, जैसा उन्होंने किया।

### समाज को लड़कियों के लिए बताया असुरक्षित

नेहा भसीन ने आगे लिखा कि परिवार से दूर रह रही लड़कियों के लिए ये इंडस्ट्री और दुनिया एक सुरक्षित जगह नहीं है। 'ऐसे छिछोरे इंडस्ट्री के अंदर और बाहर मौजूद हैं और हम इन्हें क्यों माफ कर देते हैं।' इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शन आने शुरू हो गए हैं।

### अनु मलिक के खिलाफ लिया जाए एक्शन

समाज पर सवाल उठाते हुए नेहा ने ट्वीट किया कि क्या हमें एहसास है कि उन्हें हमारी गरिमा के साथ खिलवाड़ करने की ताकत यही देता है, हम महिलाओं को घर में छिपने के लिए मजबूर करता है। मुझे कई बार छिपना पड़ा ताकि ऐसी स्थिति में खुद को न पाऊं। यह किस तरह से ठीक है? एक ऐसे शख्स जिसने गलत किया है, वह आजाद और खुला घूम सकता है और हम महिलाओं को डर के साथ छिपना पड़ता है। नेहा भसीन के कई ट्वीट्स के बाद सोना मोहापात्रा ने सोनी पिक्चर्स को टैग करते हुए अनु मलिक के खिलाफ ऐक्शन लेने को कहा। बता दें, अनु मलिक इन दिनों इंडियन आइडल के तीन जजों में से एक हैं।

### एससीओ बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ताशकंद में शुक्रवार से शुरू होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों (सीएचजी) की परिषद की दो दिवसीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजनाथ सिंह 1-2 नवम्बर को ताशकंद में आयोजित होने वाली एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्ष 2017 में एससीओ में भारत के सदस्य बनने के बाद सीएचजी की यह तीसरी बैठक होगी। सीएचजी की पिछले दो बैठक 2017 में रूस के सोची और पिछले वर्ष ताजिकिस्तान के दुशान्बे में हुई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109